राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 21
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शनिवार 06 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ सपने भी दे जिसकें माध्यम से वो स्वयं का विकास करें

पेज 5 लखनऊ में शूटआउट : दो को गोली लगी, बिल्डर का सुसाइड, ऑटो ड्राइवर मर्डर में एक अरेस्ट

पेज 7 नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन का अमेरिका पर पलटवार, कई अहम बैठकों को किया रद्द

## कश्मीर में दो महीने बाद फिर टारगेट किलिंग

### पुलवामा के गदूरा में बिहार के मजदूरों पर ग्रेनेड अटैक; हमले में 1 की मौत, 2 घायल

**पुलवामा।** पुलवामा के गदूरा इलाके में आतंकियों ने मजदूरों पर ग्रेनेड फेंका। इस घटना में बिहार के रहने वाले एक मजदूर की मौत हो गई और दो घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। मरने वाले की पहचान बिहार के परसा के मोहम्मद मुमताज के रूप में हुई है। बिहार के रामपुर के पिता-पुत्र मोहम्मद आरिफ और मोहम्मद मजबूल घायल हैं। दोनों की हालत स्थिर है।



**टेंट हाउस में काम करते थे मजदूर**

आतंकियों ने जिन मजदूरों पर हमला किया वे गदूरा गांव में एक टेंट हाउस में काम करते थे। हमले के वक्त ये सभी सूती बिस्तर बनाने का काम कर रहे थे।

पिछले दो महीनों से घाटी में आतंकियों के एनकाउंटर होते रहे हैं, जिसके चलते टारगेट किलिंग की घटनाएं नहीं हुई थीं। गुरुवार रात हुए इस हमले से आतंकी एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं।

इससे पहले बुधवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के अलोचीबाग बांध इलाके में आतंकवादियों ने पुलिस की गाड़ी पर गोलीबारी की थी। हालांकि, इस हमले में किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ था।

**अप्रैल में भी मजदूर बने थे निशाना**

इससे पहले अप्रैल में आतंकियों ने पुलवामा जिले के लाजूरा में बिहार के दो लोगों पर गोलियां चलाई थीं। हमले में दोनों मजदूर घायल हुए थे। दोनों की पहचान चौतरवा थाना के सिकटौर गांव के 46 साल के जोखू चौधरी तथा पुत्र 23 साल के पत्लेश्वर चौधरी के रूप में हुई है।

## छपरा : जहरीली शराब से 11 की मौत, 35 की हालत गंभीर

### पूजा के बाद पी शराब...उल्टियां होने लगी तो मचा कोहराम



**इन 11 लोगों की हुई मौत**

- चन्दन महतो (28)
- धनिलाल महतो (55)
- चंदेश्वर महतो (60)
- विश्वनाथ महतो (65)
- लखन महतो (45 वर्ष)
- कामेश्वर महतो (40 वर्ष)
- कमल महतो (45)
- ओमनाथ महतो (28)
- चंदेश्वर महतो (60)
- राजनाथ महतो (45)
- शकलदीप महतो (50)

एजेंसी

छपरा। छपरा के एक गांव में पूजा के बाद लोगों ने छककर देशी शराब पी। पीने के बाद जब घर गए तो उन्हें उल्टियां होने लगी। आंख से कम दिखने लगा। एक के बाद एक शराब पीने वालों की तबीयत खराब हुई और पूरे गांव में कोहराम मच गया। अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है।

बुधवार रात से शुरू हुआ मौत का सिलसिला शुक्रवार को जारी रहा। तीन दिन में 11 लोगों के अलावा 35 लोगों की हालत गंभीर है। वहीं 15 लोग अपनी आंखों की रौशनी खो चुके हैं। सभी मृतक मकेर थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत स्थित भाथा नोनिया टोली के हैं। 11 में से 9 की मौत पटना मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में हुई है, जबकि 2 की मौत छपरा में हुई है। मृतक के परिवार वाले चीख-चीखकर कह रहे हैं कि शराब पीने से उनकी मौत हुई है। अस्पताल में भर्ती लोगों ने शराब से यह हालत होने की बात कह रहे हैं। पुलिस गांव पहुंचकर मामले कि जांच में जुट गई है।

**15 लोगों की आंख की रोशनी छीनी**

जहरीली शराब ने 15 लोगों की आंखों की रोशनी छीन ली है। जहरीली शराब पीने से मौत के बाद ग्रामीण सहित प्रशासनिक महकमा में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद भाथा गांव में जिलाधिकारी राजेश मीणा और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार पहुंच एक-एक बिन्दुओं पर गहराई से जांच कर रहे हैं।

**पूजा के बाद शराब पी, घर लौटने पर उल्टियां होने लगी**

अस्पताल में पीड़ितों ने बताया कि गांव में पूजा थी। पूजा के बाद देसी शराब मंगाई थी। ग्रामीणों के अनुसार, यह शराब प्रसाद के रूप में देवी को चढ़ाई गई थी। इसके बाद लोगों ने इसे पी थी। जिन 15 लोगों की आंख की रोशनी गई है वे चीख-चीखकर बोल रहे है कि हमें नहीं पता था कि जहरीली शराब पी रहे हैं। हर रोज पीते थे। मगर बीमार नहीं पड़े थे। पीने के बाद घर जाने के बाद उल्टियां होने लगी और आंख से कम दिखने लगा। सारण के डीएम और एसपी ने कहा- प्रथमदृष्टया स्पष्ट हो रहा है कि जहरीली शराब पीने से मौत हुई है।

**एक ही गांव के सभी**

घटना के संबंध में बताया जा रहा कि मकेर थाना क्षेत्र के भाथा नोनिया टोली के दर्जनों लोगों ने एक साथ बुधवार रात और गुरुवार सुबह देशी शराब पी थी। सभी लोगों की तबीयत बिगड़ गई। स्वास्थ्य विभाग कैंप लगाकर गांव के लोगों को इलाज किया। गंभीर हालत वाले मरीजों को इलाज छपरा सदर अस्पताल, पटना मेडिकल कॉलेज (पीएमसीएच) और निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 11 लोगों की मौत हो गई।

## कैदियों को रिहा करने पर विचार करे केंद्र, राज्य सरकार: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि देश की आजादी के 75वें जश्न के मौके पर 10 सालों से जेल बंद (खासकर कमजोर, आर्थिक व सामाजिक परिवेश से आने वाले) कैदियों को रिहा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को कुछ उपाय करने चाहिए।

न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश की पीठ ने एक मामले में स्वत- संज्ञान लेते हुए सलाह दिया कि 10 सालों से जेल में बंद कैदियों को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए, जबकि 14 वर्षों से जेल में बंद कैदियों की सजा में छूट पर



विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा यदि संभव हो तो सभी राज्य सरकारों के लिए एक समान छूट की नीति विकसित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा ऐसे मामले, जिनमें राज्य सरकारों को कुछ अभियुक्तों को जमानत देने में आपत्ति है (जिन्होंने जेल में 10 साल या उससे अधिक समय बिताया है), उन मामलों की अलग से जांच की जा सकती है।

शीर्ष अदालत ने कहा, हम आजादी के 75वां साल मना रहे हैं। राज्य सरकारों द्वारा कुछ कार्रवाई क्यों नहीं की जा सकती है, यह उस मुद्दे पर गौर करने का उपयुक्त समय है, जहां

कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण एक आरोपी लंबे समय से जेल में है।

शीर्ष अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज को इस मुद्दे पर चर्चा शुरू करने के साथ-साथ कुछ लीक से हटकर सोचने का सुझाव दिया और कैदियों के अच्छे व्यवहार को भी उनकी रिहाई के लिए एक शर्त के रूप में माना जाना चाहिए।

### प्रल्हाद जोशी ने राहुल को बताया 'नकली गांधी'

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नकली गांधी करार दिया। जोशी ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, राहुल गांधी महात्मा गांधी के वंशज नहीं हैं, वह नकली गांधी हैं। यह टिप्पणी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उन पर हमला इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वह बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और सांप्रदायिक विभाजन जैसे मुद्दों पर सवाल उठा रहे हैं। गांधी ने शुक्रवार सुबह कहा, वे गांधी परिवार पर हमला क्यों करते हैं?

## देश में कोरोना का खतरा फिर बढ़ा : 24 घंटे में 47 मरीजों की मौत

### 17,135 नए केस मिले; हरिद्वार जेल में 70 कैदी हुए पॉजिटिव

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में 17,135 मरीजों में कोरोना का लक्षण मिला है। वहीं 47 मरीजों की मौत हो गई है। महाराष्ट्र में कोरोना का सबसे ज्यादा 7 मरीजों की मौत हो गई है। राज्य में 1932 नए केस भी मिले है। इससे पहले सोमवार को कोरोना के 16,492 नए केस मिले हैं, जबकि 45 लोगों की मौत हुई थी।

दुनियाभर की बात करें, तो पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6 लाख से ज्यादा केस मिले हैं। इस दौरान 1,128 मरीजों की मौत भी हो गई। सबसे ज्यादा जापान में 1 लाख 95 हजार केस मिले हैं।

हरिद्वार जिला जेल में 70 कैदियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कुछ कैदियों की रिपोर्ट आना अभी बाकी है, ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है संख्या अभी बढ़ सकती है। पॉजिटिव पाए गए कैदियों को अलग-अलग बैरक में शिफ्ट कर दिया गया है।

**राजस्थान में कोरोना के 343 नए केस**

राजस्थान में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 343 केस आए हैं, हालांकि



किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। जयपुर में सबसे ज्यादा 109 केस मिले हैं।

राज्य में अब एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 2209 हो गई है। कोरोना के नए मरीजों की संख्या को देखते हुए हेल्थ मिनिस्टर परसादी लाल मीणा ने राज्य में सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

**दिल्ली में कोरोना से 5 की मौत**

दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 2,073 नये केस सामने आए और 5 मरीजों की मौत हो गई। राजधानी में पॉजिटिविटी रेट 11.64त्न रही। स्वास्थ्य विभाग बुलेटिन के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में यह लगातार तीसरा दिन है जब पॉजिटिविटी रेट 10 प्रतिशत से ऊपर रही है। इससे पहले 24 जनवरी को दिल्ली में संक्रमण दर 11.79 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

**मध्यप्रदेश में कोरोना के 226 नए केस**

मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 226 नए केस मिले हैं। इस दौरान एक भी मौत नहीं हुई है। राज्य में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 1480 पर पहुंच गई है।

राज्य में इंदौर, भोपाल और जबलपुर कोरोना हॉटस्पॉट बन रहे हैं। यहां एक्टिव मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है।

## आईबी ने दिल्ली पुलिस को किया अलर्ट

### 15 अगस्त को लश्कर-जैश रच रहे हमले की साजिश; पैराग्लाइडर और ड्रोन अटैक का प्लान



दिल्ली कमिश्नर संजय अरोड़ा ने 15 अगस्त को लेकर राजधानी की अलग-अलग जगहों का जायजा लिया है। लाल किले में भी जाकर निरीक्षण किया। यहां करीब 7000 हजार दिल्ली पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानो को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही 1000 सीसीटीवी कैमरे से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी।

एजेंसी

नई दिल्ली। इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 15 अगस्त को देखते हुए बुधवार अलर्ट जारी किया है। दिल्ली पुलिस को 10 पन्ने की रिपोर्ट सौंपी गई है, जिसमें स्वतंत्रता दिवस के दिन आतंकी हमला होने की आशंका जताई गई है।

आईबी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठन किसी हमले को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISIS ने दोनों आंतकी संगठनों के नेताओं को हमला करने के निर्देश दिए हैं।

आईबी का कहना है कि 15 अगस्त के दिन हमले के लिए आतकंवादी UAV यानी मानव रहित हवाई वाहन और पैराग्लाइडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसलिए BSF को अलर्ट रहने को कहा गया है। रिपोर्ट में दिल्ली की उन जगहों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कहा गया है, जहां सबसे ज्यादा रोहिंग्या रहते हैं। इसके अलावा दिल्ली पुलिस को कट्टरपंथी समूहों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## भारत के भाव की अभिव्यक्ति आकाशवाणी और दूरदर्शन ही कर सकते हैं : अमित शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दूरदर्शन और आकाशवाणी ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से समय-समय पर देश को झंझोड़ने, संस्कारित करने, भावनाओं को उद्वेलित करके उन्हें चैनलाइज़ करने और सृजनशक्ति के संग्रह का काम किया है।

शाह ने शुक्रवार को यहां दूरदर्शन के स्वराज: भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा सीरियल का शुभारंभ तथा स्पेशल स्क्रीनिंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि भारत के भाव की अभिव्यक्ति केवल और केवल आकाशवाणी और दूरदर्शन ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का अपने आप में ख़ास महत्व है क्योंकि देश अभी आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और ये अमृत महोत्सव हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम देश और दुनिया में आज़ादी और 75 सालों में देश की उपलब्धियों का गौरवगान कर रहे हैं। आज़ादी दिलाने में जाने-अनजाने लाखों लोगों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया, हम उन्हें भी याद कर रहे हैं।

## संसद का मॉनसून सत्र जल्दी स्थगित करने की योजना पर विचार कर रही सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद के मॉनसून सत्र में केवल तीन दिन बचे हैं। सरकारी प्रबंधकों ने सदन को 8 या 10 अगस्त को स्थगित करने के प्रस्ताव पर प्रमुख विपक्षी नेताओं से परामर्श करना शुरू कर दिया है। सत्र को जल्दी बंद करने पर अंतिम निर्णय होना बाकी है। 18 जुलाई से शुरू हुआ मॉनसून सत्र 12 अगस्त को समाप्त होने वाला था। लेकिन सरकार अब अगले सप्ताह मुहर्रम और रक्षा बंधन में दो छुट्टियों के मद्देनजर अपने विकल्पों की समीक्षा कर रही है। दो वरिष्ठ विपक्षी नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्तावों में से एक 8 अगस्त को प्रश्नकाल और शून्यकाल को छोड़ना और राज्यसभा के पहले आधे हिस्से को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू की विदाई के लिए समर्पित करना है। एक नेता ने कहा, राज्यसभा की कार्यवाही के दूसरे भाग का उपयोग कुछ विधेयकों को आगे बढ़ाने के लिए किया जाएगा।



एक गैर-कांग्रेसी विपक्षी नेता के अनुसार, अन्य प्रस्ताव 10 अगस्त को उपराष्ट्रपति के रूप में वेंकैया नायडू के कार्यकाल के अंतिम दिन पेश होना है। इसी दिन प्रश्नकाल और शून्यकाल दोनों है, ताकि हम कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे उठा सकें।

एक अन्य नेता ने कहा कि ऐसी भी संभावना है कि लोकसभा 8 अगस्त को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो सकता है जबकि, राज्यसभा 10 अगस्त तक चलेगी। मामले से अवगत भाजपा के नेताओं का कहना है कि सरकार ने सदन में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कड़ी मेहनत की और विपक्षी सदस्यों से कार्यवाही की अनुमति देने का आग्रह किया। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, सरकार उन मुद्दों को उठाने के लिए विपक्ष के पास पहुंची, जो वे बातचीत और चर्चा के माध्यम से चाहते थे, लेकिन विपक्ष व्यवधान और गड़बड़ी पर आमादा था।

नेता ने कहा कि विपक्ष मूल्य वृद्धि और मुद्रास्फीति पर बोलना चाहता है और सरकार के एक चर्चा के लिए सहमत होने के बावजूद, उन्होंने लगभग दो सप्ताह बर्बाद कर दिए।

**ड्रग्स** केमिस्ट्री पोस्ट ग्रेजुएट सोशल मीडिया के जरिए बेचता था ड्रग्स, रैकेट के 5 लोग अरेस्ट

## महाराष्ट्र के पालघर से 1400 करोड़ की ड्रग्स बरामद

मुंबई। महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स सेल, वर्ली यूनिट ने पालघर जिले के नालासोपारा में दवा बनाने वाली कंपनी पर छापेमारी की है। इस दौरान 1400 करोड़ रुपए कीमत की 700 किलो से ज्यादा मेफेड्रोन (ड्रग्स) जब्त की गई। मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 4 आरोपी मुंबई से जबकि एक व्यक्ति को नालासोपारा में पकड़ा गया।

सीसीपी दत्ता नालवाड़े ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 52 साल के मुख्य आरोपी के पास ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में पोस्ट-ग्रेजुएट की डिग्री है। उसने ड्रग्स बनाने के फॉर्मूले का ईजाद कर लिया था और खुद ही ड्रग्स बनाता था। ये



ड्रग्स हाई क्वालिटी की होती थी। आरोपी 25 किलो से कम नशीली दवा नहीं बेचता था। ड्रग्स की सप्लाई के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते थे।

**पिछले कुछ महीने की सबसे बड़ी खेप बरामद**

एक अफसर ने बताया कि हमे यूनिट में प्रतिबंधित दवा की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी की गई। उस दौरान वहां प्रतिबंधित दवा मेफेड्रोन बनाए जाने की बात सामने आई।

अफसर के मुताबिक, यह हाल के दिनों में मादक पदार्थों की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक है। मेफेड्रोन को 'म्याऊ म्याऊ' या एमडी भी कहा जाता है। यह राष्ट्रीय नार्कोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांसेस ऐक्ट के तहत प्रतिबंधित है।

**नवी मुंबई में 362 करोड़ की हिरोइन जब्त**

इससे पहले नवी मुंबई के क्राइम ब्रांच की टीम ने 15 जुलाई को करोड़ों रुपए की हेरोइन जब्त की थी। अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में इस हेरोइन की कीमत 362.5 करोड़ रुपए आंकी गई थी। ड्रग्स की खेप को लेकर एक कंटेनर दुबई से नवी मुंबई के न्हावाशेवा पोर्ट में लाया गया था। क्राइम ब्रांच को इस बात की गुप्त जानकारी मिल गई थी कि यह कंटेनर नवकार लॉजिस्टिक्स के पनवेल के पास आजिवली गांव का है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने यह खुलासा किया था कि जो हेरोइन की खेप बरामद हुई, वो एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट के नेटवर्क के सप्लाई चेन का एक हिस्सा है। इस पूरे रैकेट के नेटवर्क से न सिर्फ देश के कई इलाकों में लोग जुड़े हैं बल्कि यह रैकेट दुनिया के अन्य देशों में भी फैला हुआ है।

## रैंप वॉक करने वाले 5 पुलिसवालों का ट्रांसफर

### तमिलनाडु में ब्यूटी कॉन्टेस्ट में ड्यूटी लगी थी, एसआई के साथ महिला अफसर भी रैंप पर उतर गईं

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले में 5 पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर का आदेश दिया गया है। ड्यूटी के दौरान ब्यूटी कॉन्टेस्ट में रैंप वॉक करने की वजह से इनका तबादला किया गया है। मयिलादुथुराई के सेम्बनारकोविल में रविवार (31 जुलाई) को एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया था, जहां पांचों पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान एक एसआई और 4 पुलिसकर्मी रैंप वॉक करते दिखे। इनमें 3 महिला अफसर भी शामिल थीं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिस पर एक्शन लेते हुए गुरुवार को ट्रांसफर के आदेश जारी किए।



मयिलादुथुराई 2020 में नागपट्टिनम जिले अलग हुआ था। प्रशासनिक कारणों की वजह से नागपट्टिनम पुलिस अधीक्षक ने यह आदेश दिए हैं।

**दर्शकों की मांग पर हुआ रैंप वॉक**

बताया जा रहा है कि ब्यूटी कॉन्टेस्ट खत्म होने के बाद आयोजकों ने पुलिसकर्मियों से रैंप वॉक करने का आग्रह किया। इस दौरान वहां मौजूद दर्शकों ने भी यही मांग दोहराई, जिसे वे इनकार नहीं कर पाए।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई यूजर्स ने पुलिसकर्मियों की आलोचना की है। कई लोगों ने कहा कि ऑन ड्यूटी ऐसा करके उन्होंने वर्दी की गरिमा घटाई है। जबकि, कई यूजर्स रैंप वॉक की तारीफ भी कर रहे हैं।

नई दिल्ली
शनिवार 06 अगस्त 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### नेशनल हेराल्ड के सभी फैसले मोतीलाल वोरा के लेने के सबूत नहीं, ईडी के सूत्रों ने किया दावा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के करीबी सूत्रों ने कहा है कि पूछताछ के लिए बुलाए गए कांग्रेस नेताओं (सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत) में से किसी ने भी यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं दिया कि एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े सभी वित्तीय लेनदेन स्वर्गीय मोती लाल वोरा द्वारा नियंत्रित किए गए थे। मोती लाल वोरा कांग्रेस पार्टी के सबसे लंबे समय तक कोषाध्यक्ष रहे। उनका साल 2020 में निधन हो गया था। दरअसल, राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी से पूछताछ के दौरान कहा था कि एजेएल और यंग इंडिया लिमिटेड से जुड़े सभी वित्तीय लेन-देन मोती लाल वोरा ही देखा करते थे। ईडी सूत्रों का कहना है कि जब राहुल गांधी से वित्तीय पहलुओं के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी लेनदेन वोरा द्वारा किए जाते हैं। ईडी के सामने राहुल और सोनिया के अलावा कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन कुमार बंसल ने भी यही नाम लिया था लेकिन, ये सभी नेता बैठक से संबंधित दस्तावेज पेश करने में विफल रहे, अगर ऐसी कोई बैठक हुई।

### महिला ने 4 साल की बच्ची को चौथी मंजिल से फेंका, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

बेंगलुरु। बेंगलुरु से हत्यारी मां का एक खौफनाक वीडियो सामने आया है। एक मां अपनी चार साल की बच्ची को चौथी मंजिल के अपार्टमेंट की बालकनी से फेंकते दिख रही है। यह परेशान कर देने वाली घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। बेटी की हत्या के बाद महिला ने भी आत्महत्या की कोशिश की, लेकिन वह हिम्मत नहीं जुटा सकी। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि बच्ची को फेंकने के बाद, महिला रेलिंग पर चढ़ गई और कुछ सेकंड के लिए उसी पर खड़ी रही। तभी परिवार के परिवार के सदस्य बाहर निकलते हैं और उसे वापस खींच कर फर्श पर गिरा देते हैं। आरोपी महिला एक नॉन प्रैक्टिसिंग डेंटिस्ट है। पुलिस ने कहा कि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना गुरुवार की है। पुलिस ने बताया कि मामला उत्तरी बेंगलुरु के एसआर नगर के एक अपार्टमेंट की है। पुलिस ने बताया कि चार साल की बच्ची बहरी और गूंगी थी। इस वजह से, महिला उससे परेशान रहती थी। पति द्वारा पुलिस में मामला दर्ज कराने के बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भाजपा बदल देगी तिरंगा : मुफ्ती महबूबा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रिटक पार्टी(पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को यह कहकर नया विवाद खड़ा दिया कि आने वाले समय में केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) देश के तिरंगे को बदल देगी और संविधान को खत्म कर देगी। सुश्री महबूबा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाये जाने के तीन वर्ष के मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन करने के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें रैली नहीं निकालने दी। उन्होंने कहा, मैं देश के नागरिकों से कहना चाहती हूं कि आने वाले दिनों में भाजपा देश के संविधान को खत्म कर देगी। उन्होंने कहा, वे लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता पर आधारित संविधान को खत्म कर देंगे और इसे एक धार्मिक देश बना देंगे। वे इस तिरंगे को भी बदल देंगे जिसे आप बहुत गौरव के साथ फहराते हैं। अगर भारत आज नहीं जगा तो बहुत कुछ खो जायेगा। कुछ नहीं बचेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, वे उसी तरह से इस मुल्क के संविधान और तिरंगे को बदलेंगे जिस तरह से जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा छीना था। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने यह कसम खाई है कि जो उनसे पांच अगस्त 2019 को छीना गया था उसे वापस लेंगे।

### कर्नाटक में भारी बारिश के आसार

बेंगलुरु। कर्नाटक में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश तथा अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश के आसार को देखते हुए जनजीवन अस्त-व्यस्त रहने की आशंका है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आज और कल (शनिवार को) राज्य में भारी बारिश जारी रहेगी। राज्य में पिछले चार दिनों से हो रही बारिश से राज्य के लगभग सभी जलाशय भर गए हैं। नदी किनारे के गांवों और खेतों में पानी भर गया है। लेकिन आज जो लोग वरमहालक्ष्मी पर्व को उत्साह के साथ मना रहे हैं, वे भी बारिश की चपेट में आ जाएंगे। मौसम विभाग ने आज और कल पूरे राज्य में गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। तटीय इलाकों में और बारिश होगी और मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा, बेंगलुरु शहर, चामराजनगर, हासन, मांड्या, मैसूर, तुमकुर जिलों के लिए येलो अलर्ट और चिक्कमगलुरु और कोडागु जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट की घोषणा की गई है।

### धामी एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे रूद्रपुर

नैनीताल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को रूद्रपुर के निर्धारित एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। पंतनगर एयरपोर्ट पर पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. नीलेश आनंद भरणे, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत और एसएसपी टीसी मंजूनाथ ने तिरंगा भेंट कर उनका स्वागत किया। श्री धामी पंतनगर एयरपोर्ट से रूद्रपुर के लिये रवना हो गये हैं। वे यहां जवाहर नवोदय विद्यालय में दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। श्री धामी अपराह्न में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में वुर्चअली प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद देहरादून के लिये रवाना हो जायेंगे।

### हल्द्वानी में रजिस्ट्रार कानूनगो दस हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार


नैनीताल। उत्तराखंड सतर्कता (विजिलेंस) विभाग की टीम ने हल्द्वानी में रजिस्ट्रार कानूनगो को शुक्रवार को दस हजार रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम आरोपी को अपने साथ ले गयी है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विजिलेंस प्रह्लाद मीणा ने बताया कि हल्द्वानी तहसील में तैनात रजिस्ट्रार कानूनगो बनवारी लाल पर आरोप है कि उसने जमीन के दाखिल खारिज के नाम पर शिकायतकर्ता से दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता की ओर से भ्रष्टाचार निरोधी एप 1064 पर शिकायत की। इसके बाद विजिलेंस विभाग सतर्क हो गया। एसपी विजिलेंस के निर्देश पर आरोपी को पकड़ने के लिये एक टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी को आज हल्द्वानी तहसील में 10 हजार रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम आरोपी को अपने साथ ले गयी है। इस घटना के बाद तहसील में हड़कंप मच गया है।

### लुधियाना पुलिस आयुक्त कार्यालय के समक्ष शिव सेना और एजेंट के समर्थक भिड़े, लाठीचार्ज

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना के पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब ट्रैवल एजेंट पर केस दर्ज़ करवाने की मांग को लेकर पहुंचे शिव सैनिकों से भिड़े एजेंट के समर्थक आपस में भिड़ गए। स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि ट्रैवल एजेंट नीतीश घई पर 100 से अधिक केस दर्ज हैं और इस समय वह जेल में हैं। शिव सैनिक ट्रैवल एजेंट पर केस दर्ज करने की मांग कर रहे हैं, जबकि एजेंट के समर्थक शिव सेना नेता राजीव टण्डन पर पैसे मांगने के आरोप लगा रहे हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध नारेबाजी की और पुलिस को बल प्रयोग करके शिव सैनिकों और उनके समर्थकों को हटाना पड़ा। शिव सेना पंजाब के प्रधान राजीव टंडन ने आरोप लगाया कि ट्रैवल एजेंट नीतीश घई द्वारा लोगों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए का चूना लगाया गया है, जिसके विरुद्ध केस करवाने के लिए पीड़ित परिवारों के साथ वह यहां पहुंचे हैं। दूसरी पार्टी द्वारा उन पर लगाए जा रहे पैसे मांगने के आरोपों को टंडन ने सिरे से खारिज किया। एक पीड़ित महिला ने बताया कि ट्रैवल एजेंट ने उन्हें कनाडा भेजने के लिए पैसे लिए और न तो कनाडा भेजा और न ही पैसे वापस किए।

# 2024 तक बनेंगे 26 ग्रीन एक्सप्रेस-वे

## दिल्ली से जयपुर का सफर 2 घंटे में और मुंबई तक 12 घंटे में पूरा होगा



एजेंसी

नई दिल्ली। 2024 खत्म होने से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे बनाए जाएंगे। इन पर 125-130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफर पूरा होगा। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में यह बात कही।

उन्होंने दावा किया कि 2024 खत्म होने से पहले तक देश का रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर अमेरिका की टक्कर का होगा।

#### गडकरी ने कहा- हमारे पास फंड की कमी नहीं

नितिन गडकरी ने कहा, 'इस समय नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत है। मैं सदन में ऑन-रिकॉर्ड यह बात कह रहा हूं कि मैं हर साल 5 लाख करोड़ रुपए की सड़क बना सकता हूं। हमारे पास पैसे की कमी नहीं है। संसद में किसी भी पार्टी के सांसद से पूछिए, जिसने भी मुझसे सड़क बनवाने के लिए पैसा मांगा है, मैंने उसे पैसा सैंक्शन किया है। मैंने किसी पार्टी के सांसद को मना नहीं किया।'

उन्होंने कहा, 'NHAI को 'ए' रेटिंग मिली हुई है। हाल ही में दो बैंकों के चेयरमैन मेरे पास आए और उन दोनों ने मुझे 25-25 हजार करोड़ रुपए लोन देने का प्रस्ताव रखा। मुझे सिर्फ 6.45 प्रतिशत की ब्याज दर पर यह पैसा मिला है। इसलिए NHAI के पास सड़कें बनवाने के लिए भरपूर पैसा है।

#### बदलेंगी वाहनों की नंबर-प्लेट

गडकरी ने कहा कि फिलहाल टोल कलेक्ट करने के लिए हमारे पास एक सिस्टम मौजूद है, लेकिन हम दो विकल्पों पर काम कर रहे हैं। पहला है सैटलाइट आधारित टोल-सिस्टम जिसमें कार में GPS लगा होगा और उसमें से खुद ही टोल कट जाएगा। दूसरा सिस्टम है- नंबर प्लेट में बदलाव करना। 2019 से ही हमने नए तरीके की नंबर प्लेट बनाने की तकनीक पर काम करना शुरू कर दिया है। अब मैन्युफैक्चरर के लिए यह नंबर-प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। पुरानी नंबर-प्लेट्स को नई नंबर प्लेट्स से बदला जाएगा। नई नंबर-प्लेट से एक सॉफ्टवेयर जुड़ा होगा, जिससे टोल कट जाया करेगा।

# जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद किसी नागरिक की मौत नहीं



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि पांच अगस्त-2019 को अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था की किसी स्थिति में एक भी नागरिक की जान नहीं गयी है। पुलिस ने पांच अगस्त- 2019 से तीन साल पहले और तीन साल बाद हुई हिंसा के तुलनात्मक आंकड़ों का विवरण देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के तीन साल बाद कानून व्यवस्था की 438 घटनाएं हुई, जबकि इससे तीन साल पूर्व तक इन घटनाओं की संख्या 3686 थी।पुलिस ने दावा किया कि जम्मू कश्मीर की स्वायत्तता खत्म होने के बाद पिछले तीन साल के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति में किसी भी नागरिक की मौत नहीं हुई है, जबकि अनुच्छेद 370 की समाप्ति से तीन वर्ष पहले की अवधि में 124 नागरिक मारे गए थे। उन्होंने बताया कि इसी तरह कानून-व्यवस्था की घटनाओं में इस दौरान किसी पुलिसकर्मी की मौत नहीं हुई है। वहीं पांच अगस्त- 2019 से पहले छह पुलिसकर्मी शहीद हुए थे। इसी अवधि के तीन साल बाद 617 आतंकवादी घटनाएं हुई जबकि इससे पहले के तीन वर्षों में 930 घटनाएं दर्ज की गयी थी।अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के तीन साल पूर्व तक 290 सुरक्षाकर्मी (पुलिसकर्मियों सहित) और 191 नागरिक मारे गये जबकि इसके बाद के तीन वर्षों में मारे गये सुरक्षा बलों की संख्या 174 और नागरिकों की संख्या 110 थी।

# एनआईए ने श्रीलंकाई ड्रग तस्कर से जुड़े व्यक्ति के घर छापा मारा

चेन्नई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार को तमिलनाडु के बाहरी इलाके केलमबक्कम में एक घर पर छापेमारी की।

सुबह से ही छापेमारी की जा रही है। तमिलनाडु के तिरुचि विशेष शिविर सहित 22 ठिकानों पर 20 जुलाई को ली गयी तलाशी के बाद यह कार्रवाई की गयी। एनआईए सूत्रों ने कहा कि शिविर में बंद श्रीलंकाई ड्रग माफियाओं के एक घर की तलाशी ली जा रही है। एनआईए की एक विज्ञप्ति के अनुसार पहले की तलाशी के दौरान उनकी टीम ने एक लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरणों के साथ 60 से अधिक मोबाइल फोन और 50 से अधिक सिम कार्ड जब्त किए।

एनआईए ने सी गुनाशेखरन उर्फ गुना और पुष्पराज उर्फ पुकुट्टी कन्ना पाकिस्तान स्थित ड्रग और हथियार आपूर्तिकर्ता हाजी सलीम के सहयोग द्वारा संचालित श्रीलंकाई ड्रग माफिया की अवैध गतिविधियों के मामले में 20 जुलाई को तमिलनाडु के चेन्नई, तिरुपुर, चेंगलपट्टू और तिरुचि जिलों में आरोपियों और संदिग्धों के 22 परिसरों की तलाशी ली।

# पुलिस ने ग्रेनेड हमले के लिए लश्कर को जिम्मेदार ठहराया

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को ग्रेनेड हमले के लिए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें एक गैर स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने प्रदेश को विशेष अधिकार दिये जाने से संबंधित अनुच्छेद 370 को हटाना घाटी के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि करार दिया। उन्होंने दावा किया कि अनुच्छेद 370 हटाने की तीसरी बरसी पर सभी बाजार और दुकानें खुली रहीं।



कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, लश्कर-ए-तैयबा के बाइक सवार दो आतंकवादियों ने पुलवामा में गैर स्थानीय रजाई बुनकरों पर ग्रेनेड हमले को अंजाम दिया। हमने हमले में शामिल लोगों की पहचान कर ली है। उन्हें जल्द ही या तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा या मार दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 'हाइब्रिड' आतंकवाद अब कोई चुनौती नहीं है। उन्होंने कहा, एक साल पहले, (हाइब्रिड) आतंकवाद को चुनौती दी गई थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। हम उन्हें जल्द से जल्द पहचान लेते हैं और उन्हें गिरफ्तार या निष्क्रिय कर देते हैं।

कुमार ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से बार-बार होने वाली हड़तालों, स्कूलों और कॉलेजों को बंद करने पर विराम लग गया है। उन्होंने कहा, आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में हजारों लोग शामिल होते थे। वह भी रुक गया है। आतंकियों का महिमामंडन भी खत्म हो गया है। मुठभेड़ स्थलों के पास पथराव हुआ करता था जिसमें अतिरिक्त क्षति होती थी। यह सब समाप्त हो गया है।

श्री कुमार ने कहा, लोगों को पाकिस्तान के इरादों को समझना चाहिए और यहां शांति सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन की मदद करनी चाहिए। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की तीसरी वर्षगांठ पर बाजार खुले हैं। उन्होंने कहा, यह जनता के लिए एक उपलब्धि है।

गौरतलब है कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटा दी थी और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित कर दिया था।

# सीबीआई ने मुख्य इंजीनियर, तीन अन्य को किया गिरफ्तार

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओड़िसा में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर और इसमें शामिल दलाल सहित तीन लोगों को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार कर 84.5 लाख रुपये बरामद किए हैं।

सीबीआई के सूत्रों ने यहां शुक्रवार को कहा कि मामला पारादीप पोर्ट ट्रस्ट (ओड़िसा) के मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर और अन्य निजी व्यक्तियों, एक निजी कम्पनी और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

ट्रस्ट के मुख्य इंजीनियर पर आरोप है कि वह तटीय सेवा और गतिविधियों लगे विभिन्न निजी हितधारकों को अनुचित लाभ देने के लिए अपने करीबी लोगों के माध्यम से रिश्वत मांगने और एवं स्वीकार करने का आदी था। सूत्रों ने बताया कि मुख्य इंजीनियर पर आरोप है कि उसने सामान को उतारने के दौरान कटक में एक निजी कम्पनी पारादीप बंदरगाह में संचालित बेल्ट को क्षतिग्रस्त कर दिया। कन्वेयर बेल्ट की मरम्मत या बदलने की लागत बहुत अधिक थी तो मुख्य इंजीनियर ने निजी कंपनी, बिचौलिए और निदेशक के साथ साजिश कर पोर्ट ट्रस्ट की कीमत पर इसकी मरम्मत कराई, जिससे निजी कंपनी को भारी आर्थिक लाभ हुआ।

सीबीआई ने तलाशी के दौरान मुख्य इंजीनियर के आवास से लगभग 20.25 लाख रुपये, आभूषण, निवेश से संबंधित दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। आरोपी के परिसरों में पारादीप, कटक, जगतसिंहपुर और भुवनेश्वर सहित 15 स्थानों पर भी तलाशी ली गई। सीबीआई सूत्रों ने कहा कि निजी कंपनी के निदेशक के परिसर से लगभग 41 लाख रुपये बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### गांधी परिवार की है विचारधारा की लड़ाई इसलिए होते है हमले

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि गांधी परिवार देश की एकता, सामाजिक सौहार्द एवं आम नागरिकों के हितों की बात कर विचारधारा की लड़ाई लड़ता है इसलिए परिवार विरोधियों के निशाने पर रहता है। गांधी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित विशेष संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि उनके परिवार ने देश के लिए बलिदान दिया है और देश की खुशहाली तथा एकता के लिए हमेशा लड़ता रहा है इसलिए परिवार पर हमला किया जाता है। उन्होंने कहा, गांधी परिवार विचारधारा की लड़ाई लड़ता है। सामाजिक सौहार्द के लिए सालों से लड़ता आ रहा है। मेरे परिवार ने देश की खुशहाली के लिए कुर्बानी दी है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश की एकता के लिए लड़े।

# लोगों के सहयोग से ही सुरक्षित बनाया जा सकता है पर्यावरण : कौर

अमृतसर। पर्यावरण को बचाने के लिए जहां पंजाब सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर सख्ती कर रही है, वहीं शहीद-ए-आजम भगत सिंह हरियाली योजना के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में 50-50 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं।

विधायक जीवन जोत कौर ने शुक्रवार को बटाला रोड़ पर स्थित संत सिंह सुखा सिंह मॉडर्न स्कूल में पंजाब सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के बारे में आम जनता को शिक्षित करने के लिए आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों के सहयोग से ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग हमारे पर्यावरण को प्रदूषित करने का सबसे बड़ा कारण है। इसलिए जिले को प्लास्टिक मुक्त, हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए सभी नागरिकों को हमारा साथ देना चाहिए ताकि पंजाब को फिर से रंगीन पंजाब बनाया जा सके।

स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए श्रीमती जीवन जोत कौर ने कहा कि उनके सहयोग से ही सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान को सफलतापूर्वक चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देना चाहते हैं तो यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने पर्यावरण को हरा-भरा बनाएं।

जिला उपायुक्त हरप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि सरकार ने एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक सामान बनाने वाली फैक्ट्रियों, थोक विक्रेताओं और आम जनता को जागरुक करने के लिए प्रदूषण विभाग की ओर से अभियान चलाया गया है।

### पेंशन कटने से आक्रोशित बुजुर्गों ने इनेलो की अगुवाई में किया प्रदर्शन

सिरसा। हरियाणा में पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की ओर से बुजुर्गों के सम्मान के लिए जारी की गई सम्मान भत्ता पेंशन को बुजुर्गों की परिवार पहचान पत्र की आय से जोड़कर काटने को लेकर शुक्रवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के बैनर तले सैकड़ों बुजुर्गों ने मौजूदा सरकार के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इन बुजुर्गों के सम्मान में उतरी इनेलो की ओर से उपजिलाधिकारी सिरसा जयवीर यादव के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर ऐसे तमाम बुजुर्गों की पेंशन अविलंब जारी करने और जब से उनकी पेंशन बंद की गई, वह भी पात्रों को देने की मांग की गई। इससे पूर्व इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला के नेतृत्व में आज सुबह जिलाभर से अनेक बुजुर्ग अपनी पेंशन कटने से मौजूदा सरकार से नाराज होकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष करीवाला ने कहा कि पूर्व उप-प्रधानमंत्री देवीलाल ने वर्ष 1987 में बुजुर्गों के सम्मान में पेंशन सम्मान निधि आरंभ की थी मगर मौजूदा गठबंधन सरकार ने बुजुर्गों की परिवार पहचान पत्र में दर्ज अन्य स्त्रोतों से आय को आधार बनाकर उनकी सम्मान भत्ता पेंशन काट दी जिससे बुजुर्गों का अपमान हुआ है और इसी सम्मान को बहाल करवाने के लिए आज पूरे हरियाणा में इनेलो के बैनर तले बुजुर्ग अपनी सम्मान भत्ता पेंशन वापिस बहाल करने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की गलत कार्यप्रणाली से अब यह पेंशन सम्मान पेंशन न होकर अपमान पेंशन बन गई है। पेंशन रोकने से बुजुर्गों में सरकार के प्रति काफी आक्रोश है और पिछले तीन वर्षों से पेंशन बंद किए जाने का सिलसिला अब भी जारी है।

### मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति के साथ फोन पर की बात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर से फोन पर बातचीत की और उन्हें फिलीपींस के 17वें राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों की समीक्षा की और हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच सहयोग में तीव्र प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। मोदी ने भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी (पूर्व के देशों के साथ काम करने की नीति) और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के बारे में भारत की सोच की दिशा में फिलीपींस द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका के महत्व को दोहराया।उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को और विस्तार देने की इच्छा व्यक्त की।

# किसानों के अधिकारों के लिए आखिरी सांस तक लड़ता रहूंगा : राघव चड्ढा

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राघव चड्ढा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी विधेयक, 2022 को लागू करने के लिए शुक्रवार को राज्य सभा में निजी सदस्य विधेयक पेश किया।

चड्ढा ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा कि किसान काफी लंबे समय से एमएसपी को कानूनी गारंटी बनाने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर वे दिल्ली के बॉर्डर पर तकरीबन एक साल तक आंदोलनरत भी रहे थे। आंदोलनकारी किसानों को भाजपा की केंद्र सरकार ने उनकी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का वादा किया था, लेकिन अब, केंद्र सरकार ऐसा न कर किसानों के साथ सरासर धोखा कर रही है।



उन्होंने कहा, मैं पंजाब के किसानों का प्रतिनिधित्व करता हूं और संसद में हमेशा जोर-शोर से उनकी आवाज उठाता रहूंगा। मैंने राज्य सभा में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जो सरकार को इस मुद्दे पर बहस करने के लिए मजबूर करेगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक किसानों के अधिकारों के लिए लड़ता रहूंगा।

श्री चड्ढा ने कहा कि केंद्र सरकार को एमएसपी की समिति में पंजाब के विशेषज्ञों और किसानों को शामिल करना चाहिए, क्योंकि पिछली सरकारों द्वारा गठित समितियों में शामिल किये गये विशेषज्ञों और किसान संगठनों ने सिफारिश की थी कि एमएसपी निर्धारित करने के लिए गणना और प्रक्रिया को संशोधित और सुधार की आवश्यकता है।

उन्होंने एम.एस. स्वामीनाथन की सिफारिशों का हवाला देते हुए कहा कि इसे संशोधित करने की आवश्यकता है। आप संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में वह किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा संसद में हमेशा पंजाब के किसान और आम जनता के मुद्दे उठाते रहेंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह और उल्लास के साथ भाग लें पंचायत प्रतिनिधि

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए अपने दायित्व का निर्वहन जन-अपेक्षाओं के अनुरूप करने के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दी।

चौहान ने कहा कि नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ें, राज्य सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को आजादी के अमृत महोत्सव में उत्साहपूर्वक सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश ने संघर्ष, त्याग, तपस्या और बलिदान से आजादी पायी है। इस काल को उत्सव के रूप में मनाना प्रत्येक प्रदेशवासी का कर्त्तव्य है। हम सब हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ कर आनंद और उत्साह से आजादी का पर्व मनाएँ।

चौहान पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से निवास कार्यालय से संबोधित कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार, प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश की सभी पंचायतों ने कार्यक्रम में वर्चुअली सहभागिता की।

चौहान ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता उत्पन्न कर देश-भक्ति की भावना जागृत करने का अभियान है।

पूरे देश में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाएगा। हम सब 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक स्थलों पर तिरंगा अवश्य फहराएँ। यह भारत माता के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और समर्पण का प्रकटीकरण है। यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय ध्वज स्वयं क्रय कर लगाएँ। प्रदेश में महिलाओं के स्व-सहायता समूह और सहकारी समितियाँ राष्ट्रीय ध्वज निर्माण में लगी हैं।

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार द्वारा दिन के साथ रात में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। चौहान ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने सम्पूर्ण प्रदेश में व्यापक स्तर पर वातावरण निर्माण की गतिविधियाँ जारी हैं।

# हरियाणा की जेलों में बनाए जा रहे हैं तिरंगे झंडे : बिजली मंत्री

सिरसा। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने गुरूवार को कहा कि राज्य में सिरसा, हिसार और रोहतक की जेलों में हर घर तिरंगा अभियान के लिए कैदियों द्वारा तिरंगे झंडे बनाए जा रहे है।

सिंह ने आज यहां जनता की समस्या सुनने बाद पत्रकारों के साथ बातचीत कहा कि राज्य में 13 से 15 अगस्त के बीच में हर घर तिरंगा अभियान के तहत करीब 60 लाख तिरंगे झंडे फहराए जाएंगे। सिरसा, हिसार और रोहतक जेल के कैदियों को क्रमश- 25-25 हजार तिरंगे झंडे बनाने का ऑर्डर दिया गया है। उन्होंने कहा कि झंडों का आकार 20 बाई 30 का होगा और यह कार्य नो प्रॉफिट-नो लॉस के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य की जेलों में कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बेकरी, मिठाई बनाने, फर्निचर बनाने का काम भी सिखाया जा रहा है ताकि वे बाहर आकर अपनी अजीविका कमा सके।

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली का 'तीसरा दीक्षांत समारोह'आज



नई दिल्ली। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली का 'तीसरा दीक्षांत समारोह' शनिवार, 6 अगस्त, 2022 को विज्ञान भवन स्थित सभागार में प्रात: 10.00 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री, माननीय श्री. धर्मेंद्र प्रधान जी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शिक्षा राज्य मंत्री, माननीय श्री सुभाष सरकार, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। दीक्षांत समारोह भौतिक रूप (फिजिकल मोड) में आयोजित किया जा रहा है जिसमें कोविड-19 प्रोटोकॉल के सभी नियमों का अनुपालन किया जाएगा। तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान, एनआईटी दिल्ली 793 छात्रों को डिग्री प्रदान करेगा, जिसमे स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के छात्र शामिल हैं। संस्थान असाधारण अकादमिक रिकॉर्ड वाले स्नातक छात्रों को राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, निदेशक स्वर्ण पदक और संस्थान रजत पदक प्रदान करेगा। प्रशंसित सुपर-30 कार्यक्रम के संस्थापक श्री आनंद कुमार को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार शर्मा संबोधित करेंगे। 6 अगस्त, 2022 को दीक्षांत समारोह को लेकर संस्थान में सभी लोग उत्साहित है। एनआईटी दिल्ली के निदेशक ने कहा, हम एक शानदार आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं और दीक्षांत समारोह के लिए सभी आवश्यक तैयारी कर ली है।

### आदेश गुप्ता के नेतृत्व में आज युवा मोर्चा निकालेगी 75 किलोमीटर लंबी बाइक रैली

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के नेतृत्व में आज प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत बाइक रैली निकाली जाएगी। प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री वासु रुखड़ ने बताया कि बाइक रैली में मुख्य रुप से केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा, नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद श्री मनोज तिवारी, श्री प्रवेश साहिब सिंह, श्री रमेश बिधूड़ी, श्री गौतम गंभीर, सांसद एवं युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजू बिष्टा, राष्ट्रीय युवा मोर्चा महामंत्री श्री वैभव सिंह, प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी श्री विष्णु मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। वासु रुखड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत युवा मोर्चा आज बाइक रैली निकालेगी जो प्रदेश भाजपा कार्यालय से होते हुए धौला कुंआ, एनएसपी, आज़ादपुर, आईटीओ से होते हुए इंडिया गेट पर खत्म होगी। उन्होंने बताया कि 75 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह बाइक रैली इंडिया गेट के पास खत्म होने के उपरांत 75 मीटर लंबा तिरंगा फहराया जाएगा।

### पैसिफिक मॉल एनएसपी में मनाया जा रहा है 'फ्रेंड्स रीयूनियन' सप्ताह

नई दिल्ली। पैसिफिक मॉल एनएसपी में फ्रेंडशिप-डे के उपलक्ष्य में फ्रेंड्स रीयूनियन नाम से आयोजित कार्यक्रम को लेकर युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। फ्रेंडशिप को समर्पित है इस कार्यक्रम में अलग-अलग आयु वर्ग के लोग हिस्सा अपने-अपने दोस्तों के साथ हिस्सा ले रहे हैं और एक यादगार पल बिता रहे हैं। पैसिफिक मॉल एनएसपी में प्रदर्शित सबसे लोकप्रिय ग्रैफिटी कला में से एक है जो नेटफ्लिक्स की प्रसिद्ध वेब सीरीज फ्रेंड्स ग्रैफिटी आर्ट है, जिसे दिल्ली स्ट्रीट आर्ट द्वारा बनाया गया है। यहाँ मशहूर फ्रेंड्स का सोफा सेटअप भी लगाया गया है ताकि शो की तरह ही दोस्तों के ग्रुप को क्लिक किया जा सके। पैसिफिक ग्रुप के कार्यकारी निदेशक श्री अभिषेक बंसल ने कहा, फ्रेंडशिप-डे सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है और इसे यादगार बनाने के लिए पैसिफिक मॉल एनएसपी ने रोमांचक ऑफर दिए हैं ताकि दोस्तों के समूह एक साथ मिल सकें और अपनी दोस्ती की यादगार बना सकें। कॉलेज जाने वाले छात्र, कार्यालय जाने वाले, किशोर और यहां तक कि पुराने दोस्त भी इस कार्यक्रम में इकट्ठा हो रहे हैं और मज़ेदार सेट-अप, ग्रैफिटी और डिस्काउंट ऑफ़र का आनंद ले रहे हैं। मैं सभी को मित्रता दिवस की सुभकामनाएँ देता हूँ।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की

नोएडा। सेक्टर-115 में युवक ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सेक्टर-115 में 34 वर्षीय राजीव कुमार परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने मानसिक तनाव के चलते एक अगस्त को जहरीला पदार्थ निगल लिया था। उनकी हालत खराब होने पर परिजनों को मामले का पता चला। इसके बाद उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर चार अगस्त की रात को उपचार के दौरान राजीव की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को ट्रक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत

ग्रेटर नोएडा। के बिसरख थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले बीएस रत्नाकर (68) को ट्रक ने टक्कर मार दी। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे की है। बिसरख थाना क्षेत्र के फ्रेंच अपार्टमेंट में रहने वाले बीएस रत्नाकर मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसके बाद लोगों ने उन्हें घायल अवस्था में यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### युवती को नहाते हुए कैमरे में कैद कर रहा था, इस गलती से चली गई लड़के की जान

नोएडा। नोएडा फेज दो थाना क्षेत्र के इलाबास गांव में युवती का नहाते हुए वीडियो बनाने पर पिटाई से आहत होकर युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं शिकायत पर पुलिस ने युवती के पिता और मकान मालिक को हिरासत में ले लिया है। बृहस्पतिवार को शाहजहांपुर निवासी सुमित (21) ने युवती का नहाते हुए वीडियो बना लिया था। युवती ने जब देखा तो शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे युवती के पिता ने सुमित के साथ मारपीट की और उसके साथी अंकित, सुजीत और विनय को एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि मकान मालिक ने युवती के पिता के साथ मिलकर सुमित के साथ मारपीट की और उसे भी कमरे में बंद कर दिया। देर शाम पड़ोसी अवनीश शुक्ला निवासी हरदोई के आने पर ताला खोला गया तो सुमित फंदे पर लटका मिला।

### हत्या के आरोप में एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम भोलाराम है। आरोपी उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के गांव बलव का रहने वाला है। वर्तमान में फरीदाबाद की खेड़ी पुल के क्षेत्र में रहता है। आरोपी अवैध शराब बेचने का काम करता है। आरोपी ने वर्ष 2021 में शराब के धंधे को लेकर विक्की को अपने साथियों के साथ मिलकर पीटा था, जिसमें विक्की की मौत हो गई थी। क्राइम ब्रांच टीम ने नौ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी और मृतक विक्की दोनों शराब बेचने का काम करते थे। आपसी मतभेद के कारण दोनों में झगड़ा हो गया था।

# युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ सपने भी दे जिसकें माध्यम से वो स्वयं का विकास करें

## डीएसईयू लाइटहाउस ने निम्न-आय वर्ग के युवाओ को स्किल देने के साथ-साथ उनके सपनों को पूरा करने में भी कर रहा है मदद : मनीष सिसोदिया

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री श्री मनीष सिसोदिया गुरुवार को नज फाउंडेशन द्वारा इंडियन हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'चर्चा-लाइवलीहुड समिट- 2022' में बतौर मुख्यवक्ता शामिल हुए और 'आकांक्षात्मक रोजगार तथा रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने वाली नए दौर की शिक्षा प्रणाली' विषय पर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एक देश जहाँ स्किल पर तो फोकस किया जाए लेकिन उसके पीछे कोई सपना न हो तो वो देश और वहां का युवा कभी तरक्की नहीं कर सकता है । इसलिए सभी सरकारों और शैक्षिक संस्थाओं को प्रतिबद्धता के साथ ये सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अपने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ सपने भी दे जिसकें माध्यम से वो स्वयं का विकास तो करें ही साथ ही देश की तरक्की में भी भागीदार बनें। श्री सिसोदिया ने यहां दिल्ली स्किल एंड एंत्रेप्रेनोरशिप यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू किए गए 'डीएसईयू लाइटहाउस' के स्टूडेंट्स से बात कर लाइटहाउस में उनके द्वारा किए गए कोर्स के अनुभवों को जाना। कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में दिल्ली विधानसभा के एजुकेशन स्टैंडिंग कमिटी की चेयरपर्सन व कालकाजी की विधायक आतिशी ने भी भाग लिया।

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में



लगभग 44 लाख बच्चे पढ़ते है। और जब उनसे भविष्य के विषय में या उनके सपनों के विषय में पूछा जाता है तो ज़्यादातर बच्चों के पास कोई स्पष्ट जबाव नहीं होता है। सरकार में बैठे लोगों के पास भी इनके लिए कोई सपना हैं है, सरकारों के पास इंस्पिरेशन नहीं है कि वो देश के नौजवानों को कहा खड़ा देखना चाहते है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार में बैठे लोगों के पास ही अपने समाज व देश के लिए कोई सपना नहीं होगा तो वो शैक्षिक संस्थाओं के माध्यम से बच्चों को क्या सपना दिखा पाएंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर साल दिल्ली के स्कूलों से लगभग 2.5 लाख बच्चे केवल इस एस्पिरेशन के साथ निकलते है कि उन्हें एक अच्छी नौकरी मिल सकें। अगर ये बच्चे हर साल केवल नौकरी ढूंढने के लिए ही निकलेंगे तो नौकरी देने वाला कौन बनेगा।

इसका जबाव न सरकारों के पास है और न ही किसी शैक्षिक संस्थान के पास। इस सवाल के जबाव के रूप में हमने दिल्ली सरकार के स्कूलों में 'एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम' की शुरुआत की। जहाँ न केवल एंत्रप्रेन्योरशिप बल्कि एक ग्रोथ माइंडसेट पर भी फोकस किया जाता है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन सिस्टम का फोकस हमेशा से सिलेबस पूरा करना, बेहतर रिजल्ट प्राप्त करना रहा है और माइंडसेट को साइड कोर्स की तरह रखा गया है। लेकिन हमारे स्कूलों में इसे बदलने का काम किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि कक्षा 9वीं से 12वीं के बच्चों में ईएमसी के माध्यम से हमने एक ग्रोथ माइंडसेट विकसित करना शुरू किया है। उन्होंने बताया कि ईएमसी का पहला पहलू जहाँ बच्चों को बड़े-बड़े एंत्रप्रेन्योरर्स के साथ चर्चा में शामिल किया जाता है, बच्चे उनकी एंत्रप्रेन्योरशिप की जर्नी को जानते समझते है। विभिन्न एक्टिविटीज करते है व केस स्टडी करते है।

वही इसका दूसरा हिस्सा है बिज़नेस ब्लास्टर्स जहाँ सरकार द्वारा कक्षा 11वीं-12वीं के बच्चों को सरकार द्वारा इन्वेस्ट करने के लिए अपना बिज़नेस आइडियाज शुरू करने के लिए 2-2 हजार रूपये की सीड मनी दी जाती है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत डीयू निकालेगा 4 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा

## 'आजादी का अमृत महोत्सव' के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। डीयू पीआरओ अनूप लाठर ने बताया कि इसी कड़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 10 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में डीयू के शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग व विद्यार्थियों सहित 1000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे और लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह द्वारा किया जाएगा। इस तिरंगा यात्रा में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी और शिक्षक वर्ग शामिल होंगे। यात्रा के आयोजक डीन स्टूडेंट वैलफेयर (डीएसडबल्यू) प्रो. पंकज अरोड़ा ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य आम नागरिकों और विशेष रूप से विश्वविद्यालय समुदाय के दिलों में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और अपनेपन की भावना पैदा करना है। उन्होने कहा कि इस आयोजन से युवा पीढ़ी विशेषकर विद्यार्थी वर्ग को हमारे स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी उन महत्वपूर्ण घटनाओं को समझने में और उन टूटे हुए सूत्रों को फिर से जोड़ने में मदद मिलेगी जिनकी बदौलत 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ।

तिरंगा यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि इस यात्रा की शुरुआत सुबह 8 बजे डीयू के गेट नंबर एक स्थित गांधी प्रतिमा से होगी और दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क, म्यूजिक फैकल्टी, शिक्षा विभाग, मिरांडा हाउस, लॉ फैकल्टी, हिंदू कॉलेज, सेंट स्टीफेंस कॉलेज से होते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर समाप्त होगी।

### 7 स्थानों पर बनेंगे सेल्फी पॉइंट

प्रो. अरोड़ा ने बताया कि युवा पीढ़ियों के बीच मूल्यों के विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका और प्रासंगिकता को निभाते हुए %आजादी का अमृत महोत्सव% के दौरान तिरंगा यात्रा के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों, विभागों, संस्थानों, केन्द्रों और छात्रावासों द्वारा अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में बीस फीट ऊंचाई के राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने के लिए सात स्थानों कला संकाय, विधि संकाय, शिक्षा संकाय, प्रबंधन अध्ययन संकाय (एफएमएस), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (डीएसई), कान्फ्रेंस सेंटर और विज्ञान संकाय की पहचान की गई है। इन स्थानों को सेल्फी पॉइंट के रूप में भी चिह्नित किया गया है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को तिरंगा (राष्ट्रीय ध्वज) के साथ तस्वीरें और सेल्फी क्लिक करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्वविद्यालय समुदाय को राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी क्लिक करने और उन्हें व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी डीपी के रूप में डालने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। यही नहीं उन्हें अपने जियोग्राफ़िक कोर्डिनेटस (जियो टैग) के अनुसार डीयू की वेबसाइट पर ध्वज को पिन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

# गोल्ड मेडल जीतने वाला हरियाणा का बॉक्सर दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले बॉक्सिंग को द्वारका जिला पुलिस के वाहन चोरी निरोधक दस्ते की टीम ने दो दोस्तों के साथ पकड़ा है। आरोपी बॉक्सर अंकित उर्फ अन्नी ने वर्ष 2020 में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। अंकित जल्द अमीर बनने की चाहत व बुरी संगत के कारण झपटमारी करने लगा था। अंकित ने पुलिस को बताया कि इससे पहले भी वह झपटमारी की कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस दो मामलों के सुलझने का दावा कर रही है। पुलिस उपायुक्त एम. हषवर्धन ने बताया कि एक अगस्त को बाबा हरिदास नगर इलाके में एक युवती से झपटमारी की शिकायत मिली थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह रिक्शा से अपने घर जा रही थी। रास्ते में मोटरसाइकिल से तीन बदमाश आए और उनसे मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गए।

एसीपी रामअवतार और वाहन चोरी निरोधक दस्ते के इंचार्ज इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले और उस रास्ते पर ध्यान लगाया, जिसका इस्तेमाल बदमाशों ने किया था। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को तकनीकी छानबीन के दौरान पता चला कि आरोपी इलाके में ही मोटरसाइकिल पर घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने तीनों को पकड़ा। इनके पास से युवती से झपटी गई मोबाइल भी बरामद हो गई।

# दिल्ली सरकार बन गई घोटालों की सरकार: बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली के स्कूलों में बनाए गए कमरों की घटिया क्वालिटी को देखते हुए इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। इसीलिए दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने ही पीडब्ल्यूडी पर घटिया निर्माण का आरोप लगा दिया है। बिधूड़ी ने कहा है कि दोनों ही विभागों के इंचार्ज उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हैं। उनसे इस मामले में जवाब तलब किया जाना चाहिए।

बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली सरकार ने 12 हजार से ज्यादा कमरे बनाए हैं। एक कमरे की लागत 5 लाख रुपए आनी चाहिए थी जबकि लागत 28 लाख रुपए की आई है। इस तरह कुल घोटाला 2 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा का है। सच्चाई यह है कि फाइव स्टार होटल के निर्माण में भी इतना खर्चा नहीं होता। कमरों का निर्माण टी आयरन और टुकड़ी से किया गया है जो कि बहुत ही कमजोर और असुरक्षित होता है। नगर निगम के सारे स्कूलों में लैंटर डाला जाता है।

बिधूड़ी ने कहा कि अब दिल्ली के सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों ने ही शिक्षा विभाग से घटिया निर्माण की शिकायत कर दी है। इन प्रिंसिपलों ने कहा है कि स्कूलों के कमरों में सीलन और लीकेज हो रही है। प्लंबर और इलेक्ट्रिक का काम अधूरा ही छोड़ दिया गया है। कई स्कूलों में दीवारें भी अधूरी छोड़ दी गई, सीढ़ियों को भी पूरा नहीं बनाया गया। अभी स्कूलों के कमरों को बने दो साल भी नहीं हुए और टायल्स उखड़ गई हैं। प्रिंसिपलों द्वारा की गई शिकायत पर दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने पीडब्ल्यूडी को शिकायती पत्र भेजा है, इसलिए दिल्ली सरकार के पूरे कामकाज की सीबीआई जांच की जरूरत है।

# 'किलर' मांझे से घायल दो लोगों की मैक्स अस्पताल में सफल सर्जरी

**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। अगस्त का महीना है और जल्द ही पूरा देश एक बार फिर हर साल की तरह स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने जा रहा है. दिल्ली में भी आजादी का ये पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और लोग खुले आसमान में पतंग उड़ाते हैं. लेकिन पतंगबाजी के बीच कई घटनाएं ऐसी सामने आती हैं कि खतरनाक मांझा लोगों को जख्मी भी कर देता है, कुछ केस में जान पर भी बन आती है. हालांकि, जानलेवा चाइनीज़ मांझा बैन है, बावजूद इसके जिस मांझे का इस्तेमाल पतंगबाजी में किया जा रहा है वो डेंजरस है. हाल ही में दिल्ली के मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल पटपड़गंज में दो ऐसे मरीज आए जो मांझे से बुरी तरह जख्मी हो गए थे. डॉक्टर मनोज के. जौहर के नेतृत्व में मैक्स अस्पताल की टीम ने दोनों घायलों का सफल ऑपरेशन किया।



यह एक गलत धारणा है कि इस तरह का मांझा पूरी तरह विदेशों से आयात किया जाता है. स्टेपल फाइबर और मैन-मेड फिलामेंट जैसी चीजें जरूर इंपोर्ट की जाती हैं लेकिन नायलॉन या सिंगल प्लास्टिक फाइबर स्ट्रिंग्स यहीं बनाई जा रही हैं. कुल मिलाकर ये जानलेवा मांझा जिसे अब चीनी मांझा ही कहा जाता है, बेहद खतरनाक है.

मैक्स अस्पताल पटपड़गंज पहुंचने वाले दो मरीजों में से एक थीं 61 वर्षीय विद्यावती. विद्यावती के गले पर मांझे ने ऐसा जख्म दिया था मानो चाकू से काटा गया हो. विद्यावती के साथ जब ये हादसा हुआ तब वो पूर्वी दिल्ली के इलाके में टू-व्हीलर वाहन चला रही थीं. अचानक उन्हें अपने गले पर कुछ महसूस हुआ और अगले ही पल वो दर्द से कराह उठीं, उनके गले से खून बहने लगा. आसपास मौजूद लोग और पुलिसकर्मी वहां मदद के लिए पहुंचे. तुरंत विद्यावती को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने बताया कि विद्यावती को गले में गहरे जख्म हैं, लिहाजा उन्हें सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल में रेफर करने को कहा गया. इसके बाद विद्यावती को दिल्ली के पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल लाया गया।

मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल पटपड़गंज में प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के हेड एंड सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर मनोज के. जौहर ने बताया, विद्यावती के गले में गहरी इंजरी थी. बहुत ज्यादा खून बह जाने के कारण मरीज की हालत सीरियस थी. उनका गला इतनी बुरी तरह जख्मी हो चुका था कि तुरंत ही लाइफ सेविंग सर्जरी की आवश्यकता थी. न्यूरोवास्क्यूलर और मसल रिपेयर के साथ सफल प्लास्टिक सर्जरी की गई. विद्यावती फिजिकली तौर पर अभी रिकवरी कर रही हैं लेकिन मानसिक तौर पर उनके संभल पाने में शायद लंबा वक्त लग जाएगा।

सफल सर्जरी के बाद रिकवरी होने के बावजूद विद्यावती के मन में उस घटना को लेकर आज भी खौफ है और वो इस जानलेवा चाइनीज मांझे पर बैन को सही से लागू करने की मांग करती हैं।

विद्यावती की तरह ही मांझे से जख्मी होने के बाद 54 साल की उषा राजन मैक्स अस्पताल पटपड़गंज में आईं. मांझे के कट से उषा के दाहिने पैर में इंजरी थी. उषा जब रोड क्रॉस कर रही थीं, तब पंतग का मांझा उनके पैर में लिपट गया और पिंडली से एड़ी की हड्डी को जोड़ने वाली मसल्स के आर-पार हो गया. इस कारण बहुत ज्यादा खून बह गया और उषा की भी सर्जरी करनी पड़ी।

# उपराज्यपाल द्वारा रामलीलाओं कमेटियो को कई रियायतो का ऐलान

## ई पी टी प्लांट की शर्त रद्द, डी डी ए सिक्योरिटी शुल्क 66 रू से 15 रू वर्गमीटर, सिंगल विंडो सिस्टम का ऐलान

**संवाददाता/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल श्री वी के सक्सेना से रामलीला महासंघ का एक प्रतिनिधिमण्डल महासंघ के प्रेसीडेंट अर्जुन कुमार, सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, दिल्ली भाजपा के प्रेसिडेंट आदेश गुप्ता के नेतृत्व में मिला। महासंघ के प्रेजिडेंट अर्जुन कुमार के मुताबिक़ करीब पचास मिनट चली इस मीटिंग में उपराज्यपाल के आदेश पर डी डी ए, एम सी डी, पी डब्लू डी, दिल्ली पुलिस आदि विभागो के आला अधिकारी भी इस मीटिंग में शामिल थे, । महासंघ के पदाधिकारियों की समस्याए, मुश्किले सुनने के उपरांत उपराज्यपाल महोदय ने दिल्ली में होने वाली 650 से अधिक रामलीला क्मेटियों के लिए कई रियायते देने का ऐलान किया।

अर्जुन कुमार के मुताबिक़ उपराज्यपाल ने हमारी प्रमुख मांग लीला ग्राउंड में मांग ई पी टी प्लांट नहीं लगाने के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए ई पी टी प्लांट नहीं लगाने की छूट दी। साथ ही इस वर्ष डी डी ए द्वारा लगाई गए सिक्योरिटी शुल्क को 66 रू प्रति वर्ग मीटर से घटा कर सिर्फ 15 रू प्रति वर्ग मीटर करने का भी ऐलान किया साथ ही सफाई शुल्क को घटा कर 2 रू 75 पैसे प्रति वर्ग मीटर कर दिया। इतना ही नही उपराज्यपाल ने ई टी पी प्लांट के लिए लीला कमेटी वालो को एकमुश्त 5 लाख रु की राशि जमा कराने के आदेश को भी रद्द करके लीला क्मेतियो को बड़ी राहत दी।

### गुरुग्राम के क्लब में दोस्ती और नोएडा के होटल में दुष्कर्म

गुरुग्राम। शहर के एक क्लब में युवती से दोस्ती करने के बाद नोएडा के होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता को गुरुवार तड़के सेक्टर-40 स्थित गेस्ट हाउस में छोड़ गया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दे गया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर डीएलएफ फेज-दो थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से कोलकाता की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक सप्ताह पहले निजी काम से गुरुग्राम आई थी। सेक्टर-40 के गेस्ट हाउस में रह रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार को वह सेक्टर-29 के एक क्लब में गई।

# हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और किंग्स कॉलेज लंदन में शिक्षाविद और प्रोफेसर एलिस इवांस ने दिल्ली महिला आयोग का कामकाज देखा

**संवाददाता/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। हार्वर्ड विश्वविद्यालय और किंग्स कॉलेज लंदन में शिक्षाविद् और प्रोफेसर एलिस इवांस ने 3 अगस्त 2022 को दिल्ली महिला आयोग का दौरा किया । दिल्ली महिला आयोग के कामकाज के बारे में सुनने के बाद उन्होंने आयोग के काम का अध्ययन करने के लिए इसके कार्यालय का दौरा किया था। उन्होंने अध्यक्ष आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल के साथ राजधानी में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों और इससे निपटने के लिए आयोग द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बातचीत की।

उन्होंने आयोग के विभिन्न कार्यक्रमों जैसे 181 महिला हेल्पलाइन, रेप क्राइसिस सेल, क्राइसिस इंटरवेंशन सेंटर, महिला पंचायत और अन्य के कार्यों का अध्ययन किया।

वह 181 महिला हेल्पलाइन के कामकाज से रोमांचित थीं, जहाँ प्रतिदिन लगभग 2000 – 4000 कॉलों आती है। आयोग के पास इन कॉल पर कार्रवाई करने के लिए एक बैक एंड सपोर्ट भी है जिसमें 23 कार और 66 ऑन ग्राउंड काउंसलर की टीम शामिल हैं जो पीड़िताओं तक पहुंचते हैं और उनकी मदद करते हैं। इसके अलावा, आयोग ने एक फीडबैक तंत्र भी रखा है जिसके माध्यम से सभी शिकायतकर्ता महिलाओं और बच्चियों को फ़ोन करके यह पता लगाया जाता है कि 181 हेल्पलाइन पर बाद जो टीम उनसे मिलने गई थी, उन्होंने उनकी पर्याप्त सहायता की थी या नहीं।

प्रोफेसर इवांस ने आयोग के काम पर बधाई दी और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर नियंत्रण के लिए आयोग में प्रभावी शोध करने के लिए सहयोग करने में रुचि व्यक्त की। आयोग अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने राजधानी में आने वाली कई समस्याओं पर चर्चा की और एलिस इवांस से महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ अपराधों से निपटने में दुनिया भर की सरकारों द्वारा अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रक्रिआओं के बारे में उनके अनुभव मांगे।

प्रोफेसर एलिस इवांस ने कहा, दिल्ली महिला आयोग में बेहतरीन व्यवस्था!

महिलाएं 181 हेल्पलाइन पर संपर्क करती हैं, काउंसलर महिलाओं को पुलिस के पास ले जाती हैं और न्याय के लिए दबाव डालती हैं। 181 फिर शिकायतकर्ता को यह पूछने के लिए वापस फ़ोन करता है कि क्या उसकी समस्या हल हो गई है? व्यवस्था के हर कदम पर जवाबदेही तय होती है!

## स्वंतत्रता दिवस के लिए केजरीवाल का ऐलान

# दिल्ली में 25 लाख तिरंगे बांटेगी 'आप' की सरकार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ऐलान किया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर इस बार हम सब मिलकर तिरंगा फहराएंगे और राष्ट्रगान गाएंगे। दिल्ली सरकार स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए राजधानी में 100 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बड़े स्तर पर तिरंगा बांटे जाएंगे, इसके लिए दिल्ली सरकार ने 25 लाख तिरंगे खरीदे हैं।

केजरीवाल ने ऐलान किया कि दिल्ली सरकार आजादी के 75 साल पर 25 लाख तिरंगे बांटेगी।



स्कूलों के बच्चों और गली-चौराहे पर लोगों को तिरंगे बांटे जाएंगे। पूरी दिल्ली 14 अगस्त को शाम 5 बजे तिरंगा लेकर एक साथ मिलकर राष्ट्रगान गाएगी। हम सभी भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ और नंबर-1 राष्ट्र बनाने का प्रण लेंगे।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर हमें याद रखना है, जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं, हर भारतीय को अच्छा इलाज नहीं, हर घर को बिजली नहीं, हर महिला को सुरक्षा नहीं और हर बेरोजगार को रोजगार नहीं मिलेगा तब तक भारत दुनिया का नंबर 1 राष्ट्र नहीं बनेगा।

केजरीवाल ने कहा कि मैं सभी से अपील करना चाहता हूं कि 14 अगस्त को शाम 5 बजे सभी दिल्ली वाले मिलकर राष्ट्रगान गाएं। मैं खुद भी राष्ट्रगान गाऊंगा।

## संपादकीय

# पतंग के साथ ही गर्दन भी काट रहा है चाइनीज मांझा

एनजीटी ने जुलाई 2017 में खतरनाक चीनी मांझे की बिक्री पर पूरे देश में बैन लगा दिया था। पीपल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल (पेटा) की अर्जी पर यह आदेश किया गया था। मांझा बनाने वाली कंपनियां सुप्रीम कोर्ट भी गईं, लेकिन उन्हें वहां से राहत नहीं मिली।

पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर एक मैसेज तेजी से वायरल हो रहा है। मैसेज में कहा जा रहा है कि 15 अगस्त पर होने वाली पतंगबाजी के मद्देनजर दुपहिया वाहन चालक अपनी सुरक्षा पर ज्यादा ध्यान दें। पतंग उड़ाने में प्रयोग होने वाला चाइनीज मांझा जानलेवा हो सकता है। वाहन चलाते सावधानी बरतें। वाहन धीमे चलाएं। देखकर चलाएं। गले पर मोटा कपड़ा बांधकर रखें। प्रश्न यह है कि आज सोशल मीडिया जिस समस्या के लिए चिंतित है, सरकार और प्रशासन का ध्यान इस ओर क्यों नहीं है? 2017 से इस चाइनीज मांझे पर रोक के बाद भी इसकी बिक्री देश में क्यों नहीं रुक रही? क्यों सरकार इस समस्या के सामने अपने को असहाय पाती है।

हमारे देश में पतंग उड़ाने की पुरानी परंपरा रही है। स्वतंत्रता दिवस, मकर संक्रांति, रक्षा बंधन और भैया दूज आदि पर्व के अवसर पर पतंगबाजी का शौक लोगों में जुनून की हद तक दिखाई देता है। लोगों का यह शौक उस समय जानलेवा हो जाता है, जब पतंग के शौकीन एक दूसरे की पतंग काटने के लिए, ऐसे मांझे का इस्तेमाल करते हैं जो पतंग की डोर के साथ-साथ आदमी की गरदन भी काट रहा है। चाइनीज मांझे के नाम से बिकने वाले इस मांझे की धार ब्लेड की धार से भी ज्यादा तेज होती है। पल भर में यह वाहन चालक की गरदन काट देता है। यह मांझा राह चलते वाहन चालकों का आज बड़ा दुश्मन बन गया है। पतंग को उड़ाने वाला ये चाइनीज मांझा साइलेंट किलर की तरह काम करता है। वाहन चालक को यह दिखाई नहीं देता। पता तब चलता है, जब ये शरीर के अंग को क्षति ग्रस्त कर देता है। पल भर में ही लोगों को अपना शिकार बना लेता है।

हाल ही में दिल्ली में 30 वर्षीय सुमीत बुराड़ी स्थित अपनी हार्डवेयर शॉप से घर के लिए रोहिणी जा रहा था कि इसकी गरदन में मांझा टकराया। उसे संभलने का अवसर भी नहीं मिला। सुमित की गर्दन कटने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस सक्रिय हुई। अगले दिन पतंग नहीं उड़ीं। किंतु यह पतंग उड़ाने वाला पकड़ा जाएगा इसमें संदेह है? कुछ दिन सख्ती होगी। फिर धीरे-धीरे सब सामान्य हो जाएगा।

पतंग उड़ाने वाले अक्सर ऐसी डोर या मांझा का प्रयोग करते हैं ताकि दूसरा पतंगबाज उनकी पतंग न काट सके और वे सरलता से सामने वाले पतंग काट लें। इसके लिए पहले धागे पर सरेस मिलाकर कांच का बुरादा लगाकर मांझा बनाया जाता था। यह मांझा भी नुकसान दायक था, पर टूट जाता था। इससे इतना नुकसान नहीं था। बताया जाता है चाइनीज मांझा प्लास्टिक, नायलॉन और लोहे का बुरादा मिलाकर बनाया जाता है। धातुओं के मिश्रण से बनने के कारण यह मजबूत ज्यादा है। ये कट नहीं कटता। ये मांझा विरोधी की पतंग काटने के लिए पक्की गारंटी भी माना जाता है। इसीलिए पतंगबाज इसका इस्तमाल करते हैं। विभिन्न धातुओं के मिश्रण से बने होने के कारण यह धारदार और विद्युत सुचालक होता है। यह मांझा बिजली के तारों के संपर्क में आते ही पतंगबाजी करने वालों की भी जान ले रहा है। 13 मार्च 2022 को उत्तर प्रदेश के नजीबाबाद के एक घर में पतंग के मांझे में पत्थर बांधकर खेल रहे बालक के मांझे से बिजली का तार कटा। तार से मांझे में करंट आने से बच्चे की मौत हो गई। इस मांझे से बिजली की सप्लाई में भी बाधा पहुंचती है। कई बार दो तारों के बीच इस धागे के संपर्क से शॉर्ट सर्किट भी हो जाते हैं। मैट्रो की बिजली बाधित हो जाती है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जुलाई 2017 में खतरनाक चीनी मांझे की बिक्री पर पूरे देश में बैन लगा दिया था। पीपल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल (पेटा) की अर्जी पर यह आदेश किया गया था। मांझा बनाने वाली कंपनियां सुप्रीम कोर्ट भी गईं, लेकिन उन्हें वहां से राहत नहीं मिली।

# ममता के लिए बहुत बड़ा आघात

**अवधेश कुमार**

दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज पॉश कॉलोनी के एक घर से जब प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने आलीशान मकान से ट्रक पर बड़े-बड़े बक्से लादना शुरू किया तो देखने वाले भौंचक्क रह गए। वह आलीशान घर मॉडल और अभिनेत्री अर्पिता मुखर्जी का है। पहले दौर में उनके एक घर से 21 करोड़ 20 लाख रुपए नगद, 79 लाख रुपए के सोने व हीरे के गहने, 20 मोबाइल फोन, 54 लाख रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा, 10 जमीनों के दस्तावेज और काफी मात्रा में विदेशी शराब मिले। उनके बेलघरिया स्थित दूसरे घर से 27 करोड़ 90 लाख रुपए नकद, 6 किलो सोना के गहने और चांदी के सिक्के के साथ कई संपत्ति के दस्तावेज तथा नोटबंदी के दौरान रद्द हो चुके 500 एवं1000 के नोट भी मिले। कुल मिलाकर अभी तक ईडी की कार्रवाई में अर्पिता के यहां से 49 करोड़ 20 लाख नगद मिल चुके हैं। बेलघरिया स्थित फ्लैट के टॉयलेट से नोट मिले। रुपए बैग और प्लास्टिक के पैकेट में इस तरह रखे गए थे मानो उनके रखने के लिए ही वो जगह बनी हो। इसका मतलब उस घर का निर्माण ही भ्रष्टाचार से आए नकदी को ठीक से रखने के लिए किया गया था।

जैसा हम जानते हैं बंगाल में स्कूल सेवा आयोग के शिक्षक भर्ती घोटाले में जांच चल रही है। इसी संदर्भ में ईडी ने पार्थ चटर्जी और अर्पिता को गिरफ्तार किया है। जिस समय घोटाला हुआ उस समय पार्थ शिक्षा मंत्री थे। ममता बनर्जी और पूरी तृणमूल कांग्रेस छापेमारी में बरामद इन नोटों को देखकर सन्न हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्या प्रतिक्रिया दिया जाए। तृणमूल कांग्रेस का तर्क है कि अर्पिता मुखर्जी का पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। अर्पिता मुखर्जी ने ईडी को बताया है कि सारे रुपए पार्थ के हैं। उसके अनुसार उसके फ्लैट का रुपए रखने के लिए गोदाम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा था। पार्थ चटर्जी ने भी बयान दिया है कि उन्हें षड्यंत्र के तहत फंसाया जा रहा है।

पार्थ चटर्जी सामान्य नेता नहीं हैं। वे गिरफ्तार होने के बाद बरखास्तगी तक राज्य के उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी व संसदीय कार्य मंत्री थे। पार्थ पार्टी में भी महत्वपूर्ण थे। तृणमूल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव ,अनुशासनात्मक समिति के सदस्य और पार्टी के मुखपत्र जागो बांग्ला के संपादक थे। थोड़े शब्दों में कहा जाए तो ममता बनर्जी या उनके भतीजे अभिजीत बनर्जी के बाद या उनके द्वारा अधिकार प्राप्त समानांतर शक्ति रखने वाला पार्टी में वह शीर्ष व्यक्तित्व थे। जाहिर है , ममता बनर्जी ने गिरफ्तारी के 6 दिन बाद भले उन्हें सभी पदों से निलंबित कर दिया, प्रश्नों के दायरे में वो स्वयं भी हैं। आखिरी एक व्यक्ति , जो उनका दाहिना हाथ बना, इतने बड़े भ्रष्टाचार का खलनायक साबित हो रहा है तो इसकी जिम्मेवारी उसकी अकेले नहीं हो सकती। यह संभव नहीं है कि धन का उपयोग पार्थ अकेले करते हो। शिक्षक भर्ती घोटाले के बारे में जितनी जानकारी सामने आई है उससे साफ हो गया है कि शिक्षकों की नियुक्ति में नीचे से ऊपर मंत्री से लेकर अधिकारी कर्मचारी नेता तक शामिल थे।

अर्पिता पार्टी से जुड़ी है या नहीं है यह मायने नहीं रखता। पार्थ चटर्जी के फेसबुक प्रोफाइल में अर्पिता मुखर्जी का परिचय दिया गया है। नाकतला उदयन संघ की दुर्गा पूजा समिति की अर्पिता ब्रांड अंबेडकर रही है और इसके अध्यक्ष पार्थ चटर्जी हैं। अर्पिता विधानसभा चुनाव मे बेहला पश्चिम सीट पर पार्थ के समर्थन में चुनाव प्रचार करती थी। स्वयं ममता मंच से उसकी प्रशंसा कर चुकी हैं कि वह अच्छा काम कर रही है ।उसके घर पर वीआईपी का आना-जाना लगा रहता था। वैसे पश्चिम बंगाल की राजनीति पर नजर रखने वाले एवं सत्ता के गलियारों से जुड़े हुए लोग अर्पिता और पार्थ चटर्जी के रिश्ते अच्छी तरह जानते हैं। आखिर तृणमूल कांग्रेस का कौन नेता है जो अर्पिता को नहीं जानता हो ? आरंभ में अवश्य तृणमूल के प्रवक्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया। बाद में तृणमूल कांग्रेस सहमी हुई नजर आई। ममता बनर्जी तथा तृणमूल के पहले के ऐसे मामलों में व्यवहार और वर्तमान रवैया में आपको जमीन आसमान का अंतर आएगा।

# आतंक के खिलाफ एक अहम जीत



**ललित गर्ग**

अल कायदा नेता अयमन अल-जवाहिरी का मारा जाना आतंकवाद के खिलाफ विश्वस्तरीय अभियानों के इतिहास में एक बड़ी कामयाबी इसलिये है कि आतंकवाद ने दुनिया में भय, क्रूरता, हिंसा एवं अशांति को पनपाया है। जवाहिरी जैसे हिंसक, क्रूर, उन्मादी एवं आतंकी लोगों ने शांति का उजाला छीनकर अशांति का अंधेरा फैलाया है। दरअसल, वह इतना खुंखार एवं बर्बर इंसान था कि उसको मार गिराना अंसभव-जैसा ही था। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी गिरोह के शीर्ष नेताओं तक पहुंचना और दूसरे देश की सीमा में उन्हें मार गिराना साहस एवं शौर्य का काम है। इससे पहले दुनिया भर में अन्य आतंकवादी संगठनों के मामले में भी इस तरह की जटिलताओं का अनुभव दुनिया की महाशक्तियां करती रही है।, इसलिए जवाहिरी को उसके घर में घूस कर मारना अमेरिका की एक बड़ी उपलब्धि है।

दुनिया में अब आतंकवाद पर काबू पाने की दृष्टि से वातावरण बन रहा है, जवाहिरी का खात्मा उसी दिशा में एक बड़ी सफलता है। अमेरिका में विश्व व्यापार केंद्र पर हमले में हुई तबाही ने अमेरिका के महाशक्ति होने पर ही प्रश्न लगा दिया था। उस घटना ने आतंकवाद की जड़े मजबूत होने को ही उजागर किया था। उस घटना ने अमेरिका की शक्ति को गहरी चुनौती दी। इसीलिये उस घटना के दो दशकों बाद जवाहिरी का मारा जाना एक बेहद अहम कामयाबी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने खुद यह बताया कि शनिवार को उनके निर्देश पर काबुल में ड्रोन हमले में अल कायदा सरगना अल-जवाहिरी मारा गया। इस अभियान के क्रम में पहले हर पल के लिए कार्ययोजना तैयार की गई, नजदीक से जवाहिरी के ठिकाने और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई और खास बात यह रही कि हमले के लिए ड्रोन और लेजर जैसी आधुनिकतम तकनीक का सहारा लिया गया। यही वजह रही कि इस अभियान के दौरान किसी भी अन्य व्यक्ति की मौत नहीं हुई और ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

11 नवंबर, 2001 को हुए उन हमलों की याद आज भी बहुत सारे लोगों को डराती है, कंपकंपाती है और यही वजह है कि विश्व में जवाहिरी के मारे जाने को आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक और कदम के तौर पर देखा जा रहा है। इससे दुनिया ने राहत की सांस ली है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि अनेक देशों में सख्ती की वजह से आतंकवादी संगठनों की हरकतों को सीमित किया गया है, मगर आज भी दुनिया अलग-अलग स्तर पर आतंकवाद के कई खतरों का सामना कर रही है, जूझ रही है। विशेषत: भारत इन्हीं आतंकवादी घटनाओं का लम्बे समय से शिकार रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन है और वहां से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद के यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले के लिए क्या संबंधित देश की सहमति की औपचारिकता हासिल की गई थी। मगर आतंकवाद दुनिया भर के लिए जिस स्वरूप में एक जटिल समस्या बन चुका है, उसमें इस पर काबू पाने और खत्म करने के लिए अगर कोई ठोस पहलकदमी होती है तो उससे शायद ही किसी देश को असहमति होगी।



आज अफगानिस्तान खुद भी आतंकवाद से जूझ रहा है। इस्लामिक कट्टरपंथी ताक़तें पूरी दुनिया में अमन और भाईचारे का माहौल बिगाड़ने का काम कर रही हैं। जबकि इस्लाम के नाम पर दुनिया के हर कोने में हो रहे आतंकवादी हमलों एवं वारदातों के विरुद्ध इस्लाम के अनुयायियों के बीच से ही आवाज़ उठनी चाहिए। पाकिस्तान जैसे इस्लाम को धुंधलाने वाले राष्ट्र की गुमराह करने वाली बातों से दूरी बनाई जानी चाहिए। उसके द्वारा मज़हब के नाम पर किये जा रहे खून-खराबे का खंडन करना चाहिए था। उसे सच्चा इस्लाम न मानकर कुछ विकृत मानसिकता का प्रदर्शन माना-बतलाया जाना चाहिए था।

विश्व के आतंकवादी संगठनों ने इनदिनों अफगानिस्तान को अपना केन्द्र बनाया है। इसलिये आतंकवाद के खतरे की संभावनाओं को देखते हुए भारत ने अफगानिस्तान पर दबाव बढ़ा दिया है। भारत ने अफगानिस्तान से साफ कहा है कि उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए न होने दे। साथ ही, अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई भी करे। दरअसल, आतंकवाद को लेकर भारत की चिंता बेवजह नहीं हैं। भारत ने लंबे समय से आतंकवाद के खतरे को झेला है एवं कश्मीर की मनोरम वादियों सहित भारत के भीतरी हिस्सों ने तीन दशक से भी ज्यादा समय तक सीमा पार आतंकवाद झेला है।

मानवता की रक्षा एवं आतंकवाद मुक्त दुनिया की संरचना की कोशिश होनी चाहिए। यह इसलिये अपेक्षित है कि किसी भी जाति, धर्म एवं सम्प्रदाय के लोगों को बंदूकों के सहारे ही जिंदगी न काटनी पड़े। महिलाओं की तौहीन एवं अस्मत न लुटी जाये। कोई भी देश दुनिया में नफरत और हिंसा बढ़ाने की वजह न बने। कुल मिलाकर, मानवीयता, उदारता और समझ की खिड़की खुली रहनी चाहिए, ताकि इंसानियत शर्मसार न हो, इसके लिये समूची दुनिया को व्यापक प्रयत्न करने होंगे। इसके साथ इस्लाम की ऐसी शक्तियां जो आतंकवाद के खिलाफ है, उनको भी सक्रिय होना होगा। क्योंकि उनके धर्म एवं जमीन को कलंकित एवं शर्मसार करने का षडयंत्र हो रहा है।

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही यह आशंका बढ़ती जा रही है कि यह मुल्क अब आतंकियों का गढ़ बन जाएगा। ये आशंकाएं बेबुनियाद नहीं हैं। तालिबान का उदय एक मजहबी संगठन के तौर पर हुआ था, लेकिन इसकी बुनियाद तो आतंकी संगठनों पर ही टिकी है। अमेरिका तो तालिबान को आतंकी संगठन कहता भी है। दो दशक पहले भी जब अफगानिस्तान में तालिबान का राज कायम हुआ था, तो इसके पीछे अलकायदा की ताकत थी। इससे उसकी आर्थिक दशा बदतर हो चुकी है और राजनीतिक अस्थिरता कायम है। इसलिए इस समस्या से निपटना खुद उसके लिए भी जरूरी है। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या की जड़ों पर चोट किया जाए। तालिबान भारत-विरोधी है, पाकिस्तान अपने मनसूंबों को पूरा करने के लिये तालिबान की इस विरोधी मानसिकता का उपयोग करते हुए अफगानिस्तान की भूमि से भारत पर आतंकवादी निशाने साधेगा। तालिबान ने विगत दशकों में एकाधिक आतंकी हमले सीधे भारतीय दूतावास पर किए हैं। कंधार विमान अपहरण के समय तालिबान की भूमिका भारत देख चुका है। इन स्थितियों को देखते हुए आतंकवाद को पनपने की आशंकाएं बेबुनियाद नहीं है।

दरअसल, जवाहिरी भी विश्व व्यापार केंद्र पर हुए हमले का एक मुख्य आरोपी था और ओसामा बिन लादेन के बाद अल कायदा का दूसरे नंबर का नेता था। स्वाभाविक ही, उसके मारे जाने की घटना को वैश्विक आतंकवाद का पर्याय बन चुके ऐसे संगठनों की गतिविधियों को खत्म करने के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। बड़ा प्रश्न है कि एक जवाहिरी नहीं बल्कि आतंकवाद को पोषण देने वाले सभी जवाहिरियों का ऐसा ही हश्र होना चाहिए। दुनिया की महाशक्तियों को एकजूट होकर आतंकवाद के खिलाफ शंखनाद करना होगा।

सबसे पहले दुनिया के आतंकवादियों को अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकाना बनाने से रोकना होगा। क्योंकि ये आतंकवादी खुंखार नेता एवं आतंकवादी संगठन पैसे लेकर सभ्य देशों को परेशान करने और निशाना बनाने का ही काम करेंगे? जो देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से तालिबान की पीठ पीछे खड़े हैं, उनकी भी मानवीय जिम्मेदारी बनती है कि वे दुनिया को अशांति, हिंसा, साम्प्रदायिक कट्टरता एवं आतंकवाद की ओर अग्रसर करने वाली इस कालिमा को धोये।

# स्वयं की क्षमता, ऊर्जा का विकास, राष्ट्रीय विकास में हितकर

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदा भी हो सकता है। भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए।

# ज़्यादा चाय पीने से हो सकती हैं कई बीमारियाँ, इन आसान तरीकों से छुड़ाएं इसकी लत

**प्रिया मिश्रा**

जो लोग दिन में कई-कई कप चाय पीते हैं, उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई लोग चाह कर भी चाय नहीं छोड़ पाते हैं। ऐसे में आप चाय की लत छुड़ाने के लिए कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं। क्या आप भी अपने दिन की शुरुआत चाय के साथ करते हैं? हमारे देश में चाय के शौक़ीन लोगों की संख्या काफी ज़्यादा है। कई लोगों को तो चाय इतनी ज़्यादा पसंद होती है कि वे दिनभर में 6-7 कप चाय पीते हैं। लेकिन अगर किसी भी चीज़ का ज़रूरत से ज़्यादा इस्तेमाल किया जाए तो उसके नुकसान होते हैं। अगर आप जरूरत से ज्यादा चाय का सेवन करेंगे तो इससे आपको भूख कम लगेगी और आपको आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाएंगे। जो लोग दिन में कई-कई कप चाय पीते हैं, उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर आप चाय पीना पसंद करते हैं तो दिन में एक या दो कप चाय का सेवन कर सकते हैं, लेकिन इससे अधिक चाय सेहत के लिए खतरा बन सकती है। लेकिन कई लोग चाह कर भी चाय नहीं छोड़ पाते हैं। ऐसे में आप चाय की लत छुड़ाने के लिए कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं -

अगर आप जरूरत से ज़्यादा चाय पीते हैं तो आपको कैफीन एडिक्शन हो सकता है। इस आदत को छुड़ाने के लिए एकदम से कैफीन को अपनी डाइट से बाहर करने के बजाय कैफीन काउंट को धीरे-धीरे कम करें। अगर आप एक दिन में 5-6 कप चाय पीते हैं तो कोशिश करें कि दिन में एक कप चाय कम पिएँ। ऐसे ही धीरे-धीरे चाय की मात्रा कम करें। चाय में कैफीन मौजूद होता है, जिस से लोगों को इसकी लत लग होती है। इसलिए चाय बनाते समय चाय पत्ती का इस्तेमाल करें। इससे आपकी लत धीरे-धीरे कम हो जाएगी। अगर आप चाय की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं तो चाय की जगह ग्रीन टी, हर्बल टी या फ्रूट टी पी सकते हैं।

# आओ राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय ध्वज की गरिमा और सम्मान का पूरा ध्यान रखें



**राष्ट्रीय ध्वज घरों में फहराते समय भारतीय ध्वज संहिता 2002 के प्रावधानों को रेखांकित करना जरूरी**

भारतवर्ष में के इतिहास में शायद यह पहली बार देश की शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगेके सम्मान में स्वतंत्रता के 75 में अमृत जयंती महोत्सव के उपलक्ष में इतनी भव्यता के साथ विशाल कार्यक्रमों की झड़ी लगी लगा दी गई है। रेखांकित करने वाली बात यह है कि भारत के माननीय पीएम द्वारा 13 -15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का सुझाव दिया गया है और सोशल मीडिया की डीपी में तिरंगा लगाने की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है जिसमें शासन-प्रशासन नेताओं मंत्रियों सहित देश के नागरिकों ने हाथों हाथ लिया है और हर व्यक्ति में एक जुनून जज्बे और जांबाज़ी दिख रही है।

साथियों रोज तिरंगे के सम्मान में रैलियां डिबेट प्रोत्साहन सहित अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं बहुत सकारात्मक और स्वच्छ खुशी के माहौल का वातावरण देश में दिख रहा है और हम देख रहे हैं कि राष्ट्र की शान में पूरा देश राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सामने नतमस्तक है परंतु इन उमंग और खुशियां के पलों में हमें यह विशेष ध्यान करेंगे कि हमारी आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की गरिमा और सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाए। भारतीय ध्वज संहिता 2002 के प्रावधानों को समझा जाए इसीलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से इसके नियमों विनियमों और औपचारिकताओं सम्मान पर चर्चा कर कहेंगे आओ राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय ध्वज की गरिमा और सम्मान का पूरा ध्यान रखें।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की करें तो प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का अपना एक ध्वज होता है, जो उस देश के स्वतंत्र देश होने का संकेत है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है, जो तीन रंगों - केसरिया, सफेद और हरे रंग से बना है और इसके केंद्र में नीले रंग से बना अशोक चक्र है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की अभिकल्पना पिंगली वैंकैयानंद ने की थी और इसे इसके वर्तमान स्वरूप में 22 जुलाई 1947 को आयोजित भारतीय संविधान सभा की बैठक के दौरान अपनाया गया था। हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की शान है, जब भी हम लहराता हुआ तिरंगा देखते हैं,तो हमारा मन देशभक्ति से ओतप्रोत हो जाता है। भारत का झंडा देश के लोगों के बीच एकता, शांति, समृद्धि और विकास को दर्शाता है। अनगिनत बलिदानों,त्याग और एक लंबी लड़ाई के बाद हमारा देश औपनिवेशिक सत्ता की जकड़ से आजाद हुआ था. जिसमें देश का ध्वज थाम कर लोगों ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया।

साथियों बात अगर हम हर घर तिरंगा अभियान की करें तो,

हर घर तिरंगा, आजादी के 75 साल पूरे होने पर 20 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान जोरों पर है। हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर लाने और इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने, हमारे राष्ट्रीय ध्वज के साथ बंधन को मजबूत करने के लिए एक अभियान है। पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वजके बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान की करें तो, राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सामने पूरा भारत देश नतमस्तक है, देश का हर नागरिक तिरंगे का दिल से सम्मान करता है। भारत के संविधान में तिरंगे का अपमान करना दंडनीय अपराध माना गया है, जिसे लेकर सजा का भी निर्धारण किया गया है। भारत की पहचान है तिरंगा, हर भारतवासी का गौरव है तिरंगा। लेकिन क्या हम जानते हैं कि तिरंगे को फहराने का क्या नियम है?

साथियों बात अगर हम भारतीय ध्वज संहिता 2002 की करें तो, इसमें देश में राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग, प्रदर्शन और फहराने के लिए निर्देशों का एक व्यापक सेट शामिल है। यह राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के लिए सभी कानूनों, परंपराओं, प्रथाओं और निर्देशों को एक साथ लाता है, साथ ही निजी, सार्वजनिक और सरकारी संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन को नियंत्रित करता है।

26 जनवरी 2002 को भारतीय ध्वज संहिता लागू हुई। भारतीय ध्वज संहिता के खंड 2.1 के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान के अनुरूप आम जनता, निजी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों आदि के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। साथियों ध्वज संहिता के अन्तर्गत सभी नियमों, रिवाजों, औपचारिकताओं और निर्देशों को एक साथ लाने का प्रयास किया गया है. इसमें राष्ट्रीय ध्वज को अपने व्यक्तिगत प्रतिष्ठानों, घरों इत्यादि में फहराने से संबंधित नियम, कानून और परंपराओं का जिक्र है. यह संहिता 2002 में बनाई गई थी, तिरंगा हमेशा कॉटन सिल्क या फिर खादी का होना चाहिए।इसका डिजाइन हमेशा रेक्टेंगल शेप में होना चाहिए। इसके अनुपात की अगर बात करें तो 3:2 इसे तय किया गया है।तिरंगे के बीच में मौजूद अशोक चक्र में 24 तीलियां होनी चाहिए। इसके अलावा झंडे पर कुछ बनाना या लिखना गैर कानूनी होता है।तिरंगा कभी भी किसी गाड़ी के पीछे, बोट या फिर प्लेन में नहीं लगाया जा सकता और न ही इसका इस्तेमाल किसी बिल्डिंग को ढकने में किया जा सकता है।

साथियों किसी भी स्थिति में तिरंगा जमीन पर टच नहीं होना चाहिए क्योंकि ऐसा होना तिरंगे का अपमान माना गया है।तिरंगे का उपयोग किसी प्रकार की यूनिफोर्म या फिर सजावट के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।भारत में बेंगलुरू से 420 किमी स्थित हुबली एक मात्र लाइसेंस प्राप्त संस्थान है, जो झण्डा बनाने का और सप्लाई करने का काम करता है।किसी भी अन्य झण्डे को राष्ट्रीय झंडे से ऊंचा या फिर उसके बराबर में नहीं रख सकते।

देश के लिए जान देने वाले शहीदों और देश के महान शख्सियतों को तिरंगे में लपेटा जाता है।

## एहसास!

एहसास है तो,
कभी खुशी होगी,
तो कभी दर्द होगा,
कभी दया होगी,
तो कभी क्रोध होगा।

एहसास है तो,
महसूस तो करेंगे ही,
जीवन में लड़ेंगे भी,
निडर तो बनेंगे ही,
पर कभी-कभी डरेंगे भी।

एहसास है तो,
किसी को समझेंगे कभी,
आंखों से आंसू झलक उठेंगे,
अपनी लगेंगे सभी,
पर कभी-कभी जरूर रूठेंगे।

एहसास है तो,
मन में चेतना,
हृदय में इंसानियत,
कभी-कभी वेदना,
तो कभी संवेदना।

एहसास का तो होना है जरूरी,
जिंदगी तो है इसी से पूर्ण,
किसी भी एहसास से क्यों हो दूरी,
जी हां एहसास से ही है जीवन संपूर्ण
।।

**डॉ. माध्वी बोरसे!**
**( स्वरचित व मौलिक रचना )**
**राजस्थान ( रावतभाटा )**

## शार्ट न्यूज

### यूपी बीएड रिजल्ट में छाया प्रयागराज, पहले तीन टॉपर एक ही जिले से

**नई दिल्ली।** यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा के पहले तीन टॉपर एक ही जिले प्रयागराज से हैं। प्रयागराज की रागिनी यादव ने 359.666 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में टॉप किया है। प्रयागराज की ही नीतू देवी सेंकेड टॉपर और अभय कुमार गुप्ता थर्ड टॉपर रहे हैं। तीनों स्टूडेंट्स आर्ट्स साइड से हैं। रागिनी और अभय ओबीसी और नीतू जनरल कैटेगरी से हैं। रागिनी ने पेपर-1 में 173.333 और पेपर-2 में 171.333 मार्क्स आए हैं और उन्हें 15 नंबर का वेटज (कुल 359.666 मार्क्स) दिया गया है। प्रयागराज की ही नीतू देवी के पेपर-1 में 178.667 और पेपर 2 में 179.333 मार्क्स (कुल 358) आए। अभय के पेपर-1 में 174 और पेपर-2 में 175.333 मार्क्स (कुल 349.333) आए। वाराणसी, आगरा और अलीगढ़ से दो-दो छात्र टॉप 10 में शामिल हैं।

### पेट्रोल पंप पर तेल भराने को लेकर विवाद, सेल्समैन को मारी गोली

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के चिरगांव थानाक्षेत्र में पेट्रोल पंप पर तेल भराने को लेकर हुए विवाद में बाइक सवार युवकों ने सेल्समैन को गोली मार दी है जो उसके पैर में जाकर लगी। घटना को अंजाम देकर युवक मौके से फरार हो गये। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि चिरगांव थानक्षेत्र में पेट्रोल पंप पर गुरूवार देर रात दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक पहुंचे। पेट्रोल पंप पर तेल भराने को लेकर युवकों का गार्ड और सेल्समैन से विवाद हो गया। विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया और इसके बाद युवकों ने फायरिंग कर दी। गोली सेल्समैन के पैर में लगी और इसके बाद युवक मौके से फरार हो गये। घायल युवक को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच थाना पुलिस और आला अधिकारियों को घटना की जानकारी मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गये।

### झांसी : युवक की बेरहमी से पिटाई करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में एक युवक की बिजली की केबल और पाइप से पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद गुरूवार को पुलिस ने पूरी सक्रियता दिखाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अन्य की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक देहात (एसपीआरए) नैपाल सिंह ने गुरूवार को बताया कि वायरल वीडियो व पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही पुलिस की दो टीमें आरोपियों को तलाश करने में जुटी हैं। जल्द ही सभी गिरफ्तार कर लिये जायेंगे। कोतवाली थानाक्षेत्र के गीता कालोनी उन्नावगेट बाहर रहने वाले युवक आकाश की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद आज पुलिस पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आयी और कोतवाली थाने में मामला दर्ज होने के बाद दो टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह जगह पर दबिश दी और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### वाराणसी : योगी ने फुलवरिया फोरलेन के निर्माण की प्रगति का निरीक्षण किया

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पहुंचने के बाद कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने वाराणसी शहर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक फुलवरिया फोरलेन के निर्माण कार्य के प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। योजना के अंतर्गत लहरतारा के पास बन रहे फ्लाईओवर के निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने एवं युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर कार्य को समय से पूरा कराए जाने हेतु निर्देशित किया। मानक के अनुरूप उच्च गुणवत्ता पर उन्होंने विशेष जोर दिया। ज्ञात हो कि फुलवरिया फोरलेन की तीन लेन जीटी रोड को जोड़ेगी। बौलिया तिराहे से भी इसी फोरलेन की दो लेन जुड़ेगी। दूसरी ओर लहरतारा से कैंटूनमेंट वाले किनारे तक का काम भी तेजी से चल रहा है।

### कांग्रेस का महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल

एटा। महंगाई को लेकर आज देश भर में कांग्रेस के हल्ला बोल के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। इस बीच एटा कांग्रेस कार्यालय से महंगाई को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल होते हुए भी कार्यकर्ताओं का जुनून देखने लायक था। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ने कहा भाजपा सरकार द्वारा जांच एजेंसियों से हमारे नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी को बार-बार परेशान किया जा रहा है। मैं इसे लोकतंत्र की हत्या समझता हूं। एटा शहर के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार द्वारा आटा, दूध, दही, चावल, ब्रेड पर जो जीएसटी लगी है। इससे आम आदमी के लिए दो टाइम की रोटी भी खाना दुश्वार हो गया है। उन्होंने कहा कि हम सब लोग जीएसटी से हुई महंगाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना चाहते हैं और प्रशासन इसकी हमको इजाजत नहीं दे रहा है।

### भ्रष्टाचार के आरोप में राजस्व निरीक्षक नपे

बलरामपुर। बलरामपुर के जिलाधकारी डॉ महेन्द्र कुंमार ने उतरौला तहसील में कार्यरत राजस्व निरीक्षक को भ्र्ष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि उतरौला तहसील में कार्यरत राजस्व निरीक्षण कप्तान मिश्रा ने इटई मैदा गांव में अतिक्रमण हटाने और जमीन की पैमाइश के नाम पर एक व्यक्ति से अवैध धन की वसूली की थी। जिसका फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई थी। मामले की जांच कराई गई तो आरोप सही पाये गये। उप जिलाधकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासकीय दायित्वों में लापरवाही बरतने व भ्रष्टाचार के आरोप में उपजिलाधिकारी उतरौला उपजिलाधिकारी उतरौला की जांच आख्या के आधार पर राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### कांग्रेस ने जिला मुख्यालय का घेराव किया

वाराणसी। कांग्रेस के देशव्यापी प्रदर्शन के क्रम में वाराणसी में भी कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय का घेराव किया। महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी प्रदर्शन के क्रम में शुक्रवार को वाराणसी जिला मुख्यालय का कांग्रेसियों ने घेराव किया। पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि ये मोदी सरकार के नए भारत का अमृत काल है जिसमें बेरोजगारी घरों के चिराग बुझा रही है और बेतहाशा मंहगाई से घरों के चूल्हे बुझ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी तानाशाह भाजपा सरकार, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ खड़ी है। एक तरफ देश मंदी से गुजर रहा है और उस पर महंगाई की मार से जिंदगी जीना मुश्किल हो गया है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगग ठप पड़े हुए है। मगर, जनहित में भाजपा के पास कोई योजना नही है। प्रतिशोध की राजनीति में नरेंद्र मोदी और अमित शाह परेशान है। हम डरेंगे नहीं, प्रजातंत्र के प्रहरी बन कर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में सच की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

### चित्रकूट डीएम ने मिनी खजुराहो का किया निरीक्षण

चित्रकूट। चित्रकूट डीएम अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को मिनी खजुराहो गणेश बाग का औचक निरीक्षण किया। भारतीय पुरातत्व विभाग के एएसएई मनोज कुमार वर्मा ने जिलाधिकारी को बताया कि गणेश बाग के नाम से विख्यात इस मंदिर निर्माण मराठा शासक विनायक राव ने 19वीं शताब्दी में करवाया था।विनायक राव पेशवा बाजीराव के वंशज थे। इस मंदिर में एक लघु गर्भ ग्रह तथा उसमें संयुक्त एक आयताकार मंडप निर्मित है। परिकल्पना तथा प्रस्तुतीकरण की दृष्टि से यह वास्तु- संरचना अच्छी है।इसके बाद सात मंजिला मनोरम जलाशय तथा निकट में एक सुंदर बावली का भी निर्माण किया गया है। मनोज कुमार ने बताया कि भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा पूरे बुंदेलखंड में चार स्थानों पर 75वां आजादी के अमृत महोत्सव मनाया जाएगा।

## लखनऊ में शूटआउट : दो को गोली लगी, बिल्डर का सुसाइड, ऑटो ड्राइवर मर्डर में एक अरेस्ट

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को दो बड़ी घटनाएं हो गईं, वहीं एक मामले में पुलिस को सफलता भी मिली है। शुक्रवार को बदमाशों ने राजधानी में अंधाधुंध फारिंग की। फायरिंग में दो लोगों को गोली लगी है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर बिल्डर ने खुद को गोली से उड़ा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने एक ऑटो ड्राइवर की हत्या मामले में एक युवक भी गिरफ्तार किया है।



पहला मामला सरोजनीनगर का है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को बाइक सवार बदमाशों ने दो लोगों पर दिन दहाड़े अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसमें रितेश और सुवांशु नामक व्यक्ति घायल हो गए। एक के कंधे और दूसरे के पैर में गोली लगी है। दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

दूसरी मामला हजरतगंज क्षेत्र का है। यहां एक बिल्डर ने खुद को गोली से उड़ा लिया। आरजी कंस्ट्रक्शन के मालिक रजनीश गोयल ने शुक्रवार को खुद की गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। बिल्डर ने सुसाइड नोट में खुद को जिम्मेदार बताया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। वहीं दूसरी ओर यूपी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। दरअसल ऑटो ड्राइवर सुभाष पाल की पिछले दिनों चंदन मिश्रा नामक युवक ने हत्या कर दी थी। इसके बाद से वह फरार था। पुलिस को चंदन की तलाश थी। शुक्रवार को आखिरकार पुलिस ने चंदन को गिरफ्तार कर लिया है।

## देवरिया में युवती की हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के लार क्षेत्र में 31 जुलाई को बंधें पर मिले एक युवती के शव के मामले का खुलासा करते हुये पुलिस ने शुक्रवार को इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि डुमरी गांव के बंधे पर एक 19 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ था जिसकी पहचान नीलम वर्मा निवासी कुर्हा तेतरा थाना उभांव जनपद बलिया के रुप में हुई। मृतका के परिजनों के तहरीर पर लार थाना में अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। आज एक सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र के सुतावर तिराहा के पास से मुकदमें में वांछित शैलेंद्र जिल बलिया, अनिल गुप्ता, लार और शोभा उर्फ तारा जिला बलिया को गिरफ्तार किया।

उन्होने बताया कि पूछताछ में एक आरोपी शोभा ने पुलिस को बताया कि नीलम वर्मा को उसके पति शैलेन्द्र राजभर भगाकर घर ले आये थे। नीलम शैलेन्द्र पर शादी करने का दबाव बना रही थी मना करने पर घर भर को मुकदमें में फंसाने की धमकी दिया करती थी।

## क्रासिंग पर टहलते-टहलते दो बच्चों के साथ ट्रेन के सामने खड़ी हो गई विवाहिता, तीनों की मौत

लखनऊ। लखनऊ में शुक्रवार की सुबह महिला ने दो बच्चों के साथ ट्रेन से कटकर जान दे दी। रेलवे क्रासिंग पर हुई घटना को पहले हादसा माना गया। लेकिन कुछ समय बाद ही महिला के खुदकुशी करने की बात पुष्ट हो गई। महिला और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरे बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। फिलहाल खुदकुशी के पीछे के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस घरेलू कलह मान रही है। बताया जाता है कि न्यू हैदराबाद से महानगर की तरफ जाने वाली रोड स्थित क्रासिंग पर मां-अपने दो बच्चों के साथ पहुंची थी। क्रासिंग बंद होने पर महिला कुछ देर तो ट्रेन आने का इंतजार करती रही। फिर अचानक क्रासिंग फाटक के नीचे से निकलकर रेल पटरी के पास पहुंच गई। जैसे ही ट्रेन आई महिला बच्चों को लेकर पटरी के बीच में आ गई। ट्रेन की चपेट में आने से महिला और एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा बच्चा ट्रेन के धक्के से छिटकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर महानगर पुलिस पहुंची। घायल बच्चे को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां कुछ समय बाद दूसरे बच्चे को भी मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पहले इसे हादसा माना। महिला की शिनाख्त हुई तो मामला खुल गया। महिला बच्चे का बैग, अपना मोबाइल और पर्स घर पर छोड़कर आयी थी। सीएमएस महानगर कोतवाली के पीछे है, जबकि महिला फातिमा क्रासिंग के पास पहुंची थी।

## बरेली: मुस्लिम बस्ती से ही जाने पर अड़े कांवड़िये, पुलिस-पीएसी तैनात

### अधिकारियों ने बढ़ाई सतर्कता

मीरगंज दुनका(बरेली)। बरेली में दुनकी के कांवड़िये दुनका में रूट को लेकर अड़ गए। अधिकारियों के समझाने पर भी आक्रोशित कांवड़िये निर्धारित मार्ग से जाने को राजी नहीं हुए। अधिकारियों ने विवाद का कारण बन रहे मार्ग पर बैरियर लगाकर पुलिस-पीएसी तैनात कर दी। एसडीएम सीओ दुनका में कैंप कर रहे हैं।

दुनका में वर्षों पहले कांवड़ियों को मुस्लिम बस्ती में दूसरे सामुदाय के लोगों द्वारा रोकने पर बवाल हुआ था। तत्कालीन अधिकारियों ने विवाद का स्थाई समाधान करने को दोनों सामुदाय के लोगों को बैठाकर बात की थी। ग्रामीणों की सहमति के बाद प्रशासन ने 2014 में दोनों सामुदाय के धार्मिक जुलूस व कार्यक्रमों के रूट तय कर दिए थे, तभी से दोनों सामुदाय के धार्मिक जुलूस निर्धारित रूट पर ही निकलते हैं। इसी समझौते के तहत तय किया गया था कि कांवड़िये दुनकी के बाग के पास से चकरोड पर होकर हरिद्वार जायेंगे।

कांवड़ियों ने प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट को दरकिनार कर मुस्लिम बस्ती की पीडब्ल्यूडी रोड से होकर निकलने का मन बनाया। ग्रामीण गत दिनों इस मामले को लेकर नेताओं से भी मिले। अधिकारियों ने ग्रामीणों को स्पष्ट कर दिया कि उन्हें मुस्लिम बस्ती से निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कांवड़िये पूर्व निर्धारित रास्ते से निकलेंगे। पुलिस प्रशासन उनको पूरी सुरक्षा देगी।

गुरुवार को कांवड़ियों ने ट्रैक्टर-ट्राली में डीजे बांधकर दुनका की मुस्लिम बस्ती से निकलने की तैयारी कर ली। कांवड़िये गांव के मंदिर पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर एसडीएम और सीओ आरके मिश्रा दुनकी पहुंच गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रशासन द्वारा तय मार्ग से निकलने के लिए समझाया।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया समझौता दुनका के लोगों में हुआ था। रूट तय करते समय दुनकी के लोग मौजूद नहीं थे। पीडब्ल्यूडी का रोड उनका परंपरागत रूट है।

अधिकारियों के न मानने पर कांवड़ियों ने कांवड़ लेने जाने से इंकार कर दिया। कांवड़िये ग्रामीणों के साथ दुनकी में जमे हैं। एसडीएम सीओ एसओ दुनका पुलिस चौकी से स्थिति पर नजर रख रहे हैं। अधिकारियों ने दुनका में मुस्लिम बस्ती से होकर निकलने वाले दुनकी रोड पर बैरियर लगाकर पुलिस और पीएसी तैनात कर दी है।

एसडीएम वेद प्रकाश मिश्रा के अनुसार दुनकी के कांवड़िये दुनका की मुस्लिम बस्ती से होकर जाने पर अड़े है। चार दिन पहले भी दुनकी के लोगों को समझाया था, लेकिन कांवड़ियों ने गुरुवार को मुस्लिम बस्ती से होकर निकलने की तैयारी कर ली। कांवड़ियों को समझाया, लेकिन वे नहीं माने। कांवड़िये निर्धारित रूट से हटकर जाने की कोशिश करेंगे तो प्रशासन और पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। तय रास्ते से जायेंगे तो पुलिस उनकी पूरी सुरक्षा करेगी।

## लखनऊ में डबल होगी कुत्तों की रजिस्ट्रेशन फीस

### 15 अगस्त के बाद से चलेगा चेकिंग अभियान

**लखनऊ।** नवाबों के शहर कहे जाने वाले लखनऊ में अगर आप कुत्ता पालने का शौक रखते हैं तो इस शौक के बदले अब आपको दोगुनी कीमत चुकानी होगी। दरअसल लखनऊ नगर निगम कुत्ता पालने पर दोगुना टैक्स लगाने जा रही है। लखनऊ नगर निगम ने पालतू कुत्तों की रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाने का फैसला किया है। कहा जा रहा है लखनऊ नगर निगम की आगामी कार्यकारिणी की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। यहां से पास होने के बाद रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाने को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। फिलहाल लखनऊ नगर निगम पालतू कुत्तों के लिए 200.300 और 500 रुपये रजिस्ट्रेसन फीस लेती है। विदेशी नस्ल के कुत्तों के लिए 500 रुपये, छोटी ब्रीड के कुत्तों के लिए 300 और देसी कुत्ता पालने वालों से 200 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस ली जा रही थी।

अगर प्रस्ताव पास हो जाता है तो नस्ल के कुत्तों के लिए एक हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस फिक्स होगी। कुत्तों की रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाने का प्रस्ताव पारित हो जाता है तो इससे निगम की हर साल बंपर कमाई होगी। जानकारी के मुताबिक लखनऊ में फिलहाल सिर्फ पांच हजार लोगों नहीं अपने कुत्तों का रजिस्ट्रेशन करवाया है। माना जा रहा है कि अगर लखनऊ नगर निगम कुत्तों की रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाता है तो उसे हर साल पचास लाख रुपये का मुनाफाय होगा। हालांकि ये भी कहा जा रहा है कि जिन लोगों ने इस साल अपने कुत्तों का रजिस्ट्रेशन करवा लिया है उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन करवाने की जरूरत नहीं है। उनसे अगली साल से महंगी रजिस्ट्रेशन फीस ली जाएगी।

नगर निगम के मुताबिक लखनऊ में करीब पच्चीस हजार परिवारों के पास पालतू कुत्ते हैं लेकिन उनमें से सिर्फ 20 फीसदी लोगों ने ही रजिस्ट्रेशन करवाया है। कुत्तों का रजिस्ट्रेशन ना करवाने वाले लोगों को पकड़ने और उनसे जुर्माना वसूलने के लिए 15 मार्च के बाद से चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

### गोण्डा में शव मिलने से सनसनी

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के छपिया क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते पुलिस के ढिलमुल रवैये के विरोध में प्रदर्शन किया और मनकापुर -बभनान मार्ग जाम कर जमकर नारेबाजी की। फिलहाल मौके पर सीओ दलबल संग पहुंचकर क्रुद्ध भीड़ को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नरैचा गांव निवासी सनोज (25) का आज सुबह गडरही गांव में एक खेत में शव मिला। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुये कार्यवाही की मांग की हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार ,पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## राजा भैया के आंदोलनरत पिता को पुलिस ने किया घर में नजरबंद

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कुन्डा विधान सभा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया के आंदोलनरत पिता उदय प्रताप सिंह को पुलिस ने शुक्रवार को सुबह घर में नजरबंद कर दिया। सिंह, इलाके में मौजूद एक मस्जिदनुमा पुराने दरवाजे को हटवाने की मांग को लेकर पिछले दो दिनों से धरने पर बैठे थे। कुन्डा के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के आदेश पर सिंह को आज सुबह उस समय 'हाऊस अरेस्ट' कर लिया गया, जब वह धरना स्थल से नित्य क्रिया के लिये अपने आवास 'भदरी कोठी' गये थे। जिला प्रशासन के सूत्रों के अनुसार कापुी संख्या में पुलिस के जवान सुबह 06 बजे भदरी कोठी के सामने तैनात हो गये और सिंह को घर में ही नजरबंद कर दिया।

कुन्डा स्थित शेखपुर आशिक गांव में एक मस्जिद नुमा गेट हटवाने की मांग को लेकर सिंह कुन्डा तहसील परिसर में दो दिन से धरने पर बैठे थे। उन्हें आंदोलन खत्म करने के लिये जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मनाया, लेकिन वह नहीं माने। उनकी इस मांग के समर्थन में कुन्डा और आसपास के व्यापारियों ने शुक्रवार को अपनी दुकानें बन्द रखने का ऐलान किया था। मामले को बढ़ते देख स्थानीय प्रशासन ने उन्हें घर में ही नजरबंद करने का फैसला किया।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से श्रमिकों का जीवन स्तर सुधरा : सहगल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल ने कहा है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना कम समय में न सिर्फ परंपरागत पेशे से जुड़े लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने में सफल हुयी है वहीं इनकी सेवाओं को भी आधुनिक बनाया जा रहा है।

सहगल ने शुक्रवार को कहा कि सबका साथ, सबका विकास के तहत इस बड़े वर्ग की बेहतरी के लिए ऐसी इन्नोवेटिव योजना जरूरी एवं सामयिक थी। इस योजना के जरिए सरकार परंपरागत पेशे से जुड़े लोगों का जीवन स्तर सुधार के साथ इनकी सेवाओं को भी आधुनिक बनाया जा रहा है।

आधिकारिक सूत्रों का दावा है कि पांच साल पहले शुरू की गयी यह योजना स्थानीय दस्तकारों और कारीगरों के लिए संजीवनी बन गई है। साथ ही लोकल फ़ॉर वोकल और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत बुनियाद बन रही है। योजना के तहत अब तक करीब दो लाख श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर उनका हुनर को निखारा गया। यह निखरा हुनर उनके काम में भी दिखे। उनके द्वारा तैयार उत्पाद कीमत एवं गुणवत्ता में बाजार में प्रतिस्पर्धी हों इसके लिए प्रशिक्षण पाने वाले एक लाख 44 हजार 212 कारीगरों को उनकी जरूरत के अनुसार नि:शुल्क उन्नत टूल किट भी दिये गए।

उन्होने बताया कि अगले पांच साल में इस योजना के तहत 5 लाख लोगों को प्रशिक्षित कर उनका हुनर निखारने एवं उनको टूलकिट देने का लक्ष्य रखा गया है। जरूरत के अनुसार इनको बैंक से भी जोड़ा जाएगा। बजट में भी इसके लिए 112.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## लखनऊ से नई दिल्ली, गोवा और बंगलुरु के लिए एयर एशिया की सेवा शुरू, सीएम योगी ने किया उद्घाटन

एजेंसी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ से नई दिल्ली, बंगलुरु, गोवा, कोलकाता और मुंबई आना-जाना अब और आसान हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नई दिल्ली, बंगलुरु और गोवा के लिए एयर एशिया की नई उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। कोलकाता और मुंबई की फ्लाइट अगले माह से शुरू हो जाएगी। सीएम योगी ने बेहतर कनेक्टिविटी को विकास की गति तेज करने का सहज माध्यम बताते हुए यूपी को कनेक्टिविटी के लिहाज से सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का संकल्प भी दोहराया। प्रदेश में हवाई सेवा को बेहतर करने की मुख्यमंत्री योगी की कोशिशों की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई हवाई सेवाओं के लिए लखनऊ को बधाई दी है। शुक्रवार को लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह हवाईअड्डा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने तीन शहरों के लिए एयर एशिया की उड़ान सेवाओं की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रारंभ की गई उड़ान योजना का उत्तर प्रदेश ने अत्यधिक लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई चप्पल पहनने वाले आम आदमी के हवाई उड़ान का सपना देखा था, उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाएं, इस स्वप्न के साकार होने जैसी हैं।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में मुख्य रूप से लखनऊ और वाराणसी में ही एयरपोर्ट थे। गोरखपुर और आगरा में आंशिक रूप से क्रियाशील एयरपोर्ट थे।

तब 04 एयरपोर्ट से मात्र 25 स्थानों तक फ्लाइट उपलब्ध थी। आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। अकेले लखनऊ में 5 साल पहले जहां 15 शहरों तक उड़ान सेवा थी, आज 30 से ज्यादा शहरों के लिए फ्लाइट उपलब्ध है।




### कंपनी के लिए ऐतिहासिक दिन : भास्करन

एयर एशिया के सीईओ और एमडी सुनील भास्करन ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य मंत्री वीके सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए लखनऊ से सेवा शुरू करने को ऐतिहासिक करार दिया। भास्करन ने बताया कि लखनऊ से एयर एशिया की 8 फ्लाइट उपलब्ध होंगी। शुक्रवार को 5 फ्लाइट शुरू हो गई हैं, जबकि कोलकाता और मुंबई के लिए 3 फ्लाइट सितंबर से शुरू हो जाएगी।

## स्टेशनरी के अनुशासित उपयोग को बढ़ावा देने के लिये अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने विभागीय कामकाज में इस्तेमाल होने वाली स्टेशनरी सामग्री के अनुशासित इस्तेमाल को बढ़ावा देने तथा इसके कचरे को कम करके राजस्व की बचत करते हुए पर्यावरण संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये है। इसका मकसद स्वच्छ भारत मिशन के मूलमंत्र 'रिड्यूज, रीयूज, एंड रीसाइकिल' का अनुपालन करना है।

मिश्र ने शुक्रवार को सरकार के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा है कि उनके समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली पत्रावलियों, प्रस्तुतीकरण, कार्यवृत्त, आलेख्य आदि में प्राय: मात्र एक साइड में ही प्रिंट किया जा रहा है, जिससे स्टेशनरी का न केवल अनावश्यक दुरुपयोग होता है, बल्कि इससे पेड़ों के कटने से पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है एवं कूड़े की मात्रा बढ़ती है। उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से अधीनस्थ समस्त विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा व्यक्त की है कि पत्रावली या पत्राचार करते समय आवश्यकतानुसार कागज के दोनों तरफ प्रिंटिंग कर उपयोग किया जाए। बैठक से पूर्व एजेंडा की सॉफ्ट कॉपी सभी संबंधितो को भेज दी जाये। अलग से हार्ड कापी दिये जाने की आवश्यकता नहीं है।

इसके अतिरिक्त यथासंभव एजेंडे की केवल कुछ ही प्रतियां कागज के दोनों साइड प्रिंट की जाएं, जिसे अभिलेख के तौर पर पत्रावली में रखा जाये एवं बैठक में आवश्यकतानुसार कुछ लोगों को ही उसकी दोनों साइड पर छपी प्रतियां उपयोग हेतु दी जायें। एजेंडा बिन्दु के ऊपर प्लास्टिक कवर अथवा प्रस्तुतिकरण को प्लास्टिक फोल्डर में देने की कोई आवश्यकता नहीं है, इससे अनावश्यक रूप से प्लास्टिक का प्रचलन बढ़ता है। अपने निर्देशों में उन्होंने यह भी कहा है कि बैठक में अलग से पेपर, पेन, नोट पैड इत्यादि देने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि बैठक में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपना पेन, नोट पैड इत्यादि साथ लेकर आता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें भी प्लास्टिक फोल्डर या स्टेशनरी नहीं दी जाये।

कृषि उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिवों को भेजे गये निर्देशों में उन्होंने इनके प्रति अपने मातहत कर्मचारियों को जागरुक करने को कहा है। जिससे स्टेशनरी सामग्री के उचित उपयोग को बढ़ावा देकर, अपशिष्ट को कम करके राजस्व की बचत हो सके। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में सतत योगदान की भी दिया जा सके। मुख्य सचिव ने निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### रायबरेली में एक व्यक्ति गंगा नदी में हुआ लापता

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के सरेनी इलाके में गंगा नदी में शुक्रवार को एक व्यक्ति लापता हो गया। नदी के किनारे बरामद हुई मोटरसाइकिल से युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में डूबने के कयास लगाये जा रहे हैं। पुलिस और गोताखोर लगातार उसकी तलाश में जुटे हैं। पुलिस ने बताया कि सुबह एक युवक गंगा नदी में डूब गया। बताया गया कि आज सुबह करीब पांच बजे स्थानीय निवासी हर्षित चौरसिया की मोटरसाइकिल, कपड़े और चप्पल नदी के किनारे बरामद हुए तथा युवक लापता हैं। जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि युवक नदी में डूबा होगा। चौरसिया लालगंज इलाके में पान की दुकान चलाता था। उसका फरवरी में विवाह हुआ था और मार्च में उसकी मां का निधन हो गया था। उसकी पत्नी अपने मायके गयी हुई है।

## हर जिले में रोजगार मेला लगवाएगी योगी सरकार

गोरखपुर। गोरखपुर के वृहद रोजगार मेले में नियोक्ता कम्पनियों और नौजवानों के उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे रोजगार मेले हर जिले में आयोजित किए जाएं। सरकार की इस पहल से रोजगार मिलने की रफ्तार बढ़ जाएगी।

गोरखपुर में आयोजित रोजगार मेले में हुंडई, डिक्सन, एलआईसी व न्यू हॉलैंड जैसी कम्पनियों ने भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को अपने साथ काम करने का अवसर दिया है।

शासन की मंशा के अनुरूप सेवायोजन विभाग, आईटीआई चरगांवा और कौशल विकास मिशन के सहयोग से एमएमएमयूटी में बुधवार को लगे वृहद रोजगार मेले में 2500 से अधिक युवाओं को चयन देश की बड़ी और मशहूर कंपनियों में हुआ है। रोजगार मेले में 121 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 20 हजार से अधिक युवाओं को साक्षात्कार लिया। 5163 युवाओं को योग्यता के आधार पर मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार वृहद रोजगार मेले में कुल नियुक्तियों में 2500 से अधिक देश की बड़ी व मशहूर कम्पनियों में हुई हैं।

मोबाइल हैंडसेट निर्माता ओप्पो एवं मोटरोला ने 650 युवाओं को नौकरी दी।

ऑटोमोबाइल सेक्टर की विख्यात कम्पनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 240, फेईएम इंडस्ट्रीज ने 200, पेडग्रेट इलेक्ट्रॉनिक ने 200, ई कामर्स कम्पनी फ्लिपकार्ट ने 162, एलएनटी समूह ने 130 को नौकरी दी है।

मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में बुधवार को एमएमएमयूटी में आयोजित वृहद रोजगार मेला युवाओं के सेवायोजन की नई व बड़ी लकीर खींच गया।

# नीतिगत दरों में वृद्धि से आवास ऋण हो सकता है प्रभावित: रियल एस्सेट उद्योग

नयी दिल्ली। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति द्वारा नीतिगत दरों में आज की गयी आधी फीसद की बढोतरी पर रियल एस्सेट उद्योग ने मिश्रित प्रतिक्रिया दी है और कहा कि इससे आवास ऋण की लागत बढ़ने से मांग पर कुछ पड़ सकता है।

रिजर्व बैंक ने रेपो दर को वर्तमान के 4.90 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत करने के साथ ही अन्य नीतिगत दरों में भी इसी के अनुरूप बढोतरी करने की घोषणा की है जिससे अब रेपो दर कोरोना महामारी से पहले के स्तर को पार कर गयी है। महामारी से पहले यह दर 5.15 प्रतिशत रही थी।

क्रेडाई पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अमित मोदी ने कहा कि आरबीआई के रेपो रेट में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी ने एक बार फिर कर्ज पर ब्याज दरों में इजाफा कर दिया है। यह निश्चित रूप से घर खरीदारों की क्षमता को प्रभावित करने वाला है, विशेष रूप से मध्यम वर्ग के लोगों पर इसका असर दिखाई देगा। इस बढ़ोतरी के बाद, लाखों घर खरीदार संपत्ति बाजार से दूर हो सकते हैं। इससे अचल संपत्ति बाजार में परियोजनाओं की बिक्री की गति कम हो जाएगी।

क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष मनोज गौर ने कहा कि आरबीआई द्वारा वर्तमान रेपो दर में 50 आधार अंकों की वृद्धि अपेक्षा के अनुसार है। इस वृद्धि के साथ रेपो दर अपना चक्र पूरा करते हुए महामारी-पूर्व स्तर पर वापस आ गई है। हमें नहीं लगता कि इसका उपभोक्ताओं पर ज्यादा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि वे वर्तमान में उत्साहित है। आवास के साथ-साथ खुदरा क्षेत्र भी फलते-फूलते रहेंगे क्योंकि बैंकों द्वारा गृह ऋण की ब्याज दरों में वास्तविक वृद्धि उपयुक्त होगी।

भूमिका ग्रुप के प्रबंध निदेशक उद्धव पोद्दार ने कहा आरबीआई ने 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी करके रेपो दरों को 4.90 से बढ़ाकर 5.40 कर दिया। आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए किसी अन्य सख्त उपाय उठाने के बजाय एक मापा हुआ दृष्टिकोण अपनाया है। हालांकि इससे संपत्तियों की बिक्री पर असर पड़ेगा क्योंकि संभावित खरीदार घर या किसी अन्य संपत्ति को खरीदने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा या उसे स्थगित कर देगा। साथ ही यह मुद्रास्फीति को कम करने में मदद करेगा और अंतत: डेवलपर्स को लाभान्वित करेगा क्योंकि यह इनपुट लागत को कम करने में मदद करेगा।

एसकेएस ग्रुप के निदेशक संजय शर्मा ने कहा भले ही रियल एस्टेट क्षेत्र रेपो दर को अपरिवर्तित रहना पसंद करता हो, लेकिन जमीनी स्तर की वास्तविकता को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

रेपो दर में बढ़ोतरी करके आरबीआई ने एक अच्छा संतुलन बनाने की कोशिश कर एक उचित दृष्टिकोण अपनाया है। मैं वृद्धि को मध्यम स्तर पर रखने के लिए आरबीआई को धन्यवाद देना चाहता हूं। जहां तक इस क्षेत्र पर प्रभाव का सवाल है, मुझे लगता है कि यह न्यूनतम होगा क्योंकि रियल एस्टेट भविष्य में उत्साहजनक दिख रहा है।

गुलशन ग्रुप के निदेशक दीपक कपूर ने कहा आरबीआई द्वारा रेपो दर में 50 आधार अंकों की वर्तमान वृद्धि का मुद्रास्फीति पर नियंत्रण पाने की कोशिश है। भले ही सरकार इनपुट लागत पर मुद्रास्फीति के दबाव पर लगाम लगाने के प्रयास कर रही है, मगर फिर भी यह अभी कम्फर्ट जोन में नहीं है। आवासीय और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में काम कर रहे एक रियल एस्टेट डेवलपर के रूप में, यह समग्र परिदृश्य पर एक तटस्थ प्रभाव डालने वाला है।

मिगसन ग्रुप के प्रबंध निदेशक यश मिगलानी ने कहा देश को महामारी से निपटने में मदद करने के लिए आरबीआई द्वारा रेपो दर में काफी समय तक बढ़ोतरी नहीं की गई थी, मगर अब आरबीआई मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए धीरे-धीरे आधार अंकों को बढ़ाना शुरू कर दिया है।

पिछली बार 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी के बाद आरबीआई ने फिर से रेपो दर को 50 आधार अंक बढ़ाने का फैसला किया है। यदि इस वृद्धि के अनुसार बैंक भी वृद्धि करते हैं, तो निश्चित रूप से होम लोन की लागत में वृद्धि होगी, लेकिन इसका प्रभाव, अनुमानित दृष्टिकोण और सकारात्मक भावनाओं को देखते हुए, अचल संपत्ति पर न्यूनतम होगा।

## नीतिगत दरों में बढ़ोतरी अनुमानों के अनुरूप : कारोबार जगत




नयी दिल्ली। कारोबार जगत ने नीतिगत ब्याज दरों में शुक्रवार को बढ़ोतरी करने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्णय को मुद्रास्फीति के दबाव और वैश्विक केंद्रीय बैंकों के नीतिगत निर्णयों के मद्देनजर अनुमानों के अनुरूप बताया। उद्योग जगत को चिंता है कि इससे कारोबार की लागत बढ़ेगी।

आरबीआई ने फौरी उधार की ब्याज दर रेपो को तत्काल प्रभाव से 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया है और यह कोविड-19 महामारी के पहले के स्तर पर पहुंच गयी है।

पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष प्रदीप मुलतानी ने कहा, आरबीआई का निर्णय पीएचडी चैंबर के अनुमानों के अनुरूप ही है। दुनिया की कई महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्थाएं इस समय नीतिगत ब्याज दरों में वृद्धि कर रही हैं, हालांकि इसका सीधा असर व्यापार करने की लागत पर पड़ेगा, जो अभी उच्च स्तर पर है।

उन्होंने कहा कि रेपो दर बढ़ने से आर्थिक वृद्धि पर असर पड़ेगा क्योंकि यह सीधी मांग परिदृश्य और उपभोक्ता एवं कारोबार की भावनाओं से जुड़ा है। आरबीआई का यह फैसला कारोबार करने की लागत को बढ़ा देगा जो कच्चे माल की उच्च कीमतों और भू-राजनैतिक तनाव के कारण पहले ही अधिक हैं। उद्योग मंडल एसोचेम के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने कहा, रेपो दर में संशोधन आवश्यक लग रहा था, क्योंकि केंद्रीय बैंक सरकार की ओर से ठोस राजकोषीय और नीतिगत उपायों के साथ-साथ मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा, आरबीआई के 7.2 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि आउटलुक के तहत यह यथार्थवादी है। मुद्रास्फीति के दबाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और ऊर्जा चुनौतियों के साथ एक अशांत वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का यह स्तर भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित ताकत और केंद्र द्वारा इसे संभालने के बारे में बताता है।

एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियों को देखते हुए रिजर्व बैंक का आर्थिक वृद्धि को स्वस्थ बनाने का निर्णय सबसे अच्छा तरीका है।

## ओएसएम का एग्री जंक्शन से करार, 10 हजार ईवी टू और थ्री व्हीलरों की होगी आपूर्ति

नयी दिल्ली। एंग्लियन ओमेगा ग्रुप की कंपनी ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) और कृषि उत्पादों के भारतीय डिजिटल मार्केटप्लेस एग्री जंक्शन ने आज वित्त वर्ष 22-23 तक ग्रामीण बाजारों में 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिक टू और थ्री व्हीलर वाहन उतारने के रणनीतिक करार की घोषणा की।

कंपनी ने यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि पहले चरण में एग्री जंक्शन और ओएसएम के करार के अनुसार उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के टियर 2 और 3 बाजारों में इलेक्ट्रिक वाहन पेश किए जाएंगे। इन दो राज्यों में देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे अधिक बिक्री है। ग्रामीण बाजारों में ओएसएम के मौजूदा वाहन जैसे कार्गा इलेक्ट्रिक वाहन रेंज में रेज प्लस, रेज प्लस रैपिड, रेज प्लस रैपिड प्रो, रेज प्लस फ्रॉस्ट और रेज प्लस स्वाप और इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों में स्ट्रीम और फिर नए विशेष वाहन जैसे इलेक्ट्रिक टू व्हीलर : मोपेडो, इलेक्ट्रिक पैसेंजर वाहन : स्ट्रीम सिटी, ड्रोन और ट्रैक्टर पेश किए जाएंगे।

ओमेगा सेकी मोबिलिटी को अपने वाहन पेश करने में एग्री जंक्शन से सहयोग मिलेंगे जैसे एग्री जंक्शन वेबसाइट पर ओएसएम इलेक्ट्रिक वाहनों को जगह दी जाएगी, पीएम मुद्रा योजना के तहत ऋण लेने की सुविधा, डीलर बनाने में मदद, ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने और किसान समुदायों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण बाजारों में में ईवी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहयोग आदि। दूसरी ओर ओमेगा सेकी मोबिलिटी अपने इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराएगी, कंपनी के ब्रांड ओएसएम ई-लिंक के तहत चार्जिंग की बुनियादी सुविधा देगी और एक विशेष आर एंड डी टीम बनाएगी जो खास कर भारत के ग्रामीण बाजारों के लिए नए प्रोडक्ट विकसित करेगी।

ग्रामीण भारत इलेक्ट्रिक वाहनों का बहुत बड़ा बाजार है। यह ज्यादातर कृषि प्रधान है। साथ ही, छोटे व्यवसाय और सड़क के किनारे दुकानें हैं। माल परिवहन के लिए मोटे तौर पर पिक-अप ट्रक और ट्रैक्टर उपयोग किए जाते हैं। इनमें से बहुत-से वाहन पुराने हैं और अधिक ईंधन खपत करते हैं। इस दृष्टिकोण इन बाजारों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन सबसे अच्छा समाधान हैं।

यह अनुमान है कि 2025 में भारत के ई-कॉमर्स उद्योग में लास्ट-मील लॉजिस्टिक्स का कारोबार 9 गुना बढ़कर 5.23 अरब डॉलर का होगा। आज ई-कॉमर्स के पांच में एक ग्राहक टियर 2 और 3 शहरों के हैं। कम भार के माल परिवहन के लिए 3 डब्ल्यू माल परिवहन वाहन तेजी से लास्ट-मील डिलीवरी की पहली पसंद बन रहे हैं। बढ़ती मांग से उत्साहित होकर एग्री जंक्शन और ओएसएम मिल कर पायनियरिंग रिस्पॉन्सिबल एनर्जी मिशन पर काम कर रहे हैं और मेट्रो और टियर 1 शहरों से देश के दूर-दराज के हिस्सों में भी इनकी पहुंच होगी।

ओमेगा सेकी मोबिलिटी के संस्थापक और अध्यक्ष उदय नारंग ने कहा, ओमेगा सेकी मोबिलिटी की उत्पत्ति इलेक्ट्रिक ओईएम के रूप में हुई है। कम्पनी का लक्ष्य सही मायनों में भारत में इलेक्ट्रिक वाहन परिवहन को सशक्त बनाना है। सरकार के आर्थिक और अन्य प्रोत्साहन से छोटे शहरों और ग्रामीण भारत में भी ईवी का चलन बढ़ा है। इस बीच ओएसएम अपने कोरिया और थाईलैंड शोध-विकास केंद्रों में अपने इलेक्ट्रिक ट्रैक्टरों का गहन परीक्षण कर रहा है और 2023 तक टियर 2 और 3 बाजारों में ट्रैक्टर सर्विस और लीज पर देने का नया कांसेप्ट पेश करेगी। इलेक्ट्रिक वाहन के परिचालन और रखरखाव पर खर्च कम होने के साथ-साथ टेल-पाइप से उत्सर्जन शून्य होने के चलते इन शहरों में निजी और व्यावसायिक उपयोग के लिए ये किफायती और पर्यावरण अनुकूल विकल्प बन गए हैं।''

श्री नारंग ने बताया, एग्री जंक्शन से हमारा यह करार इस दिशा में बड़ा कदम है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी और एग्री जंक्शन मिलकर ग्रामीण बाजारों में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करेंगे। एग्री जंक्शन को ग्रामीण बाजारों में काम करने का बड़ा अनुभव है। हम उसका लाभ लेकर विशेष इलेक्ट्रिक वाहन विकसित करने पर काम कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे इन बाजारों में अधिक से अधिक लोग ईवी अपनाएं।

एग्री जंक्शन के संस्थापक और सीईओ राज यादव ने कहा, ओमेगा सेकी मोबिलिटी से जुड़ कर हम बहुत उत्साहित हैं। एग्री जंक्शन में हम देश के पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में लोगों की मदद करने के एकमात्र लक्ष्य से काम करते हैं। हम किसानों को अधिक कार्य सक्षम बनाने के नए विचारों पर कार्यरत रहे हैं। हम स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के लक्ष्य से प्रोडक्ट तैयार करते हैं जिनकी विशेषज्ञ सराहना करते हैं और जो विश्वसनीय परिणाम देते हैं। हम वृक्षारोपण में प्राप्त सफलता के आत्मविश्वास से हजारों लोगों को दैनिक जीवन में सस्टेनेबलिटी बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं।

## रिजर्व बैंक का फैसला वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता पैदा करने वाला : एसबीआई चेयरमैन खारा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने नीतिगत दर बढ़ाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार के नीतिगत वक्तव्य को मुद्रास्फीति में कमी लाने और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप बताया है।

श्री खारा ने एक बयान में कहा, आरबीआई के नीति वक्तव्य ने मुद्रास्फीति को और नीचे लाने और बाजारों में वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। सिद्धांत रूप में, आरबीआई ने अपनी सुविधाजनक स्थिति का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण (मौद्रिक) उपायों में सामंजस्य स्थापित करके यह सुनिश्चित किया है कि अर्थव्यवस्था रोजमर्रा की जिंदगी में मुद्रास्फीति के प्रभावों से अधिक से अधिक सुरक्षित बनी रहे।

उन्होंने कहा कि आरबीआई के ताजा विकासात्मक उपायों का उद्देश्य बड़े पैमाने पर जी-सेक (सरकारी प्रतिभूति) और विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

श्री खारा ने कहा कि भारत बिल भुगतान प्रणाली का प्रभाव मध्यम अवधि में लाभ दिखेगा।

गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने रेपो दर 4.90 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.40 प्रतिशत कर दिया है।

मिलवुड केन इंटरनेशनल संस्थापक और सीईओ निश भट्ट, अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक के बाद, आरबीआई ने भगोड़ा मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए दरों में वृद्धि करने के लिए सूट का पालन किया है। बढ़ती मुद्रास्फीति चिंता का विषय बन गई है, यहां तक ??कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक विकास पर मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने आरबीआई के निर्णय को, नीतिगत बढ़ाने का काम पहले निपटाने का एक और कदम बताया।

उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को अन्य 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 5.40 प्रतिाशत कर दिया और माना जाता सकता है कि आरबीआई का 'नरम नीतिगत रुख की वापसी पर ध्यान देने का' निर्णय अपरिवर्तित है।'

सुश्री माधवी के अनुसार आरबीआई का नीतिगत स्वर संतुलित है और यह जून के समान ही रहा, जिसका मुख्य लक्ष्य मुद्रास्फीति और बाहरी जोखिमों को कम करना है।

## नीतिगत दरें कोरोना काल से पहले के स्तर के पार, घर कार खरीदना होगा महंगा

मुंबई। बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में आज आधी फीसदी की बढ़ोतरी करने के साथ ही यह अब कोरोना महामारी के पहले के स्तर को पार कर गयी है। रिजर्व बैंक के आज के इस निर्णय से अब घर, कार और अन्य प्रकार के ऋण महंगे हो जाएंगे। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुये कहा कि देश में वैश्विक कारकों से महंगाई में बढ़ोतरी हो रही है। इस वर्ष जून में लगातार छठे महीने में खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक के लक्ष्य छह प्रतिशत से ऊपर बनी रही है। विकास को गति देने तथा महंगाई को काबू में करने के उद्देश्य से नीतिगत दरों में आधी फीसद की बढ़ोतरी की गयी है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है और महंगाई को मध्यावधि में छह प्रतिशत के लक्षित दायरे में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी के बाद रेपो दर 4.90 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.40 प्रतिशत पर, सटैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी दर (एसडीएफ) 4.65 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.15 प्रतिशत, बैंक दर 5.15 प्रतिशत से बढ़कर 5.65 प्रतिशत पर तथा मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) 5.65 प्रतिशत पर पहुंच गयी है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के शुरू होने से पहले रेपो दर 5.15 प्रतिशत पर थी। माहामारी के दौरान लॉकडॉउन से मांग प्रभावित होने के कारण रिजर्व बैंक ने नीतिगत दरों में भारी कमी की थी और यह रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गयी थी।

## चालू वित्त वर्ष में अबतक 4.7 प्रतिशत गिरा रुपया: आरबीआई

एजेंसी



मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज कहा कि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत से अबतक दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की आठ प्रतिशत की तेजी के दबाव में रुपया 4.7 प्रतिशत तक गिरा है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद शुक्रवार को गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत से 04 अगस्त तक दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में आठ प्रतिशत की तेजी रही है। इससे डॉलर के मुकाबले रुपये में 4.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि इस अवधि में रुपया अपेक्षाकृत व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ा है। साथ ही कई अन्य एशियाई मुद्राओं की तुलना में वह काफी बेहतर स्थिति में है।

उन्होंने कहा कि रुपये में गिरावट देश की अर्थव्यवस्था के व्यापक आर्थिक मूल सिद्धांतों में कमजोरी के बजाय अमेरिकी डॉलर में तेजी के कारण अधिक है। साथ ही रिजर्व बैंक के बाजार में हस्तक्षेप से रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित करने और उसकी व्यवस्थित गति सुनिश्चित करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, रुपये के उतार-चढ़ाव को लेकर हम सतर्क हैं और उसकी स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

श्री दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक के बाजार से तरलता सोखने के उपायों की बदौलत अप्रैल-मई की 6.7 लाख करोड़ रुपये की तरलता जून-जुलाई में घटकर 3.8 लाख करोड़ रुपये पर आ गई है। तरलता कम करने के लिए आरबीआई ने इस वर्ष 26 जुलाई को तीन दिन की परिपक्वता के 50,000 करोड़ की एक परिवर्तनीय दर रेपो की नीलामी की थी। उन्होंने कहा कि आरबीआई तरलता के मोर्चे पर सतर्क रहेगा।

### टाटा पावर-डीडीएल ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर स्थापित की पहली इकाई

नयी दिल्ली। राजधानी में बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (डीडीएल) ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर अपनी पहली हथकरघा इकाई ( हैंडलूम यूनिट) स्थापित की है। इस इकाई के जरिए कंपनी देश की पारंपरिक कला और हथकरघा विरासत को बढ़ावा देने के साथ-साथ कम आयवर्ग की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएगी। टाटा पावर-डीडीएल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि हथकरघा क्षेत्र देश की सांस्कृति विरासत के प्रमुख प्रतीकों में से एक है। इस उद्योग की क्षमताओं का लाभ उठाते हुए यह इकाई कम आयवर्ग की महिलाओं को अपने कलात्मक कौशलों को बढ़ावा देने का मंच प्रदान करेगी। राजधानी के शालीमार बाग के डेसू कालोनी स्थित इस इकाई में चार हथकरघा, ताना-बाना और चरखे वाली मशीनें लगाई गई हैं जिन्हें कंपनी के स्व-सहायता समूहों की 25 महिला कारीगरों द्वारा संचालित किया जाएगा और इस पर परिधान और घर को सजाने वाले उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

## नीतिगत दरों में वृद्धि पर शेयर बाजार की ठंडी प्रतिक्रिया, सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में आधी फीसदी की वृद्धि पर आज शेयर बाजार की ठंडी प्रतिक्रिया रही और सेंसेक्स-निफ्टी मामूली बढ़त पर रहे। आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में आधी फीसदी की बढ़ोतरी की। इससे शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी रही लेकिन दोपहर बाद यूटिलिटीज, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और पावर समेत दस समूहों में हुई बिकवाली ने बाजार की गति धीमी कर दी। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 89.13 अंक की मामूली बढ़त लेकर 58387.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 15.50 अंक बढ़कर 17397.50 अंक पर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.09 प्रतिशत मजबूत होकर 24,479.05 अंक और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत की तेजी लेकर 27,605.08 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3509 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1866 में लिवाली जबकि 1482 में बिकवाली हुई वहीं 161 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 28 कंपनियां हरे जबकि 22 लाल निशान पर रही। बीएसई में नौ समूहों में लिवाली जबकि शेष 10 में बिकवाली का दबाव रहा। बेसिक मैटेरियल्स 0.89, एफएमसीजी 0.19, वित्त 0.33, आईटी 0.72, दूरसंचार 1.34, बैंकिंग 0.47, रियल्टी 0.23 और टेक समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत चढ़े वहीं सीडीजीएस 0.45, हेल्थकेयर 0.29, यूटिलिटीज 1.86, ऑटो 1.12, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84, और पावर समूह के शेयर 1.59 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16 और जर्मनी का डैक्स 0.15 प्रतिशत उतर गया वहीं जापान का निक्केई 0.87, हांगकांग का हैंगसेंग 0.14 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.19 प्रतिशत चढ़ गया।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 122 अंक की तेजी के साथ 58,421.04 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत दोपहर से पहले तक 58,649.19 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उतार-चढ़ाव से गुजरता हुआ यह बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में 58,244.86 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में संभलते हुए यह पिछले दिवस के 58,298.80 अंक के मुकाबले 0.15 प्रतिशत की मामूली बढ़त लेकर 58,387.93 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 42 अंक बढ़कर 17,423.65 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 17,474.40 अंक के उच्चतम जबकि 17,348.75 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,382.00 की तुलना में 0.09 प्रतिशत ऊपर 17,397.50 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिमको 2.86, आईसीआईसीआई बैंक 2.26, भारती एयरटेल 1.30, पावरग्रिड 1.20, इंफोसिस 1.06, विप्रो 1.02, एक्सिस बैंक 0.90, एनटीपीसी 0.71, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.60, एशियन पेंट 0.40, टाइटन 0.39, टीसीएस 0.33 और डॉ. रेड्डी 0.17 प्रतिशत शामिल है।

## शार्ट न्यूज

### ईवी एक्सपो के 15वें संस्करण की शुरुआत

नयी दिल्ली। देश के लगभग 100 राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियां राजधानी में ईवी एक्सपो के 15वें संस्करण में अपने प्रदूषण रहित नवीनतम दो, तीन, चार पहियां ई-वाहनों को प्रदर्शित कर रही हैं। एक्सपो में लिथियम आयन बैटरीज और नवीनतम चार्जिंग समाधानों को भी पेश किया जा रहा है। पर्यावरण के अनुकुल इस तीन दिवसीय इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी मेले ईवी एक्सपो का उद्घाटन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने किया और इसका आयोजन प्रगति मैदान के हॉल नंबर 11 में 5-7 अगस्त के बीच हो रहा है।श्री वर्मा ने कहा,अभी तक हमारी सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की मात्रा केवल 0.35 प्रतिशत है, लेकिन निकट भविष्य में इसका उपयोग तेजी से बढ़ने वाला है। एमएसएमई क्षेत्र में लाखों छोटी छोटी इकाइयाँ काम कर रही हैं और देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान दे रही हैं। इसमें 11 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। वे ईवी उद्योग में योगदान कर सकते हैं। मैं इस क्षेत्र में काम कर रहे उद्यमियों और एमएसएमई इकाइयों से ईवी उद्योग को तेजी से आगे ले जाने का आग्रह करता हूं, क्योंकि भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग और उपयोग कई गुना बढ़ जाएगा। सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन समिति के अध्यक्ष और ईवी एक्पो के सह-संस्थापक अनुज शर्मा ने कहा,केंद्र सरकार की जैसे-जैसे फेम-द्धद्ध सब्सिडी समाप्त होती जा रही है। मुझे लगता है कि राज्य सरकारों को आगे आना चाहिए। जैसे गुजरात सरकार दोपहिया वाहनों पर 20,000/- रुपये की सब्सिडी दे रही है और दिल्ली मैं 15,000/- रुपये की सब्सिडी मिल रही है। विभिन्न प्रदेशों ने जो अपनी ईवी पालिसी बनाई है उसके लिए हमने सबसे आग्रह किया है। सभी राज्य दो और तीन पहिया ईवी पर क्रमश: 15000 / - और 20,000 / - सब्सिडी ले कर आएं।

### आयकर विभाग की मुंबई में पूर्व फंड मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने मुंबई में एक प्रमुख म्यूचुअल फंड हाउस के पूर्व फंड मैनेजर और इक्विटी के मुख्य ट्रेडर और इससे संबंधित शेयर ब्रोकर, बिचौलियों और एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि तलाशी अभियान में दस्तावेजों और डिजिटल डेटा के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक सबूत मिले हैं जिन्हें जब्त कर लिए गया। इस दौरान एकत्र किए गए इन साक्ष्यों सहित विभिन्न व्यक्तियों के शपथ-पत्रों के बयानों से काम करने के तौर-तरीकों का पता चला है। कार्रवाई में उक्त फंड मैनेजर और मुख्य ट्रेडर विशेष व्यापार संबंधी जानकारी ब्रोकर या बिचैलियों और कुछ विदेशी अधिकार क्षेत्र में स्थित व्यक्तियों के साथ साझा कर रहे थे। इन व्यक्तियों ने इस तरह की सूचनाओं का इस्तेमाल अपने स्वयं के खाते या अपने ग्राहकों के खाते में इस तरह के शेयरों में व्यापार करके शेयर बाजार में अनुचित लाभ के लिए किया। फंड मैनेजर के परिवार के सदस्यों सहित इन व्यक्तियों ने अपने बयानों में स्वीकार किया है कि उपरोक्त कार्यों से उत्पन्न बेहिसाब नकदी मुख्य रूप से कोलकाता स्थित शेल कंपनियों के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गई थी। इन बैंक खातों से, रकम भारत में निगमित कंपनियों तथा संस्थाओं और अन्य कर क्षेत्राधिकारों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया है। जब्त किए गए सबूतों के बटोरने से पूर्व फंड मैनेजर, बिचैलियों, शेयर ब्रोकर और एंट्री ऑपरेटरों के बीच सांठगांठ का पर्दाफाश हुआ है। नकद ऋण, सावधि जमा, अचल संपत्तियों और उनकी मरम्मत आदि में बड़े पैमाने पर बेहिसाब निवेश के सबूत भी मिले हैं और इन्हें जब्त कर लिए गया। इस दौरान 20 से अधिक लॉकरों पर रोक और अब तक 55 करोड़ रुपये की बेहिसाब जमा राशि जब्त की गई है।

### सोना-चांदी की चमक पड़ी फीकी

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में आई तेजी से वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं पर बने दबाव के कारण आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 295 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 612 रुपये प्रति किलोग्राम गिर गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.88 प्रतिशत की गिरावट लेकर 1775.31 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह अमेरिका सोना वायदा 1.04 प्रतिशत टूटकर 1769.90 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इस दौरान चांदी हाजिर भी 1.59 प्रतिशत उतरकर 19.83 डॉलर प्रति औंस बोली गई। देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 295 रुपये सस्ता होकर 51890 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 224 रुपये की गिरावट के साथ 51821 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह चांदी 612 रुपये लुढ़ककर 57390 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 562 रुपये टूटकर 57950 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### कोटक बैंक ने जीएसटी भुगतान के लिए खुद को तैयार किया

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक (केएमबीएल) ने शुक्रवार को जीएसटी पोर्टल के साथ जुड़ने के लिए एकीकरण को पूरा करने की घोषणा की। केएमबीएल इसके लिए तैयार होने वाले पहले अनुसूचीबद्ध निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक है। बीते वर्ष केंद्र सरकार ने सभी बैंकों को सरकारी कारोबार में भाग लेने की अनुमति दी थी। कोटक बैंक के ग्राहक अब बिना अपने घर और दफ्तर से बाहर निकले, कहीं से भी जीएसटी पोर्टल पर तुरंत जीएसटी का भुगतान कर सकते हैं। यह सुविधा व्यक्तिगत, कॉर्पोरेशन्स, संस्थानों और उनके प्रतिनिधियों के लिए होगी। कोटक महिंद्रा बैंक के संयुक्त प्रबंधन निदेशक दीपक गुप्ता ने कहा, ग्राहकों को निर्बाध बैंकिंग सेवा प्रदान करना कोटक के डीएनए में है। कोटक का जीएसटी पोर्टक पर भुगतान साझेदार के रूप में उपस्थित होना हमारे सभी चालू खाता, कॉर्पोरेट और व्यापार बैंकिंग ग्राहकों को लाभ पहुंचाएगा। कोटक नेट बैंकिंग का जीएसटी पोर्टल के साथ जुड़ना हमारे ग्राहकों को तेज, सरल और सुविधाजनक भुगतान सुनिश्चित करेगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.32 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 2.32 अरब डॉलर बढ़कर 573.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.15 अरब डॉलर गिरकर 571.6 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.12 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 511.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.14 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 39.64 अरब डॉलर पर रहा। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर 2.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.98 अरब डॉलर पर रहा। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 3.1 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 4.99 अरब डॉलर हो गया।

### वित्तीय साक्षरता के प्रोत्साहन के लिए छात्र ने बनायी ऐप

नयी दिल्ली। देश में वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित करने के लिए एक छात्र ने तकनीक का उपयोग कर धन दना दन नामक एक वित्तीय साक्षरता ऐप विकसित किया है जो युवाओं को जीवन में इससे जुड़े कौशल को सीखने में भी मदद करेगी। ऐप बनाने वाले गुरुग्राम के सनसिटी स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र आर्यन जैन ने कहा, धन दना दन प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आय और बचत को बेहतर तरीके से नियोजित करने में सक्षम बनाने ,उनकी छोटी और लंबी अवधि की वित्तीय जरूरतों के बारे में जागरूकता लाने ओर भविष्य की जरूरतों और आपात स्थितियों के लिए बचत और निवेश करने और उनके परिवार के लिए सुरक्षित भविष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए किया गए एक प्रयास है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की एक रिपोर्ट के अनुसार देश की सिर्फ 27 फीसदी आबादी ही आर्थिक रूप से साक्षर है। विशेष रूप से टियर दो और तीन शहरों में अधिक वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता है।

## शार्ट न्यूज

### पुरुष 4×400 मीटर टीम ने फाइनल में जगह बनायी

बर्मिंघम। भारतीय पुरुष 4×400 मीटर रिले टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। मोहम्मद अनस यहिया, नूह निर्मल टॉम, मोहम्मद अजमल और अमोज जेकब की भारतीय टीम 3.06.97 के समय के साथ हीट–2 में दूसरे और कुल छठे स्थान पर रही। शीर्ष आठ टीमों ने फाइनल में जगह बनायी। भारतीय टीम अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्वर्ण पदक की दावेदारी पेश करेगी। इसी बीच, महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में ज्योति याराजी हीट–2 में 13.18 सेकंड में चौथे स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए एक स्थान से चूक गईं। वह क्वालीफाइंग दौर में कुल 17 में से 10वें स्थान पर रही। साथ ही, एंसी सोजन 6.25 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ क्वालीफिकेशन में कुल 13वें स्थान पर रहीं और महिलाओं की लंबी कूद के फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। उल्लेखनीय है कि फाइनल में पहुंचने के लिये 6.75 मीटर के निशान को पार करना था या शीर्ष 12 में जगह बनानी थी।

### पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में शरत-साथियान, सनिल-हरमीत

बर्मिंघम। अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानसेकरन की पुरुष युगल जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को बांग्लादेश के बॉम और रिदॉय को 3–0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। शरत–साथियान की जोड़ी ने बांग्लादेशी प्रतिद्वंदियों को 11–6, 11–1, 11–4 के सीधे गेमों में मात दी। दूसरी ओर, सनिल शेट्टी और हरमीत देसाई की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के डिलन चेंबर्स और शिन यान को 3–1 से हराकर शीर्ष–4 में जगह बनायी। भारतीय जोड़ी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदियों को 11–3, 9–11,11–9, 11–7 से शिकस्त दी।

### राष्ट्रमंडल खेल : स्पीकर गिरने के बाद रुकी कुश्ती प्रतियोगिता

बर्मिंघम। ब्रिटेन के बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को एक शर्मनाक घटना पेश आयी जब कुश्ती के पहले सत्र के दौरान छत पर लगा एक स्पीकर गिर गया और बाउट रोकने पड़े। इसके बाद दर्शकों को हॉल खाली करने के निर्देश दिये गये। बर्मिंघम 2022 के आठवें दिन शुरू हुई कुश्ती प्रतियोगिता में पांच बाउट ही पूरे हुए थे कि छत पर लगा स्पीकर मैट चेयरमैन के पास आ गिरा। यह घटना भारतीय पहलवान दीपक पूनिया के बाउट के ठीक बाद हुई। स्पीकर गिरने के बाद आयोजकों ने पूरे परिसर की जांच के आदेश दिये, और प्रतियोगिता को स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 : 45 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 5 :15 बजे) पुन: शुरू किया गया। एक कोच ने घटना के बारे में कहा, सभी सुरक्षित हैं। आयोजक किसी अवांछित घटना से बचने के लिये पूरी व्यवस्था की जांच कर रहे हैं।

### भविना ने फाइनल में पहुंचकर पदक सुनिश्चित किया

बर्मिंघम। भारत की पैरा टेबल–टेनिस खिलाड़ी भविना पटेल ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को महिला एकल क्लास 3–5 के फाइनल में पहुंचकर भारत के लिये पदक सुनिश्चित किया। पहली बार राष्ट्रमंडल खेल में भाग ले रही भविना ने सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड की स्यू बेली को तीन गेमों के मैच में 11–6, 11–6, 11–6 से हराया। भविना इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक खेल 2020 में रजत पदक जीत चुकी हैं।

### मनिका-साथियान, शरत-श्रीजा क्वार्टरफाइनल में

बर्मिंघम। मनिका बत्रा–साथियान ज्ञानसेकरन और शरत कमल–श्रीजा अकुला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को अपने–अपने शीर्ष–16 मैचों में जीत दर्ज की। मनिका–साथियान की जोड़ी ने नाइजीरिया के ओमोटायो ओलाहाइड और ओजोमो आयोके को 11–7, 11–6, 11–7 से हराकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। दूसरी ओर, शरत–श्रीजा ने मिश्रित युगल में भारतीय वर्चस्व को जारी रखते हुए मलेशिया के लियो ची फेंग और हो यिंग को चार गेमों के मैच में 5–11, 11–2, 11–6, 11–7 से मात दी।

### अल्टिमेट खो-खो लीग में आर्सेलर मित्तल निपोन स्टील करेगा ओडिशा जगरनॉट्स का प्रायोजन

भुवनेश्वर। आर्सेलर मित्तल निपोन स्टील (एएमएनएस) भारत की पहली खो–खो लीग अल्टीमेट खो–खो में ओडिशा जगरनॉट्स टीम को प्रायोजित करेगी। एएमएनएस ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने इस संबंध में ओडिशा खेल विकास एवं प्रोत्साहन कंपनी (ओएसडीपीसी) के साथ समझौता किया है। ओडिशा की खो–खो फ्रेंचाइजी अल्टिमेट खो–खो के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेगी, जो 14 अगस्त 2022 से शुरू होने जा रहा है। ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग के सचिव और ओएसडीपीसी के अध्यक्ष, आर विनील कृष्णा ने साझेदारी पर कहा, ओडिशा सरकार ने खेलों के विकास को प्राथमिकता दी है और बुनियादी ढांचे के विकास, आयोजनों की मेजबानी, खेल और खिलाड़ियों को प्रायोजित करने के मामले में कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

### महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में मनिका, श्रीजा

बर्मिंघम। भारत की शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को अपने–अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। गोल्डकोस्ट 2018 खेलों की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका ने शीर्ष–16 मैच में ऑस्ट्रेलिया की मिन्हयुंग जी को 11–4, 11–8, 11–6, 12–10 के सीधे गेमों में मात दी। दूसरी ओर, श्रीजा ने वेल्स की अपनी प्रतिद्वंदी शारलेट कैरी को नाटकीय मैच में 4–3 से मात दी। राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा ने सात गेमों के मैच में कैरी को 8–11, 11–7, 12–14, 9–11, 11–4, 15–13, 12–10 से हराया। पहले चार में से तीन गेम हारकर श्रीजा दबाव में थीं, लेकिन उन्होंने अगले तीन गेमों में शानदार वापसी करते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। इसी बीच, रीथ टेनिसन को शीर्ष–16 राउंड में मलेशिया की टी फेंग के हाथों 4–1 से हार मिली। फेंग ने पांच गेमों के मैच में टेनिसन को 11–2, 11–4, 9–11, 11–3, 11–4 से हराया।

### ओपन सेक्शन के सातवें राउंड में होगा भारत-ए और भारत-सी का सामना

मामल्लापुरम (तमिलनाडु)। देश की दो टीमें– भारत–ए और भारत–सी शुक्रवार को तमिलनाडु के मामल्लापुरम में जारी 44वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन के सातवें राउंड के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में आमने–सामने होंगी। इस मुकाबले की बात की जाए तो टीम ए का पलड़ा भारी दिख रहा है लेकिन यह भी अहम है कि भारत–सी टीम किसी भी उलटफेर में सक्षम है। टीम की रणनीति एक प्रमुख पहलू होगी क्योंकि यह देखा जाना बाकी है कि सबसे महत्वपूर्ण राउंड के लिए किन खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। टीम ए ने अब तक एक भी मैच नहीं गंवाया है और हर मैच में चढ़कर खेली है। विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी जैसे शीर्ष खिलाड़ी अपने लय में नहीं दिख रहे हैं। उधर, भारत–बी का मुकाबला क्यूबा से होगा। क्यूबा की टीम ने पिछले राउंड्स में कई टीमों को चौंकाया है। डी. गुकेश ने भारत–बी के लिए अब तक अजेय रहते हुए लगातार छह मैच जीते हैं। वह शानदार फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। भारत में पहली बार हो रहे इस वैश्विक इवेंट का अंतिम हाफ तीव्र और रोमांचक मुकाबलों से भरा होगा। और यह एक बड़ा सवाल है कि कौन सी टीमें इस अवसर पर आगे बढ़कर अधिक से अधिक अंक अपने नाम कर सकती हैं। ओलंपियाड के अंतिम कुछ राउंड्स में क्रम परिवर्तन और संयोजन अक्सर गड़बड़ा गए हैं, लेकिन एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि औसत रेटिंग से ऊपर का प्रदर्शन ही किसी भी टीम की पदक जीतने की संभावनाओं को बढ़ा सकता है।

# कुश्ती में भारत के लिए बरसे गोल्ड, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने जीता सोना

बर्मिंघम। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के 8वें दिन के मुकाबले चल रहे हैं। कुश्ती में भारत के दो गोल्ड आ गए हैं। साक्षी मलिक ने 62 KG फ्रीस्टाइल के फाइनल में कनाडा की गोडिनेज गोंजालेज को मात दे दी है। इससे पहले स्टार पहलवान बजरंग पूनिया पुरुषों के 65 KG फ्रीस्टाइल के फाइनल में कनाडा के लचलान मैकनील को 9–2 से मात दी है। इससे पहले उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के जॉर्ज रैम को 10–0 से हराया था। 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी बजरंग ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।वहीं, 2014 में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था।

### अंशु मलिक ने जीता सिल्वर

अंशु मलिक ने महिलाओं के 57 KG की वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता है। वहीं, गोल्ड मेडल नाइजीरिया की ओडुनायो अदेकुओरोये ने अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में अंशु को 7–3 से हराया। इससे पहले अंशु ने सेमीफाइनल में श्रीलंका की नेथमी पोरुथोटागे को 1 मिनट 4 सेकेंड में 10–0 से हराया था। वहीं, क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की इरेन सिमोनोडिस को 64 सेंकड में हराकर वो सेमीफाइनल में पहुंचीं थी।

कुछ ही देर में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाना है। दीपक पुनिया 86 चत्त फ्रीस्टाइल में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम से भिडेंगे। वहीं, पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने भारत के लिए एक मेडल पक्का कर लिया है।

1. दीपक पूनिया ने भारत के लिए कुश्ती में तीसरा मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में कनाडा के मुरे को 3–1 से हराया। इससे पहले 86 KG फ्रीस्टाइल में उन्होंने शेकू कससेगबामा 10–0 से मात दी थी।

2. मोहित ग्रेवाल ने पुरुषों के 125 KG फ्रीस्टाइल में कनाडा के अमरवीर ढेसी से हार गए हैं। उन्होंने मुकाबला 2–12 से गंवाया। अब वह ब्रॉन्ज मेडल के लिए खेलेंगे। इससे पहले उन्होंने साइप्रस के एलेक्सिस कोसिलिड्स को 10–1 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

टेबल टेनिस के मिक्स्ड डबल्स में मनिका बत्रा और साथियान को हार का सामना करना पड़ा है। मलेशिया के चूंग जवेन और लिन कारेन की जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 3–2 से हराया। भारतीय जोड़ी को 10–12, 11–9, 11–8, 7–11, 7–11 के अंतर से हारे। वहीं, मिक्स्ड डबल्स के एक अन्य मुकाबले में शरथ और श्रीजा की जोड़ी ने इंग्लैंड की जोड़ी को 3–2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय जोड़ी ने यह मैच 11–7, 8–11, 11–8, 11–13, 11–9 के अंतर से जीता।

### बैडमिंटन : किदांबी श्रीकांत और ने जीता अपना मैच


भारत ने बैडमिंटन में भी कमाल किया है। किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधु क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। श्रीकांत ने श्रीलंका के दुमिंदू अबेविक्रमा को 21–9, 21–12 से हराया तो वहीं, पीवी सिंधु ने युगांडा की हुसिना कोबुगाबे को 21–10, 21–9 से हराया।

### टेबल टेनिस : शरत कमल प्रीत क्वार्टर फाइनल में पहुंचे


टेबल टेनिस में पुरुष एकल के मुकाबले में शरत कमल ने ऑस्ट्रेलिया के फिन लू को 4–0 के से हरा दिया है। इसी के साथ शरत क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

भारत का एक मेडल और पक्का हो गया है। पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने विमेंस WS क्लास 3–5 इवेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने इंग्लैंड की सुई बुले को 11–6, 11–6, 11–6 से हराया। अब वे गोल्ड मेडल मैच खेलेंगे। इस बीच भारतीय मेंस टीम ने 4×400 मीटर इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। इस टीम ने हीट–2 में दूसरे नंबर पर रहते हुए फाइनल में जगइ बनाई है। इस रेस को म ो . अनस, मोह निर्मल,

अमोज जैकब और मो. वरियाथड़ी की चौकड़ी ने 3.06.97 मिनट में पूरा किया।



# सिंधु, श्रीकांत संग त्रिशा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में




बर्मिंघम। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को महिला एवं पुरुष एकल के क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी, जबकि त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीनाथ की जोड़ी महिला युगल क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। गोल्डकोस्ट 2018 खेलों की रजत पदक विजेता सिंधु ने शीर्ष–16 मैच में युगांडा की हसीना कोबुगाबे को 21–10, 21–9 के सीधे गेमों में मात दी। दूसरी ओर, थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीकांत ने प्री–क्वार्टरफाइनल मैच में श्रीलंका के दुमिंदु आबेविक्रम को 21–9, 21–12 से हराया।

इससे पहले, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मौरिशियस की जेमिमाह लियुंग फोर सांग और गणेशा मुंगराह को मात देकर शीर्ष–8 में कदम रखा था। त्रिशा–गायत्री की जोड़ी ने जेमिमाह–गणेशा को आसानी के साथ 21–2, 21–4 से हराया था।

### शरत-श्रीजा सेमीफाइनल में, साथियान-मनिका बाहर

बर्मिंघम। अचिंता शरत कमल और श्रीजा अकुला की मिश्रित युगल टेबल टेनिस जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को इंग्लैंड के टिन–टिन हो और लायम पिचफर्ड को 3–2 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। शरत–श्रीजा की भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में 2014 और 2018 खेलों की सिल्वर मेडलिस्ट जोड़ी को पांच मैचों के गेम में 11–7, 8–11, 11–8, 11–13, 11–9 से मात दी। पिचफर्ड–हो की जोड़ी ने पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन शरत के फोरहैंड और श्रीजा के स्लाइस का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। भारत में होने वाले फीफा अंडर–17 महिला विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुक्रवार को शुरू हुई। ओडिशा के भुवनेश्वर में 11 अक्टूबर से होने वाले विश्व कप के सभी मैचों के टिकट प्रशंसकों के लिये तीन महीने पहले ही उपलब्ध करवा दिये गये हैं।

नयी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक विशेष मैच के बाद आधिकारिक तौर पर टिकटों की बिक्री शुरू की गई। इस लीजेंड्स मैच में फीफा लीजेंड और दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, पूर्व अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम स्टार



लिंडसे टारप्ले शामिल रहीं।

आशालता देवी, सुनील छेत्री, गुरप्रीत सिंह संधू और अदिति चौहान सहित भारतीय महिला और पुरुष फुटबॉल सितारे भी मैच का हिस्सा रहे।

इसके अलावा, फीफा अंडर –17 महिला विश्व कप भारत 2022 की ट्रॉफी भी मैच के दौरान प्रदर्शन पर थी और भाग लेने वाले बच्चों को उसके साथ पोज देने का मौका मिला।

फीफा दिग्गज लिंडसे टारप्ले ने आयोजन के बाद कहा, फीफा युवा टूर्नामेंट में खेलना मेरे करियर के साथ–साथ यूएसए और दुनिया भर के कई अन्य सितारों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और यादगार पल था। फीफा अंडर–17 महिला विश्व कप 2022 भारत और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए न केवल उस रोमांचक आयोजन का हिस्सा बनने का, बल्कि कुछ सबसे उज्ज्वल उभरते हुए सितारों के समर्थन का भी अवसर होगा।

## नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन का अमेरिका पर पलटवार

# कई अहम बैठकों को किया रद्द

बीजिंग। अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से चीन तिलमिला गया है। चीन ने शुक्रवार को कहा कि वो अमेरिका के साथ कई रक्षा बैठकों को रद्द कर दिया है। यहां तक अमेरिका के साथ होने वाली प्रमुख जलवायु वार्ता को भी स्थगित कर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में पेलोसी के ताइवान दौरे को उकसावे वाली कार्रवाई करार दिया गया है। इसमें कहा गया कि यह कदम चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है।

चीनी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, पेलोसी की ताइवान यात्रा की प्रतिक्रिया में चीन ने जलवायु परिवर्तन, सैन्य मुद्दों, एंटी ड्रग्स एक्शन पर अमेरिका के साथ वार्ता को रोका दिया है। चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया के दो सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक ने पिछले साल ग्लासगो में



COP26 शिखर सम्मेलन में एक जलवायु समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने इस दशक में जलवायु परिवर्तन के लिए तेजी से एक्शन लेने और मिलकर काम करने का संकल्प लिया था।

### ताइवान को अपना हिस्सा मानता है चीन

दरअसल, चीन स्व–शासित और लोकतांत्रिक ताइवान को अपने क्षेत्र के हिस्से के रूप में देखता है। पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन ने बमबारी की धमकियों और सैन्य अभ्यासों के साथ अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। स्वशासी द्वीप में नौसेना के जहाज और युद्धक विमान भेजे हैं तथा वहां मिसाइलें दागी हैं।

हालांकि, ताइवान की ओर से कोई सैन्य प्रतिक्रिया तो नहीं देखने को मिली लेकिन, राष्ट्रपति का एक बयान जरूर सामने आया।

राष्ट्रपति ने कहा कि चीन ताइवान के आसपास के इलाकों में मिलिट्री ड्रील कर रहा है। ऐसे समय में अब बीजिंग से संयम से काम करने की अपील करते हैं। हम हर कीमत पर अपनी संप्रभुता, अपने लोकतंत्र की रक्षा करने वाले हैं।

### जापान के साथ विदेश मंत्रियों की बैठक रद्द कर दी थई

इससे पहले चीन ने बृहस्पतिवार को जी–7 देशों के बयान के विरोध में जापान के साथ विदेश मंत्रियों की एक बैठक रद्द कर दी थी। जी–7 ने बयान में कहा था कि चीन के सैन्य अभ्यासों का कोई औचित्य नहीं है। चीन ने इससे पहले पेलोसी की यात्रा पर विरोध दर्ज कराने के लिए अमेरिका के राजदूत निकोलस बर्न्स को समन भेजा था।

### सुनक और ट्रूस ने किये ब्रिटेन में मंदी की चेतावनी से निपटने के अपने अपने दावे

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार ऋषि सुनक और लिज ट्रूस बैंक ऑफ इंग्लैंड की आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी से निपटने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक योजनाओं को लेकर अपने अपने दावे कर रहे हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट में स्काई न्यूज टीवी पर आये एक कार्यक्रम के हवाले से बताया गया कि हाल ही में एक चर्चा के दौरान श्री सुनक ने कहा कि सुश्री ट्रूज ने कर कटौती की जो बात कही है वह मुद्रास्फीति के लिए आग में घी का काम करेगी क्योंकि ट्रूस यह मानना है कि अगर सहासी फैसले किये गये तो आर्थिक मंदी आये ही यह जरूरी नहीं है। दूसरी ओर गुरुवार को बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दरों में 1.25 से 1.75 की सर्वाधिक वृद्धि करते हुए इसे पिछले तीन दशकों के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा दिया। बैंक की ओर से यह फैसला देश में आसमान छूती महंगाई को कम करने के एक प्रयास के रूप में किया गया।

# ताइवान के करीब से गुजरे चीन के 68 विमान और 13 युद्धपोत

ताइपे। चीन की सेना के 68 विमान और 13 युद्धपोत शुक्रवार को ताइवान के करीब से होकर गुजरे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने ये जानकारी दी। ताइपे की सेना ने कहा कि चीनी सेना के 68 लड़ाकू जेट और 13 युद्धपोतों ने शुक्रवार के सैन्य अभ्यास के दौरान ताइवान जलडमरूमध्य को बांटने वाली मध्य रेखा को पार किया। रक्षा मंत्रालय ने अपने ताजा बयान में कहा, (हम) कम्युनिस्ट सेना की जानबूझकर जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करने और ताइवान के आसपास समुद्र और हवा में सैन्य अभ्यास करने की निंदा करते हैं।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैन्सी पेलोसी के ताइपे दौरे से चीन भड़का हुआ है। उसने अपनी



ताकत दिखाने के लिए ताइवान जलडमरूमध्य में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास में विमानवाहक पोत और परमाणु क्षमता से लैस पनडुब्बी तैनात की है। पेलोसी की ताइवान यात्रा पर चीन ने सख्त आपत्ति जताई थी। चीन ताइवान को अपने देश का हिस्सा मानता है।

चीन ने कहा है कि पिछले दो दिनों में ताइवान के आसपास 100 से अधिक लड़ाकू विमानों और 10 युद्धपोतों ने बड़े पैमाने पर हुए सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया है। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, ताइवान के तट के पास छह क्षेत्रों में चलाए जा रहे 'संयुक्त अवरोध अभियान' में लड़ाकू विमानों से लेकर बमवर्षक विमानों, विध्वंसक जहाजों और युद्धपोतों तक का इस्तेमाल किया गया।

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की नौसेना रिसर्च एकेडमी के एक सीनियर रिसर्च फैलो झांग जुंशे ने सरकार के नियंत्रण वाले अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' को बताया कि बृहस्पतिवार से रविवार तक ताइवान के आसपास अभ्यास में उसका पहला विमान वाहक पोत हिस्सा लेगा, जो एक समुद्री बहुआयामी युद्ध प्रणाली स्थापित करेगा।

### श्रीलंका में बढ़ी अराजकता : पूर्व डीआईजी

**कोलम्बो।** श्रीलंका में जबरदस्त तरीके से खराब हुए आर्थिक हालातों के बीच नशे का व्यापार अपनी जड़े जमाने लगा है और पुलिस को इस पर नियंत्रण पाने में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। सेवानिवृत्त पुलिस उप महानिरीक्षक प्रियंता जयकोडी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा पुलिस के पास अब संगठित अपराध से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, जिसके कारण हाल के महीनों में नशे के व्यापार से जुड़े गिरोहों से संबंधित घटनाएं तेजी से बढ़ रहीं हैं। द आइसलैंड समाचापत्र ने श्री जयकोडी को हवाला देते हुए कहा कि जब तक आर्थिक संकट छाया रहेगा, अपराध की दर बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा, यह स्वाभाविक है। समस्या हालांकि यह है कि पुलिस को अब वह काम सौंपे जा रहे हैं ,जो पहले कभी उन्होंने नहीं किये हैं। पूर्व पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि देश भर के पुलिस थानों से अब राज्य और निजी स्वामित्व वाले संस्थानों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किये जाने की संभावना है। पुलिसकर्मी अब उस जन विरोध को दबाने में लगे हैं और उनके लिए यही आज का आदेश बन गया है।

### श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों को विरोध स्थल से हटाने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया

कोलंबो। श्रीलंका में सरकार विरोधी कई प्रदर्शनकारी महीनों से कोलंबो सैरगाह में जमे हुए थे उन्होंने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन स्थल से उन्हें हटाने के विरोध में अदालत में याचिका दायर की है। द आइलैंड समाचार पत्र ने शुक्रवार को बताया कि कोर्ट ऑफ अपील में चार याचिकाएं दायर की गई है। इससे पहले पुलिस ने इन समूहों को समुद्र किनारे गाले फेस ग्रीन परिसर को खाली करने के लिए लिखित और मौखिक रूप से आदेश जारी किए थे। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि पुलिस के निर्देशों ने उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है और अदालत से कहा कि वह उनकी याचिकाओं पर सुनवाई तक इस पर रोक लगाएं। मौजूदा समय में श्रीलंका के आर्थिक संकट से जूझ रहो है और इसका विरोध किया जा रहा है तथा राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को नौ जुलाई को देश से भागने के लिए मजबूर कर दिया और राष्ट्रपति भवन और अन्य कई महत्वपूर्ण संस्थाओं पर प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर लिया था।

### चीन की कार्रवाई बहुत उकसाने वाली

ताइपे। ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने अमेरिका के तीसरी सबसे बड़ी नेता व प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पिलोसी की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और इसके जवाब में चीन द्वारा शुरु किए गए सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की। श्री वू बीबीसी से शुक्रवार को बात करते हुए चीन की ओर से की गयी कार्रवाई को बहुत उकसाने वाला तथा एशिया में शांति और स्थिरता लिए बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि ताइवान चीन के सपनों के विस्तार का आखिरी टुकड़ा नहीं है। उनका यह बयान चीन के मिसाइल प्रक्षेपण किये जाने के बाद आया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने गुरुवार को चीन द्वारा ताइवान के ऊपर से मिसाइल दागने की बात पर कोई टिप्पणी नही की। वाशिंगटन में जापानी दूतावास ने कहा कि उसका मानना है कि चीन द्वारा दागी गई चार मिसाइलें द्वीप की राजधानी ताइपे के ऊपर से गुजरी थी।

### कैलीफोर्निया में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत, नौ घायल

लॉस एंजिल्स। अमेरिका के कैलीफोर्निया के लॉस एंजिल्स में कई वाहनों के आपस में टकराने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई जबकि नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लॉस एंजिल्स काउन्टी के अग्निशमन विभाग ने ट्वीट किया कि लॉस एंजिल्स काउंटी फायर डिपार्टमेंट ने एक ट्वीट में कहा कि दुर्घटना गुरुवार दोपहर बाद (स्थानीय समयानुसार) करीब 1:41 बजे हुई, उस दौरान ला ब्रे एवेन्यू पर दक्षिण की ओर जाते हुए एक मर्सिडीज कूप स्लॉसन एवेन्यू में करीब छह वाहनों से जा टकराई, इनमें से तीन वाहनों में आग लग गई। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि नौ अन्य घायल हो गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# माँ के व्यवहार पर निर्भर है शिशु का तेज दिमाग

नई बनी मां कृपया ध्यान दें। क्या आप अपने लाड़ले से सकारात्मक सहयोग रखती हैं। यदि नहीं तो आज से अपने बच्चे के प्रति आप सहयोग की भावना रखें। ऐसा करने से आपके लाड़ले का दिमाग तेज रहेगा और जीवन भर तनाव से भी दूर रहेगा। यह बात हम नहीं बल्कि एक ताजा अध्ययन में कही गई है। वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक जो महिलाएं अपने नवजात बच्चे के प्रति ज्यादा शिष्ट रहती हैं उनके बच्चों के दिमाग के हिप्पोकेंपस क्षेत्र में ज्यादा नर्व कोशिकाएं बनती हैं जिससे बच्चे का दिमाग तेज होता है। हिप्पोकेंपस का सीधा संबंध याददाश्त और भावना से होता है। हालांकि इस अध्ययन में यह साबित नहीं हो सका कि मां के व्यवहार से बच्चे का ब्रेन साइज बाद में बड़ा होता है लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि मां का बच्चे के प्रति सकारात्मक व्यवहार ब्रेन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शोधकर्ताओं ने 92 बच्चों पर प्री-स्कूल से लेकर ग्रेड स्कूल तक अध्ययन किया। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बच्चों पर माता-पिता के सहयोग के स्तर का विश्लेषण किया। इसमें 7 से 13 साल तक के बच्चों को शामिल किया गया था। बच्चों को एक टास्क पूरा करने के लिए कहा गया। बच्चों के माता-पिता को इस अध्ययन के बारे में नहीं बताया गया था। इसके बाद बच्चों का ब्रेन स्कैन किया गया। अध्ययन में देखा गया कि जिन बच्चों के माता-पिता ने ज्यादा सहयोगात्मक दृष्टिकोण रखा उनमें तनाव का स्तर एकदम कम था। इसके अलावा इन बच्चों में हिप्पोकेंपस भी बड़ा देखा गया। अध्ययन में हालांकि यह भी देखा गया कि जिन बच्चों में पहले से तनाव के संकेत थे उनमें माता-पिता के इस सहयोग का ज्यादा असर नहीं पड़ा। प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर जॉन लुबी के अनुसार इस असर का महत्व यह है कि ब्रेन के हिप्पोकेंपस में याददाश्त, भावनाओं का नियमन और तनाव का स्तर जुड़ा होता है। इसमें स्वस्थ सामाजिक मेलजोल की कुंजी छुपी है। उन्होंने कहा कि इस अध्ययन से शुरुआती माता-पिता के व्यवहार को सहयोगात्मक बनाने में मदद मिलेगी।



## नोज पिन सौंदर्य में लगाए चार चांद

समय बदलता है तो उसके साथ ही फैशन भी बदलता है जो हमेशा कुछ नया लिए होता है। चाहे ड्रेसेज हों या ज्वैलरी, आए दिन इनमें कुछ नए ट्रेंड मिलते ही हैं। इस नएपन की चाल में हमारी बॉलीवुड एक्ट्रेसेज का बडा योगदान रहता है और वे जो कुछ भी नई चीज ट्राई करती हैं वही उस समय का फैशन बन जाता है। नोज पिन- हिंदी में इसे नथ कहते हैं व इसे पहनने की प्रथा बहुत पुरानी है। शादी में तो नथ को ही स्पेशल माना जाता है। फिर वह साइज में बड़ी हो या छोटी, पहननी ही पड़ती है। मुस्लिमों में तो लड़के वालों की तरफ से लड़की को गहने और कपड़ों के साथ नथ भी भेजी जाती है व लड़की जब नथ पहन लेती है तभी निकाह होता है। नोज पिन की वैराइटी नोज पिन कई वैराइटी में आने लगी हैं। ये आपको राउंड शेप में मिल सकती हैं, घुंघरू लगी नथ,नगों की लड़ी से सजी नथ, मल्टीकलर में स्टार शेप की नथ, अर्द्ध चंद्राकार नथ, बतख या रोज की आकृति की नथ, थ्री स्टोन नथ आदि-आदि कई आकार व प्रकार में सुलभ हो सकती हैं। इन नोज पिन को आज फैशन वर्ल्ड में एक अलग पहचान मिल रही है और मिले भी क्यों नहीं, इसे पहनने के बाद गर्ल्स हों या शादीशुदा महिलाएं, खुद को सेलिब्रिटी सा महसूस करती हैं। चाहे कोई लड़की कॉलेज जा रही हो या कोई विवाहिता किसी शादी या पार्टी में जा रही हो, चाहे उसने साड़ी पहनी हो या शलवार-कमीज या लहंगा-चोली, नोज पिन उनके सौंदर्य में चार चांद लगा देती है। लड़कियों में तो नोज पिन का केज बढ़ता ही जा रहा है। लाभ भी हैं नोज पिन के इसे पहनने से जुकाम या नाक संबंधी रोग कम ही होते हैं। नोज पिन से सूंघने की शक्ति तेज होती हैं। अक्सर पानी में काम करने वाली भी इसे आराम से पहन सकती हैं, उन्हें कफ आदि विकार कम होंगे।





# फैशन में इन पेंसिल स्कर्ट और न्यूड शूज

**नए और हॉट ट्रेंड के हिसाब से युवतियों की खास पसंद बन चुकी पेंसिल स्कर्ट अब पार्टीज से लेकर कॉलेज तक में दिखाई देने लगी है। वहीं न्यूड शेड के फुटवेयर का क्रेज तो सभी महिलाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। सेलिब्रिटीज भी आजकल इस ट्रेंड पर मोहित नजर आ रही हैं।**

स्मार्ट और ट्रेंडी लुक के साथ ही पेंसिल स्कर्ट आपको एलीगेंट लुक भी देती है। चाहे सिंपल सफेद शिफॉन शर्ट के साथ पहनें या फिर प्रिंटेड टीशर्ट के साथ, यह स्कर्ट हर तरह से फबती है। इसे मुख्य तौर पर नी लेंथ तथा बैक स्लिट के साथ पहना जाता है। वैसे सामान्यतः पेंसिल स्कर्ट का उपयोग छरहरी काया वाली युवतियां ही ज्यादा करती हैं, लेकिन नी लेंथ वाली थोड़ी लूज फिटिंग की पेंसिल स्कर्ट ब्रॉड फ्रेम वालों पर भी बेहद जंचती है। नी लेंथ वाली पेंसिल स्कर्ट को आप पार्टीज या ऑफिस कहीं भी पहन सकती हैं।

कॉर्पोरेट ड्रेसिंग के तौर पर तो इसका प्रयोग बहुत आम है, वहीं फ्लाइट अटेंडेंट्स तथा हॉस्पिटलिटी जैसे प्रोफेशन से जुड़ी युवतियों के ड्रेस कोड में भी यह अक्सर शामिल होती है।

ऑफिस वेयर के हिसाब से जहां प्लेन पेंसिल स्कर्ट अच्छी लगती है, वहीं कैजुअल ड्रेस के तौर पर प्रिंटेड, स्ट्राइप्स वाली तथा कलरफुल स्कर्ट्स का उपयोग सहजता से किया जा सकता है। इसका मोटा फैब्रिक तथा फिटिंग आपको कॉन्फिडेंट बनाती हैं और स्मार्ट लुक देती हैं।

न्यूड शेड्स वे सारे शेड्स हैं, जो बेहद सादे और आपकी त्वचा की रंगत से मेल खाते हों। इनमें खाकी, ब्राउन, बैज आदि शामिल हो सकते हैं। साथ ही आजकल सिल्वर, मैटेलिक, ग्रे आदि रंगों को भी इनमें मिक्स करके एक नया इफेक्ट पैदा किया जाता है।

न्यूड शेड फुटवेयर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे किसी भी तरह के और किसी भी कलर-शेड के परिधान के साथ मैच किया जा सकता है। ये सलवार सूट के साथ भी उतने ही सुंदर दिखते हैं, जितने कि जींस या फिर शॉर्ट ड्रेस के साथ। यही नहीं इन्हें आप प्लेन या प्रिंटेड, किसी भी तरह के फैब्रिक के साथ पहन सकती हैं। यानी ये हर तरह से काम आते हैं।

अगर आपके कलेक्शन में एक पेयर न्यूड फुटवेयर का है तो आप इन्हें कई तरह से इस्तेमाल कर सकती हैं। न्यूड शेड में हाई हील सैंडल्स, शूज, बैलेरीना, फ्लैट्स या प्लेटफॉर्म कोई भी स्टाइल पैरों पर अच्छी लगती है। इन फुटवेयर्स का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इनमें आपके पैर लंबे दिखाई देते हैं।

यही नहीं तीखे कलर वाले नेलपेंट के साथ यह और भी खूबसूरत दिखाई देते हैं। आजकल न्यूड के साथ रेड, ऑरेंज, गोल्ड तथा ऐसे ही भड़कीले रंगों का हल्का-सा टच देकर भी फुटवेयर बनाए जा रहे हैं, जो बेहद सुंदर दिखाई देते हैं।

# हर नारी की आवाज़ है फिल्म 'नार का सुर'

### नारी शक्ति की मिसाल पेश करने वाली 12 नारियों की 24 कहानियां बनेंगी प्रेरणा

इन दिनों आगामी 5 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म नार का सुर काफी चर्चा में है। खासकर सोशल मीडिया पर इस फिल्म को दर्शकों का काफी प्यार और प्रोत्साहन देखने को मिल रहा है। 2 जुलाई को रिलीज हुए ट्रेलर को देखने के बाद देश की कई बड़ी-बड़ी हस्तियों नें इस फिल्म में अपनी उत्सुकता जाहिर की है। फिल्म जगत से लेकर राजनीति और कला जगत से जुड़ी हस्तियों नें अपने वीडियो शेयर कर इस फिल्म के मेकर्स को बधाई दी और लोगों से आगामी 5 अगस्त को सिनेमाघरों में जाकर इस फिल्म को देखने की अपील की। ट्रेलर लान्च होते ही ट्विटर पर भी ये छाया रहा और ट्विटर पर #NaarKaSurTrailerReleased ट्रेंड करता रहा। नार का सुर में फिल्माए गए अनोखे कबड्डी के खेल ने ऑडिएंस को काफी रोमांचित किया है।

नारियों को कमजोर समझने वालों के मुंह पर तमाचा होगी यह फिल्म।

जब भी किसी नारी के आत्मसम्मान या उसके परिवार पर कोई आंच आती है तो नारियाँ सदैव ही आगे आकर नेतृत्व करती हैं। नारी स्वयं में शक्ति की परिचायक हैं लेकिन समाज के एक तबके के लोग नारियों को कमजोर समझने की भूल करते हैं। मेकर्स का मानना है कि ये फिल्म ऐसे संकुचित मानसिकता वाले लोगों के गाल पर तमाचा साबित होगी और नारी शक्ति की मिसाल पेश करेगी।

#### फिल्म में नहीं कास्ट किया कोई बड़ा स्टार

गौरतलब है कि इस फिल्म में



आपको लगभग सभी नए चेहरे दिखाई देंगे। फिल्म के मेकर्स नें नामी एक्टरों के बजाय नए चेहरों को मौका देकर बॉलीबुड में डेब्यु कराया है। फिल्म के डायरेक्टर कुलदीप कौशिक कहा उन्हें स्टार नहीं उम्दा एक्टरों की तलाश थी और ये तलाश हमें भारत के कोने—कोने तक ले गई।

इस फिल्म के एक्टर्स देश के कोने-कोने से चुने गए हैं। इन सभी एक्टर्स को एक जगह लाकर फिल्म शूट करना काफी मेहनत का काम था लेकिन हमारी मेहनत का नतीजा है कि आज लोग इस फिल्म की चर्चा कर रहे हैं। हमें उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि यह फिल्म लोगों तक पहुंचेगी और समाज पर अपना प्रभाव छोड़ने में कामयाब होगी।' '-कुलदीप कौशिक ने आगे कहा।

#### 12 नारियों की 24 कहानियां बनेंगी नारी शक्ति की मिसाल

फिल्म के मेकर्स ने बताया कि इस फिल्म में 12 नारियों की 24 कहानियां हैं। हर नारी दो-दो मोर्चे पर संघर्ष कर रही होती है। पहला मोर्चा उसके घर का होता है और दूसरा मोर्चा घर के बाहर का होता है। दोनों फ्रंट पर नारियां जिस तरह से संघर्ष करती हैं वो नारी शक्ति की एक मिसाल बनेगी।

#### मेल और फीमेल में कबड्डी ने दोगुना किया रोमांच

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में पहली बार ऐसा हो रहा है जिसमें किसी खेल में महिला वर्सेज पुरुष टीम की भिडंत दिखाई गई है। कबड्डी अपने आपमें एक दमदार खेल है और इस फिल्म में मेल वर्सेज फीमेल का अनोखा कबड्डी का खेल होने से फिल्म को लेकर दर्शकों में रोमांच दो गुना हो गया है।

#### ललित परिमू और मन्नत सिंह ने की है दमदार एक्टिंग


शक्तिमान धारावाहिक के डॉ. जैकाल के रूप में मशहूर जाने माने अभिनेता ललित परिमू इस फिल्म में विलेन का किरदार निभा रहे हैं। उनकी दमदार डायलॉग डिलिवरी और एक्टिंग का जादू ट्रेलर देखने के बाद से ही दर्शकों पर छा गया। वहीं पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री मन्नत सिंह भी मुख्य भूमिका में दिखेंगी। अपने कड़क अंदाज के लिए मन्नत सिंह को भी काफी पसंद किया जा रहा है।

# अनमोल बिस्किट के उद्योगपति की तृतीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह का विशाल आयोजन

**कपिल शर्मा/गौरवशाली भारत**

नॉंगल चौधरी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के उद्योगपति और समाजसेवी भामाशाह अवकाशप्राप्त बैजनाथ चौधरी की तीसरी पुण्यतिथि पर मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर समारोह का विशाल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महेन्द्रगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि स्वरूप पहुंचे विधायक डॉ. अभय सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि नगरपालिका चेयरमैन प्रिया सैनी और अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के उद्योगपति और समाजसेवी भामाशाह स्वर्गीय बैजनाथ चौधरी के पुत्र गोविंद राम चौधरी अनमोल इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर समेत जिला महेंद्रगढ़ से पहुंचे राजकीय मॉर्डन संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य पवन भारद्वाज, नारनौल से राजकीय मॉर्डन संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश मोरवाल, नांगल चौधरी के एडिशनल चार्च खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं ग्राम मांदी के रा.व.मा. विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश यादव और नांगल चौधरी थाना समीप राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विकास जयदीप ने समारोह में शिरकत किया। यह कार्यक्रम राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विक्रम सिंह रोहिल्ला की देख-





रेख में किया गया। भामाशाह अवकाशप्राप्त बैजनाथ चौधरी की तृतीय पुण्यतिथि उपलक्ष्य विद्यालय मंच पर लगी भामाशाह की तस्वीर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर गरीब असहाय और मेधावी छात्राओं को पारितोषिक एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। प्रत्येक स्कूल में प्रथम आने वाले विद्यार्थी सीबीएसई दसवीं की टॉपर को 21 हजार रुपये और हरियाणा बोर्ड के तीनों संकाय कला, विज्ञान, वाणिज्य की विद्यार्थियों को 11/21 हजार रुपये राशि और प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह व मेडल से सम्मानित किया गया।

इसमें राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की पहली से नौवीं कक्षा तक की प्रथम आने वाली 10 छात्राओं को पारितोषिक दिया गया साथ ही राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा पहली से नौंवी के 9 छात्रों को भी पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी भामाशाह स्वर्गीय बैजनाथ चौधरी ट्रस्ट द्वार स्वतंत्रता दिवस उपलक्ष्य आजादी के 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए करीब चार सौ राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किए गए।

इस समारोह की शोभा में राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय के मुख्यद्वार पर अतिथियों हेतु स्वागत रंगोत्सव से रंगोली बनाई साथ ही मंच पर स्वागत संगीत गायन प्रस्तुत किया। इस सराहनीय प्रस्तुति के लिए विधायक द्वारा ईक्यावन सौ रुपये और नगरपालिका चेयरमैन द्वारा इक्कीस सौ रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान जिला रेड क्रॉस समिति नारनौल द्वारा भारत विकास परिषद शाखा के सहयोग से रक्त कोष टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया।

भा.वि. परिषद के सौजन्य से यह रक्तदान शिविर आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें पचास यूनिट लक्ष्य को चीरते हुए 66 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसमें रक्तदाताओं द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया गया। रक्तदान शिविर में थाना प्रभारी रामनाथ समेत स्टॉफ़ कर्मचारी हंसराज, हितेश, प्रदीप ने रक्तदान किया। इस तृतीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं में रक्तदान को लेकर प्रतिस्पर्धा दिखाई दी। रक्तकोष टीम में बलवंत देशराज, लैब टेक्निशियन विक्रम यादव, मदनलाल द्वारा रक्त लिया गया। भारत विकास परिषद शाखा अध्यक्ष जगदेव शर्मा के दिशानिर्देशानुसार सदस्य/कार्यकर्ता एवं दायित्व धारियों द्वारा रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र एवं गिफ्ट प्रदान करते हुए फ्रूट जूस, मैंगो फ्रूटी और दूध पिलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए भा.वि. परिषद प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा भी उपस्थित हुए और उन्होंने टीम का मार्गदर्शन किया। भा.वि. परिषद कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व परिषद अध्यक्ष हेमंत कुमार, परिषद संरक्षक सुभाष शर्मा, नगर पार्षद मुकेश शर्मा, परिषद सदस्य सत्यवीर स्वामी, अंजली शर्मा आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

दानवीर भामाशाह अवकाशप्राप्त बैजनाथ चौधरी की तृतीय पुण्यतिथि उपलक्ष्य इस समारोह में कोलकाता से पहुंचे गोविंद राम चौधरी ने बच्चों को जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित करके कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरणादायक शब्द कहे। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को नैतिक रूप से भी सफल बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए छात्रों को भविष्य में राजकीय समाज सेवा में अपना अहम योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम की देखभाल मध्य विद्यालय के प्राचार्य विक्रम सिंह रोहिल्ला ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथि गण का धन्यवाद किया साथ ही विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं से भी अवगत कराया। जिसमें छात्राओं के लिए पुस्तकालय आदि सुविधाओं के नहीं होने के बारे में बताया।

इस विशेष अवसर पर मंच संचालन की व्यवस्था का कार्य संभालते हुए अध्यापक प्रवक्ता राजकुमार, डीपीई अशोक, अध्यापिका सरिता, सुनिता, वाणिज्य प्रवक्ता शीला, अध्यापिका शालिनी, इतिहास प्रवक्ता मुख्त्यार सिंह, करतार, अंग्रेजी प्रवक्ता देवेन्द्र कुमार, रविन्द्र चौधरी, डीपीई पंकज राठी समेत अन्य विद्यालय स्टॉफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।